CMYK

ताममान अधिकतम :26°C
न्यूनतम : 11°C

सेंसेक्स निफ्टी
74,332.58
22,552.50

सोना चांदी
88,620
99,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, सोमवार 10 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 106 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2081

9 रमजान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


# भारत तीसरी बार बना चैंपियंस ट्रॉफी विजेता




## रोहित के शेरों ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से दी शिकस्त

**दुबई, वार्ता**

**टीम इंडिया ने** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 9 महीनों के अंदर दूसरी ट्रॉफी उठा ली है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी फिर से जीत ली है।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार 9 मार्च को खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने बेहतरीन गेंदबाजी और कप्तान रोहित शर्मा की दमदार पारी की मदद से न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने 25 साल पहले इसी टूर्नामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया। साथ ही सबसे ज्यादा बार ये ट्रॉफी अपने नाम करने का रिकॉर्ड भी बना लिया। करीब 9 महीने पहले रोहित शर्मा की कप्तानी में ही टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर सालों से चले आ रहे सूखे को खत्म किया था। उस जीत ने सिर्फ इंतजार ही खत्म नहीं किया बल्कि टीम इंडिया की भूख को और बढ़ा दिया। इसका ही असर चैंपियंस ट्रॉफी में देखने को मिला, जहां फिर से रोहित की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया और बिना कोई मैच गंवाए खिताब पर कब्जा कर लिया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एक बार फिर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे, लेकिन नतीजा भी वही हुआ, जो पिछले 4 मैचों में टॉस हारने के बाद हुआ था। एक बार फिर भारतीय स्पिनर्स ने रनों की रफ्तार पर लगाम कसी और टीम को सफलता दिलाई। वरुण चक्रवर्ती (2/45) ने पहली सफलता दिलाई, जबकि असली कमाल किया कुलदीप यादव (2/40) ने। पूरे टूर्नामेंट में अपनी बॉलिंग में निरंतरता की कमी के कारण आलोचना झेल रहे कुलदीप ने पहली ही गेंद पर रचिन रवींद्र (37) को बोल्ड कर दिया। फिर अगले ही ओवर में केन विलियमसन का विकेट भी हासिल कर लिया। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

**चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय रहा भारत**

- टीम इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती
- रोहित की कप्तानी में नौ महीने में दूसरा आईसीसी खिताब अपने नाम किया
- रोहित बने प्लेयर ऑफ द मैच व न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए

## नौवां रोज़ा

### ज़कात का ज़ेवर है नौवां रोज़ा

इस्लाम मजहब में ज़कात की बड़ी अहमियत है। कुरआने-पाक के पहले पारे में अल्लाह का इरशाद है, और नमाज कायम रखो और ज़कात दो और रुकूअ करने वालों के साथ रुकूअ करो। ज़कात, दोस्ती का दस्तावेज तो है ही, रोज़े का ज़ेवर भी है। ज़कात का ज़ेवर रोज़े की ज़ैब-ओ-ज़ीनत बढ़ाता है। ज़कात में दिखावा नहीं होना चाहिए। ज़कात का दिखावा, 'दिखावे' की ज़कात बन जाएगा। दिखावा शैतानियत का निशान है, इंसानियत की पहचान नहीं। रोज़ा पाकीज़गी का परचम और इंसानियत का हमदम है। इसलिए इंसानियत भी। रूहानियत की ताकत है रोज़ा, रोज़े की ताकत है ज़कात। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फर्माया, रोज़ा रखते हुए शख्स को बुरी बात कहने से बचना चाहिए, यह भी ज़कात है।






## दिल्ली पुलिस ने राजा भैया के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली।** यूपी के कुंडा से विधायक राजा भैया उर्फ रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया है। पत्नी ने राजा भैया पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जिसके बाद दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने सालों तक मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेली है।

# बागपत में ऑनर किलिंग

## प्रेमी संग बेटी को देख पिता ने रस्सी से घोंट दिया दोनों का गला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**बागपत।** बागपत में ऑनर किलिंग की घटना सामने आई है। इसमें एक पिता ने अपनी बेटी की गला घोंट कर हत्या कर दी। वहीं मौके पर ही उसके प्रेमी का भी गला घोंट डाला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

वहीं प्रेमी जोड़े का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना रविवार की सुबह बागपत में बड़ौत कस्बे से सटे एक गांव की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक लड़की और लड़के के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अक्सर छुप-छुपकर मिलते थे। कानोकान यह खबर पूरे गांव में, तो फैल गई थी, लेकिन लड़की के पिता बेखबर थे। इसी बीच रविवार की सुबह लड़की के पिता को इनके प्रेम-प्रसंग की भनक लग गई। उन्होंने इसे परखने की कोशिश की और अपनी बेटी की तलाश की, तो पता चला कि वह अपने प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में है। यह देखकर लड़की का पिता गुस्से में अपना आपा खो बैठा। उसने मौके पर पड़े एक रस्सी के टुकड़े से पहले लड़के का गला घोंटा और फिर अपनी बेटी की भी गला घोंट कर हत्या कर दी। इस घटना से मौके पर चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इतने में किसी ने पुलिस को सूचित कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर, पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी बागपत अर्पित विजयवर्गीय के मुताबिक इस घटना में आरोपी पिता पुष्पेंद्र (50) को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस घटना के संबंध में लड़के के परिजनों ने भी पुलिस में शिकायत दी है और आक्रोश प्रकट किया है। उधर, पुलिस की पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि दृष्टि की उम्र 17 वर्ष और 12वीं की छात्रा थी तथा बलराम 19 वर्ष पुत्र राजेशवर बीए में पढ़ता था। लड़के और लड़की के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसकी खबर दोनों के घर वालों को भी थी, लेकिन दोनों ही परिवार इस रिश्ते को मानने को तैयार नहीं थे। इसकी वजह से लड़की को उसके परिजनों ने कई बार हिदायत भी दी थी। बावजूद इसके लड़के और लड़की ने एक दूसरे से मिलना बंद नहीं किया। वही लड़के के परिजनों ने घर से बुलाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लड़की के पिता को गिफ्तार कर लिया है।

### आरोपी पिता गिरफ्तार, गांव में भारी पुलिस बल तैनात

# यूसीसी लाखों महिलाओं के अधिकारों का सुरक्षा कवच: पुष्कर धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**गजरौला / देहरादून।** उत्तराखंड में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सम्मान में रविवार को वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी परिसर, गजरौला, उत्तर प्रदेश में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अथिति के तौर पर शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने पर उन्हें दिया गया सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ देवतुल्य जनता का सम्मान है। जिस जनता ने उन्हें ऐतिहासिक निर्णय लेने के योग्य बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी लागू होना भारत के संविधान की आत्मा को साकार करने का उत्सव है। यूसीसी लागू करने का सम्मान संविधान निर्माताओं का सम्मान है, जिन्होंने संविधान में समान नागरिक संहिता की कल्पना को स्थान देकर एक समरस समाज का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा चुनावों में उत्तराखंड की जनता ने मिथक तोड़कर दूसरी बार राज्य में भाजपा की सरकार बनाई। मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता को जाति, -शेष पृष्ठ दो पर

- उत्तराखंड के सीएम धामी का गजरौला में हुआ सम्मान
- सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने पर धामी का अभिनंदन






# संसद का बजट सत्र आज से फिर होगा शुरू

## सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार के आसार

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र सोमवार (आज) से फिर से शुरू हो रहा है। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार होने के संकेत मिल रहे हैं। इस सत्र के दौरान सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान मचने के आसार हैं। विपक्ष मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रम्प प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार और मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, जैसे मुद्दे उठाने की योजना बना रहा है।

वहीं, सरकार की प्राथमिकता अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने की है। साथ ही बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी मांगने पर होगी। संसद के इस सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करवाया जाएगा। केंद्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा के मद्देनजर राष्ट्रपति शासन लगाने का ऐलान किया है। गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मंजूरी के लिए संसद में एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर के लिए बजट पेश कर सकती हैं।

**वक्फ विधेयक, मणिपुर में हिंसा, परिसीमन, मतदाता सूची में हेराफेरी जैसे मुद्दों पर तीखे रहेंगे विपक्ष के तेवर**




खूनी व बादी बवासीर, गठिया बाय, हर प्रकार का दर्द, कहीं भी हो, कैसा भी हो, एलर्जी, पुराना नज़ला, छींके, बिस्तर पर पेशाब, ल्यूकोरिया, सेहत बनाई या वजन घटाएँ, सांस, दमा, झाइयाँ, मुंहासे व गंजापन का पक्का इलाज, शराब व हर प्रकार का नशा छुड़ाए

नि:संतान दंपत्ति एक बार अवश्य मिलें



डा. शाइस्ता अंसारी

Mob. 9897147171

Follow us on :
facebook, You tube, insta, whatsup

सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

## संक्षिप्त समाचार

### योगी देंगे सामूहिक विवाह के लाभार्थियों को आशीर्वाद

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने रविवार को कहा कि शाही किले में आगामी 10 से 12 मार्च तक तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1001 लाभार्थियों को आशीर्वाद देंगे। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने कलेक्ट्रेट के सभागार में जौनपुर महोत्सव आयोजित किए जाने के संबंध में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे।

### सुहागरात पर मौत का झपट्टा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में शादी के अगले ही दिन दूल्हा और दुल्हन ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दूल्हा और दुल्हन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। अयोध्या के कैंट थाना क्षेत्र के सआदतगंज के मुरावन टोला के रहने वाले प्रदीप की शादी 7 मार्च को मानतू राम की बेटी शिवानी से हुई थी। मानतू राम दिल्ली के लोहामंडी में ठेला चलाने का काम करते है। शिवानी भी उनके साथ दिल्ली में ही रहती थी। शिवानी की पढ़ाई कक्षा 8 तक हुई है। प्रदीप अयोध्या जनपद के थाना कैंट क्षेत्र के सआदतगंज के मुरावन टोला का रहने वाला था। प्रदीप के पिता भाग्गन की मौत कुछ साल पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। प्रदीप घर में सबसे छोटा था उसकी शादी धूमधाम से की गई थी। शादी के अगले दिन 8 मार्च को रिसेप्शन का कार्यक्रम रखा गया था। प्रदीप के घरवाले रिसेप्शन की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान जब सुबह 7 बजे तक प्रदीप अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो घरवाले उसे जागने के लिए पहुंचे।

### धनखड़ एम्स में भर्ती मोदी ने ली स्वास्थ्य की जानकारी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। तिहत्तर वर्षीय श्री धनखड़ को आज तड़के बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल एम्स ले जाया गया और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डा. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स जाकर श्री धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री मोदी ने कहा कि एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

### मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के थाना अछनेरा क्षेत्र में रविवार तड़के लगभग तीन बजे पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि दो अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान अपाचे सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश दीपक के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया।

# गुटबाजी से कांग्रेस को नुकसान होगा: खड़गे

## कर्नाटक के सीएम व डिप्टी सीएम के बीच मतभेद को लेकर दी चेतावनी

**जेवरगी (कर्नाटक), वार्ता**



■ कल्याण पथ परियोजना के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष ने दोनों नेताओं से सामंजस्य के साथ काम करने का आग्रह किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के भीतर गुटबाजी के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी और आगाह किया है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कोई भी मतभेद पार्टी और राज्य दोनों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी सिद्दारमैया और शिवकुमार के बीच संभावित सत्ता-साझाकरण व्यवस्था या एक रोटेशनल मुख्यमंत्री पद की अटकलों की पृष्ठभूमि में आई है। शिवकुमार जहां अपनी मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षाओं के बारे में मुखर रहे हैं, वहीं सिद्दारमैया के करीबी नेता इस बात पर जोर देते हैं कि वह अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। खड़गे ने शनिवार को यहां कल्याण पथ परियोजना के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सिद्दारमैया और शिवकुमार से कर्नाटक के विकास के लिए सामंजस्य के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर सिद्दारमैया और शिवकुमार अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ते हैं, तो इससे पार्टी कमजोर होगी और कर्नाटक की प्रगति को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने रिकॉर्ड 16वां बजट पेश करने के लिए सिद्दारमैया की सराहना की और राज्य के शासन को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने पूर्व ऊर्जा और सिंचाई मंत्री के रूप में शिवकुमार के योगदान के साथ-साथ राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को भी सराहा। अपनी खुद के राजनीतिक सफर का स्मरण करते हुए खड़गे ने 2019 के लोकसभा चुनावों में अपनी हार को याद किया और कलबुर्गी में अपने समर्थन आधार की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जहां कुछ लोग ईश्वरीय हस्तक्षेप पर भरोसा करते हैं, वहीं वह लोगों की इच्छा और कड़ी मेहनत के माध्यम से प्रगति में विश्वास करते हैं। उन्होंने सुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया तथा कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार से कर्नाटक के लोगों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों को लागू करना जारी रखने का आग्रह किया।

### अमेरिका में स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की कांग्रेस ने की निंदा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्वामी नारायण मंदिर में की गई तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि घृणा और नफरत फैलाने वाले किसी भी कृत्य को कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस, कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में की गई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करती है। इस तरह के घृणा और असहिष्णुता के कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और किसी भी सभ्य समाज में इनका कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पीढ़ियों से महात्मा गांधी के दृष्टिकोण के अनुसार 'सर्व धर्म समभाव' के सिद्धांत का पालन किया है, जहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है वहां सद्भाव कायम रहता है। हम प्रभावित समुदाय के साथ एकजुटता से खड़े हैं और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि पूजा स्थलों की हर जगह सुरक्षा सुनिश्चित कर शांति तथा आपसी सम्मान बनाए रखने के हर संभव सभी प्रयास किए जाने चाहिए।

### 2017 से पहले था अपराधियों का बोलबाला हमारी सरकार ने लगाया अंकुश: बृजेश पाठक



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को कैसरगंज में एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का विवरण दिया। इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बहराइच के मुद्दों से भलीभांति परिचित हैं। 2017 से पहले यहां अपराधियों का बोलबाला था। एक ही वाहन में 10 हथियारी लोग घूमते थे, लेकिन हमारी सरकार ने अपराध पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के लिए काम करती है और इसका उत्तम उदाहरण बहराइच के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा हैं, जिन्होंने अपना जीवन सादगी में राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। उप मुख्यमंत्री पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अखिलेश और राहुल गांधी केवल कुर्सी की चिंता में लगे रहते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा की सरकारें केंद्र और प्रदेश में 11 और 8 वर्षों से काम कर रही हैं और इनके खिलाफ कोई भ्रष्टाचार का आरोप अब तक नहीं लगा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक, ब्लॉक प्रमुख और अन्य पार्टी प्रतिनिधियों की एक बड़ी संख्या उपस्थित थी। बृजेश पाठक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीतापुर के पत्रकार हत्याकांड का उल्लेख किया और जानकारी दी कि आरोपियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। इस सम्मेलन ने बहराइच जिले में भाजपा की स्थिति को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का कार्य किया।

# सम्भल के सीओ को मिला सीएम योगी का समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कहा: हमारा पुलिस अधिकारी पहलवान रहा है, जो बात सच है, उस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए, मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी इस बात का समर्थन किया है

**लखनऊ।** उप्र के सम्भल में क्षेत्रधिकारी पुलिस (सीओ) अनुज चौधरी के होली और जुमे वाले बयान पर मचे राजनीतिक घमासान के बीच मुख्यमंत्री योगी ने अनुज चौधरी के होली और जुमे को लेकर दिए गए बयान पर समर्थन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अधिकारी ने यह बात समझाई है। ठीक है, जो हमारा पुलिस अधिकारी है वह पहलवान रहा है। अब पहलवानी के लहजे में बोलेगा, तो कुछ लोगों को बुरा लग सकता है, लेकिन जो बात सच है, उस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए।' मुख्यमंत्री ने कहा कि मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी इस बात का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि 'मुस्लिम धर्म गुरुओं ने लोगों से अपील की है कि होली साल में एक बार पड़ती है और जुमे की नमाज हर सप्ताह होती है। ऐसे में ये टल भी सकती है। आवश्यक नहीं है कि वह मस्जिद में ही पढ़े। अगर जाना ही है, तो रंग से परहेज न करें। रंग से किसी को परहेज है, तो उसका घर में ही नमाज पढ़ना अच्छा होगा। मुख्यमंत्री योगी के अलावा अनुज चौधरी के बयान पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सीओ का समर्थन किया है। सम्भल के बीजेपी ऑफिस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सम्मान समारोह में पहुंची माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि सीओ ने क्या गलत कहा है।

### सीओ का बयान गलत सुप्रीम कोर्ट खुद ले एक्शन: मसूद

**सहारनपुर।** साल में 52 जुमा और होली के एक त्योहार पर बयान देने वाले सम्भल के सीओ अनुज चौधरी पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने पलटवार किया है। सांसद ने कहा कि वर्दी पहने संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह से बयान देना ठीक नहीं है। पुलिस अधिकारी ही ऐसे बयान देंगे, तो सौहार्द कैसे बनेगा। ऐसे अधिकारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करे। मीडिया से बातचीत के दौरान इमरान मसूद ने कहा कि सीओ अनुज चौधरी ने बयान दिया है कि साल में 52 बार जुमा और एक बार होली का त्योहार आता है। सीओ ने यहां तक कहा कि जिस किसी को लगता है कि होली का रंग लगने से उसका धर्म नष्ट हो जाएगा, वह उस दिन अपने घर में रहे। कहा कि सीओ की भाषा शैली ठीक नहीं है। यह बात सभ्य तरीके से भी कही जा सकती थी। क्या दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, क्यों नफरत फैला रहे हैं?

# मुंबई में चार मजदूरों की दम घुटने से मौत

**मुंबई।** मुंबई में एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय रविवार को चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। इससे पहले मृतकों की संख्या पांच बताई गई थी। घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में अपराह्न करीब 12.30 बजे हुई। पांच लोग टंकी की सफाई करने के लिए उसमें दाखिल हुए और बेहोश हो गए। उन्हें दमकल कर्मियों ने निकाला और जेजे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान हसीपाल शेख (19), राजा शेख (20), जियाउल्ला शेख (36) और इमांदु शेख (38) के रूप में की गई है, जबकि पांचवें व्यक्ति पुरहान शेख (31) का इलाज जारी है। जेजे पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि एक दुर्घटनावश मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है और यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि जिन लोगों ने इन पांचों मजदूरों को काम पर रखा था, उनकी ओर से कोई चूक हुई थी या नहीं और क्या सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेलंगाना टनल हादसा: 16 दिन बाद एक शव मिला

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में ध्वस्त हुई श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग में बचाव अभियान लगातार 16वें दिन भी जारी है। 16 दिनों के बाद रविवार को बचाव दल को सुरंग के अंदर एक शव मिला है। शव को निकालने के लिए मशीन को काटा जा रहा है। खोजी कुत्तों के बाद अब इस रेस्क्यू ऑपरेशन में रोबोट को तैनात करने का फैसला लिया है। सरकार उन मजदूरों को बाहर निकालने (जिंदा या मुर्दा) के लिए रोबोट का सहारा लेने का फैसला किया है।

# मथुरा में एक लाख का इनामी मुठभेड़ में ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** उप्र के मथुरा में थाना हाईवे पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी वांछित छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद को रविवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया।

उसके दो साथी फरार हो गए। एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने मीडिया को बताया कि किसी वारदात की फिराक में कुछ बदमाश शनिवार रात को मथुरा आए थे। हाईवे की कृष्ण कुंज कॉलोनी में एक लाख रुपये का इनामी छैमार गिरोह का सरगना फाती उर्फ असद अपने दो साथियों के साथ देखा गया। इसके बाद एसएसपी के नेतृत्व में हाईवे पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू की। रविवार की तड़के एक मकान के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से फाती उर्फ असद घायल हो गया। उसके दोनों साथी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत सरगना फाती उर्फ असद मूल रूप से हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर का रहने वाला था। असद के खिलाफ यूपी, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर में 18 मुकदमे दर्ज हैं। इसी गिरोह ने भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा अशोक कुमार, बुआ आशा देवी और उनके बेटे कौशल कुमार की हत्या की थी।

# कैलिफोर्निया में हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़

**वाशिंगटन, वार्ता**

■ दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे, अमेरिकी पुलिस पर उठे सवाल

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया राज्य में चीनो हिल्स में सिथत बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के मंदिर में अज्ञात लोगों द्वारा जमकर तोड़फोड़ की गई है। इसकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए। इस घटना ने हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा का खुलासा किया है।

मंदिरों की सुरक्षा करने में नाकाम हो रही अमेरिकी पुलिस पर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि एक और मंदिर अपवित्र किया गया। इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। उत्तरी अमेरिका में हिंदू धर्म के लिए काम करने वाले वाले संगठन 'द कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नार्थ अमेरिका' ने पहले हुई इस प्रकार की घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया और गहन जांच की मांग की है।'


### भारत ने की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका में कैलिफोर्निया के एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और अमेरिकी प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं धर्मस्थलों की सुरक्षा करने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

## अर्थ व्यापार

# महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ में राहत दिए जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक रुख और फरवरी के महंगाई आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1134.48 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74332.58 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22552.50 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही।

इससे मिडकैप 1296.27 अंक अर्थात 3.4 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 39888.29 अंक और स्मॉलकैप 2523.96 अंक यानी 5.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 45606.86 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रंप सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रंप प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट से 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह की तेजी गंवा दी और 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 543.4 अरब डॉलर पर आ गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर लुढ़ककर 73.3 अरब डॉलर रह गया।

# मूंगफली तेल सस्ता, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल सस्ता हो गया जबकि दालों में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 90 रिंगिट चढ़कर 4821 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.45 सेंट की गिरावट लेकर 43.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान मूंगफली तेल में 294 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18168 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15751 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और मूंग दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती जबकि उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 550 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत तीसरी बार...** बाद डैरिल मिचेल (63) ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला, जबकि ग्लेन फिलिप्स (34) से भी उन्हें साथ मिला। मगर न्यूजीलैंड की टीम थोड़ा और जल्दी ढेर हो सकती थी, अगर टीम इंडिया ने इन दोनों बल्लेबाजों के कैच ड्रॉप नहीं किए होते। कुल मिलाकर इस फाइनल में भारत ने 4 कैच ड्रॉप किए। फिर भी भारतीय स्पिनरों ने कसी हुई बॉलिंग से न्यूजीलैंड को इनका ज्यादा फायदा नहीं उठाने दिया। आखिर में माइकल ब्रेसवेल ने सिर्फ 40 गेंदों में 53 रन (नाट आउट) की पारी खेली और टीम को 251 रन के मुकाबले लायक स्कोर तक पहुंचाया। टीम इंडिया को इस फाइनल में अपने कप्तान रोहित से बड़ी पारी की उम्मीद थी और जरूरत भी थी। पूरे टूर्नामेंट में रोहित के बल्ले से कोई बड़ी पारी नहीं निकली थी और साथ ही फाइनल मैचों में भी वो कोई अर्धशतक तक नहीं लगा सके थे। साथ ही उनके संन्यास की अटकलें लगातार जारी थीं। रोहित (76) ने ऐसे में इस अवसर को पूरी तरह से अपने नाम कर लिया और अपने आक्रामक अंदाज में न्यूजीलैंड को शुरुआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया। रोहित ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाया और फिर शुभमन गिल (31) के साथ शतकीय साझेदारी की। टीम इंडिया को यहां पर जल्दी-जल्दी 2 झटके लगे और शुभमन गिल के बाद विराट कोहली (1) भी पवेलियन लौट गए। जल्द ही कप्तान रोहित भी अपना विकेट गंवा बैठे। यहां से श्रेयस अय्यर (48) और अक्षर पटेल ने 61 रन की साझेदारी कर टीम की वापसी कराई। श्रेयस अर्धशतक से चूक गए और अक्षर पटेल (29) भी कुछ ही देर में पवेलियन लौट गए, मगर केएल राहुल (34 नाबाद) और हार्दिक पंड्या ने टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया। जीत से ठीक पहले हार्दिक आउट हुए, लेकिन राहुल ने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर टीम को खिताब दिलाकर ही दम लिया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र बने प्लेयर ऑफ द सीरीज।

**यूसीसी लाखों...** धर्म, लिंग के आधार पर होने वाले कानूनी भेदभाव को खत्म करने का संवैधानिक उपाय बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। जब भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा, उस समय देश के सभी नागरिकों के अधिकारों में भी समानता होगी, जिसकी शुरुआत उत्तराखंड से हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में यूसीसी लागू हो पाया है। समान नागरिक संहिता, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के सपनों को भी साकार करती है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री (उत्तर प्रदेश) अशोक कटारिया, कुलाधिपति (वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी) डा. सुधीर गिरि, प्रदीप जोशी, डा. राजीव त्यागी, श्रीहरि सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय गिरि, अनूप प्रधान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूएई के अबूधाबी में शहजादी को हुई फांसी

**बांदा।** शहजादी को यूएई के अबूधाबी में खंभा से दोनों हाथ बांधकर सीने में गोली मारने जैसी सोशल मीडिया की चर्चाओं पर पिता शब्बीर ने विराम लगा दिया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में प्रचलित गोली मारने जैसी बात कोरी अफवाह है। उनकी बेटी को फांसी दी गई है और उसका कब्रिस्तान में कब्र नंबर ए-7,एस-1, 954 में दफनीना हुआ है। पिता शब्बीर ने कहा कि दुबई में रहने वाली रिश्ते की बेटी नगमा दफनीना के समय मौजूद थी, उसका भी यहीं कहना है। रिश्ते की बेटी ने वीडियो कॉलिंग के जरिए शहजादी के दफनीना का दृष्य दिखाने के लिए कहा तो उन्होंने मना कर दिया, क्योंकि उनके पास बेटी का चेहरा देखने की हिम्मत नहीं थी। हालांकि नगमा ने फोन पर वहां की जानकारी जरूर दी थी। कुछ कब्रिस्तान की फोटो भी डाली थी। उनके कहने पर दुबई की सरकार ने शहजादी का दफनीना कब्रिस्तान में कराया। कब्रिस्तान को पक्का कर कब्र नंबर जारी किया गया है। ताकि कभी वहां परिवार के लोग पहुंचे, तो मगफिरत के लिए दुआ कर सके। सोशल मीडिया में खंभे से बांधने व गोली मारने जैसी इस तरह की कोई जानकारी उनके द्वारा नहीं दी गई है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बेटी को बचाने के लिए मदद तो किसी ने नहीं की, अब उसकी मौत पर बाल का खाल निकाल रहे हैं। पिता शब्बीर ने कहा कि कहा कि फेसबुक के जरिए दोस्ती कर उसे आगरा ले जाकर बहला फुसलाकर दुबई में बेचने और उसके डेबिट कार्ड से पैसा निकालने की रिपोर्ट उन्होंने कोर्ट के आदेश पर मटौंध थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इसमें फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। मैं अभी तक बेटी को बचाने में लगा था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संस्कृति के सम्मान से मिलेंगे अच्छे संस्कार

## धूमधाम से मना हैप्पी हार्ट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हैप्पी हार्ट्स एन इंटरनेशनल प्री स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम व नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

कैलसा रोड स्थित हैप्पी हार्ट्स इन इंटरनेशनल प्री स्कूल में वसुधैव कुटम्बकम थीम पर वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसकी शुरूआत लेडी इरविन कालेज दिल्ली की प्रोफेसर डा. आशा सिंह ने दीप प्रज्जविलत कर की। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम एक नारा ही नहीं बल्कि जीने का तरीका है जो हमें सिखाता है कि यह दुनिया बटी हुई नहीं बल्कि एक ही परिवार है। प्रबंधिका अंजलि टंडन ने बच्चों की सराहना की। स्कूली बच्चों ने ग्रांड फिनाले का आगाज प्रण लेकर किया। जिसमें एक ही ईश्वर है और हम सब एक ही परिवार है। कार्क्रम में कोआर्डिनेटर जूही राज, निदेशिका इन्दू कोरा, अजय टंडन, अंजलि टंडन, अदिति टंडन, साकेत कोरा, साक्षी खन्ना आदि मौजूद रहे।

# हाइवे पर ट्रक की टक्कर से दम्पति व बेटा घायल

## आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में दिल्ली निवासी दंपति व बेटा मामूली घायल हो गया जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह परिवार मुरादाबाद जा रहा था। मामले में ट्रक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हादसा शुक्रवार दोपहर डिडौली-जोया के बीच हाईवे पर राजाजी ढाबे के पास हुआ। दिल्ली के उत्तम नगर में शेखर पाठक का परिवार रहता है। मुरादाबाद में उनकी रिश्तेदारी है लिहाजा वह पत्नी और बच्चों के साथ कार से मुरादाबाद जा रहे थे। दोपहर में यहां से गुजरते वक्त लापरवाही से ट्रक चला रहे चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई जबकि टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। हादसे में कार सवार शेखर उनकी पत्नी व बच्चों को मामूली चोट आई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में ट्रक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।










# एक लाख व बाइक के लिए विवाहिता को निकाला

## ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दहेज में एक लाख की नगदी और मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से बाहर निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के गांव कमेंलपुर निवासी कामना का आरोप है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी शादी थाना क्षेत्र के गांव केसरा निवासी करन सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद सही विवाहिता का पति व ससुराल वाले दहेज की मांग के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करते थे। 18 फरवरी को विवाहिता के पति करन सिंह, सास लक्ष्मी, देवर शिवम, ससुर विनोद दहेज में एक लाख रुपये की नगदी व मोटरसाइकिल की मांग करने लगे मांग पूरी करने के लिए विवाहिता ने मना किया तो उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया, बिना एक लाख रुपए की नगदी और मोटरसाइकिल लिए आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि विवाहिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# भाकियू युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत

## ईमानदारी से काम करें शिक्षकः गौरव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली।** भारतीय किसान यूनियन युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत का कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

मुजफ्फरनगर से संभल जा रहे भाकियू युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत का रजा धर्मकांटे पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने कहा कि शिक्षक हितों के लिए यूनियन हर समय संघर्ष के लिए तैयार है। उन्होने अध्यापकों का आह्वान करते कहा कि वह ईमानदारी से शिक्षण कार्य करें। यदि कोई समस्या आती है तो किसान यूनियन उसके समाधान के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसानों का शोषण किसी भी हाल में सहन नहीं होगा। उनके हक की लड़ाई संगठन द्वारा लगातार उठायी जाती रहेगी। एकता बनाये रखें तथा एक दूसरे की समस्या का समाधान मिल जुलकर करें। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष राकेश चाहल, पुनीत गुप्ता, नामित चौधरी, शुऐब रजा, मोहित भाटी,



भूपेन्द्र सिंह, राजनारायन, यशदीप गुप्ता, हेमराज सिंह, सिंटू सिंह आदि शामिल रहे।

# खनन माफियाओं की पुलिस से नोकझोंक

## ट्रैक्टर-ट्राली छुड़ाने को बनाया दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन में आई पुलिस द्वारा अवैध बालू रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली को छुड़वाये जाने को लेकर माफियाओं ने पुलिस को घेरकर नोंकझोंक कर दी। पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को चौकी ले आई।

तहसील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से माफियाओं द्वारा खनन किया जा रहा है। अधिकारियों की लाख कोशिशो के बावजूद भी खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है। उन्हें प्रशासन का जरा सा भी खौफ नहीं है। और वह बेधड़क होकर अवैध रूप से खनन कर जमीनों को बंजर करने के काम में लगे हुए हैं। शनिवार की रात कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई में माफियाओ द्वारा अवैध रूप से बालू रेत का खनन किया जा रहा था। सोशल मीडिया पर खनन करते वायरल हो रहे वीडियो को देखकर पुलिस चौकस थी। पुलिस ने अवैध रूप से खनन कर रहे बालू रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली को छापा मार कर पकड़ लिया। माफिया ने दुसाहस दिखाते हुए पुलिसकर्मियों को घेर लिया तथा उनसे ट्रैक्टर ट्राली को छुड़वाने के लिए नोंकझोंक करने लगे। जिससे वहां पर अफरा तफरी मचने लगी। पुलिस ने दो लोगों को इस मामले में हिरासत में लिया है। जब के बालू रेत से लदी ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है।

# घर के बाहर से होमगार्ड की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर के बाहर खड़ी होमगार्ड की बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मखदूमपुर की है। यहां रहने वाले महेश होमगार्ड विभाग में कार्यरत है। वर्तमान में उनकी तैनाती अमरोहा देहात थाने में चल रही है। 12 फरवरी की सुबह सवेरे करीब 5 बजे महेश ड्यूटी से घर लौटे थे, उन्होंने अपनी बाइक घर के पास खड़ी की थी। आधा घंटे बाद जब वर्दी उतारकर महेश बाहर आए तो बाइक गायब देख होश उड़ गए। काफी तलाश किया लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बाइक जल्दी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जयंत ने तरणताल निर्माण को दिए सवा करोड़

## मालीखेड़ा स्थित स्टेडियम में होगा निर्माण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** केन्द्रीय मंत्री व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने मालीखेड़ा स्थित खेल स्टेडियम में तरणताल (स्वीमिंग पूल) के निर्माण के लिए सवा करोड़ रूपये की धनराशि दी है। यह जानकारी रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह ने दी।

बताते चलें कि गांव मालीखेड़ा में स्थित खेल स्टेडियम में जिले की प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कोशल विकास उद्यमिता केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने जिले का दौरा कर मालीखेड़ा स्टेडियम में तरणताल निर्माण कर भरोसा दिया था ताकि तैराकी में जिले में छिपी प्रतिभाएं बाहर आयें तथा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन करें। उन्होंने अपनी सांसद निधि से सवा करोड़ रूपये तरणताल निर्माण के लिए दिये हैं। जिस पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते उनका आभार जताया। आभार जताने वालों में चौधरी रामवीर सिंह, पतराम सिंह, कर्मवीर सिंह, सूरजपाल सिंह, चौधरी मुकेश, पप्पू प्रधन, राजेन्द्र सिंह, किरनपाल, ज्ञानेन्द्र सिंह शामिल हैं।






# सड़क में घटिया सामग्री पर भड़के ग्रामीण

## ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सड़क में घटिया सामग्री लगाये जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने नारेबाजी का जोरदार प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य को रोक दिया है। ब्लॉक हसनपुर क्षेत्र के गांव भूत खदेड़ी में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान सोनू चौहान से ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि सड़क में जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें घटिया सामग्री का ठेकेदार द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जब ग्राम प्रधान संग ठेकेदार से सड़क निर्माण का स्टीमेट दिखाने के लिए कहा तो उसने इंकार कर दिया। इससे ग्रामीण उत्तेजित हो गये तथा ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गये। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री लगाई जा रही है। इससे सड़क कुछ दिनों में उखड़ जायेगी। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान सोनू चौहान, विनोद सिंह, नरेश चौहान, वीरपाल सिंह, रोहित, पुष्पेंद्र, कमलेश देवी, अंशु चौहान, बाला देवी, राजवती, संतोष आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने कैंटीन से तीस हजार का माल उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अज्ञात चोरों ने कैंटीन में घुसकर सिगरेट मोबाइल नगदी समेत 30000 के माल को चोरी कर लिया। पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी रईस अहमद उर्फ भोला पुत्र अब्दुल हमीद ने ईदगाह रोड पर कैंटीन खोल रखी है। शनिवार की रात करीब 11:30 बजे कैंटीन को बंद करके रईस अपने घर को आ गये थे। चोर इसका फायदा उठाकर कैंटीन कि पिछली दीवार से चढ़कर भीतर घुस गये। उसके बाद चोरों ने कैंटीन के अंदर की कुंडी को लोहे की रॉड से तोड़ दिया। चोरों ने गले में रखी 3000 की नगदी मोबाइल व सिगरेट को चोरी कर लिया। चोर बिना आहट किये हुई अपने काम को चुपचाप अंजाम देकर वहां से निकल गये। सुबह होने पर कैंटीन संचालक ने जब शटर खोलकर भीतर का नजारा देखा तो उनके होश उड़ गये। कुछ ही देर में वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कैंटीन का मौका मुवायना किया है। कैंटीन संचालक रईस अहमद ने बताया कि 20000 कीमत की चोर सिगरेट भी ले गये है। कुल मिलाकर 30000 की कैंटीन में चोरी हुई है। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

## एक नजर

### पुलिस ने आसपा नेताओं को घरों में नजरबंद किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लखनऊ धरने प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे आजाद समाज पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने घरों में नजरबंद कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की आवाज को दबाने का काम कर रही है। जिसे सहन नहीं किया जायेगा। रविवार को लखनऊ में आजाद समाज पार्टी का विशाल धरना प्रदर्शन होना है। जिसमें शामिल होने के लिए नेता तैयारी में जुटे थे। इस दौरान पुलिस ने पार्टी के कई बड़े नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया। इस दौरान जिला प्रभारी प्रशांत गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं से घबरा गयी है। यही कारण है कि उन्हें जबरन नजरबंद किया गया। उन्होने प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधते कहा कि प्रदेश में लगातार दलितों पर अत्याचार किये जा रहे हैं जबकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद के काफिले पर मथुरा में हमला किया गया। इस मामले को भी पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया।

### 12 को एएसपी पर महापंचायत करेगी भाकियू

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को एएसपी कंपनी के प्रबंधन के विरूद्ध महापंचायत की जायेगी। पदाधिकारियों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा उनके साथियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने की बात कही जा रही है। मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि श्रमिकों के रूके हुए भुगतान को दिलाने के लिये संगठन द्वारा कंपनी प्रबंधन के विरूद्ध धरना दिया गया था। हमारे संगठन द्वारा जनहित का मुद्दा उठाया गया, मगर अब जानकारी मिली है कि कंपनी द्वारा संगठन के पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है, मगर भाकियू ऐसी धमकियों से डरने वाली नहीं है। हम जनहित के मुद्दे हमेशा उठाते आए हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। बैठक में प्रदेश महासचिव जनशक्ति जोगिंदर सिंह, नरेश चौधरी जिलाध्यक्ष जनशक्ति, सलमान, राहिसुद्दीन, कुशल चौधरी,अक्षित चौधरी, विवेक चौहान, फरियाद खान, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# इंतजार के जादू ने सभी को किया मंत्रमुग्ध

## अग्रवाल समाज का होली मिलन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अग्रवाल समाज द्वारा होली मिलन कार्यक्रम में लकी ड्रा व बंजारन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

बिजनौर रोड स्थित बैंकेट हाल में अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में बंजारे के रूप में संदीप अग्रवाल व बंजारन के रूप में उनकी पत्नी सारिका अग्रवाल का चयन हुआ। जादुगर इंतजार पाशा ने अपने जादू के माध्यम से बच्चों के साथ बड़ों का भी मन मोह लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं करायीं गयी तथा एक दूसरे को होली की बधाई दी गयी। कार्यक्रम में विवेक अग्रवाल, डा. संजय अग्रवाल, ब्रज नारायन अग्रवाल, आकाश गोयल, विशाल गर्ग, अचल अग्रवाल, ब्रजनारायन अग्रवाल, दीपक बंसल, गीता अग्रवाल, मनोज गोयल, मनोज अग्रवाल, ध्रूव गर्ग, शम्भू दयाल, नितिन गुप्ता, नीरू गोयल, सोनिया गर्ग, आदित्य गर्ग, अक्षत अग्रवाल, आदि मौजूद रहे। जबकि बंजारा व बंजारन द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गयी।

# जीवन से रोग व तनाव दूर करता है योग व ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सहजमार्ग के संस्थापक बाबू जी महाराज की 125वीं जयंती पर नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में श्री रामचंद्र मिशन एवं हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में ध्यान और योग के नियमित अभ्यास से शारिरिक, व मानसिक तनाव को दूर करने के बारे में बिंदुवार जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में 24 घंटे में से स्वयं के लिये प्रतिदिन एक से डेढ़ घंटा का समय निकालकर नित्य प्रति योग व ध्यान करना चाहिये, ताकि हमारे जीवन से शारिरिक रोग व मानसिक तनाव

■ **श्री रामचंद्र मिशन व हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट का कार्यक्रम आयोजित**

दूर हो सके। कहा कि आज बच्चे अपना अधिक समय मोबाइल में व्यतीत करते हैं जिससे उनके भीतर चिड़चिड़ापन और साथ ही आंखो की रोशनी में कमी आदि की समस्या होने लगती है। इसलिए बच्चों को मोबाइल का प्रयोग से कम से कम करने दें, साथ ही उन्हें समय निकालकर घर के बाहर पार्क आदि में घुमाएं ताकि उन्हें प्राकृतिक सानिध्य मिले। इस मौके पर आरके गुप्ता, जेके सिंह, प्रो.नम्रता गुप्ता, हार्टफुलनैश केंद्र प्रभारी डॉ. सरिता रानी, प्रशिक्षक मनवीर



सिंह, अवधेश सिंह, जीबीआईसी के पूर्व प्रधानाचार्य जीपी सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.वीरेन्द्र सिंह, एड. मनमोहन सिंह सैन, सूरजपाल सिंह मौजूद रहे।

# 17 को गन्ना समिति में तालाबंदी करेगी भाकियू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत ब्लाक परिसर में आयोजित हुई। पंचायत में आवारा पशुओं व बकाया गन्ना भुगतान का मुद्दा हावी रहा। गन्ना भुगतान समय से न होने पर भाकियू 17 मार्च को गन्ना समिति की तालाबंदी करेगी।

संगठन के जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा वेव शुगर्स मिल द्वारा 14 दिन के अन्तराल का गन्ना भुगतान किया जाए. अवारा पशुओ पर रोकथाम लगायी जाये. किसानों की फर्द का नये डेटा के आधार पर अंश निर्धारण किया जाये. पुराने डेटा से किसानो के अंश निर्धारण में दिक्कत आ रही है, नए स्मार्ट मीटर का भाकियू असली व इलाके के किसान पुरजोर विरोध कर रहे है। गांव व नगर में बन्दरों के आतंक से छुटकारा दिलवाया जाये। गन्ना सीजन 2025-26 के लिए किसान स्वयं फायदे के लिए गन्ना बुआई करे। केंद्र सरकार एमएसपी लागू करे। पंचायत के दौरान मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह, जिला प्रवक्ता नरेश कुमार, कलुवा खा, प्रदीप कुमार, गजवीर सिंह, अशोक वर्मा, नेत्रपालसिंह, उमेश पाल, सुरेश यादव, रामवीर, जावेद मालिक, सतपाल, टीकमसिंह, गंगासरन, बलविन्द्रसिंह रमेशसिहं, कपिल त्यागी, कयामुद्दीन, शाकिर, जाहिर आदि मौजूद रहे।



## आज निकलेगी श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** श्री खाटू श्याम मंदिर एवं श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ के तत्वाधान में नगर के मोहल्ला बुधबाजार स्थित श्री शिव मंदिर से आज सोमवार को दोपहर दो बजे फागुन महाउत्सव के उपलक्ष्य में श्री खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा एवं नगर परिक्रमा आयोजित की जाएगी। जिसके लिये समिति द्वारा सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। राजीव मित्तल ने बताया कि निशान यात्रा की सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने लोगों से बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# ज्योतिबाफूले किया जाए जिले का नाम

## सैनी सभा चलाएगी अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** ऑल इंडिया सैनी सभा के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर रखा जाए जब तक जनपद का नाम पुन: ज्योतिबा फुले नगर नहीं होता है तब तक समाज और संगठन शांत नहीं बैठेगा. सैनी बाहुल्य गांव व नगर में नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

रविवार को ऑल इंडिया सैनी सभा की बैठक गांव कैसरा में राधे सैनी के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बलवीर सिंह सैनी ने की। बैठक में जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने व महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह को मनाने पर चर्चा हुई। दो राधे सैनी ने कहा कि जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर फिर से रखा जाए। बैठक में फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग उठी। इस अवसर पर कृपाल सैनी, राधे सैनी, रामपाल सैनी, परम सिंह सैनी, वेदपाल सैनी, सतपाल सैनी, गुलाब सैनी, धर्मपाल सैनी, राजेंद्र सैनी, राहुल सैनी आदि मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में घायल ने तोड़ा दम

## एक आरोपी रजबपुर थाने का है हिस्ट्रीशीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बछरायूं।** बीती रात जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में घायल सुखवा की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं विवाद का आरोपी रितिक थाना रजबपुर में हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा गांव में सुखवा के परिवार में अनीस ने अपने हिस्से की भूमि का इकरारनामा निकटवर्ती गांव मिलक मोतीखेड़ा के ऋतिक व अनिल आदि को कर दिया था। शनिवार की शाम सुखवा विवादित भूमि पर निर्माण कार्य करा रहा था। निर्माण कार्य की सूचना मिलने पर ऋतिक व अनिल आदि मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने पहुंचते ही फायरिंग शुरू कर उनके मकान में आग लगा दी थी। विरोध करने पर उनके परिवार के सदस्यों पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। हमले में सुखवा, नबाब व अख्तरी घायल हो गए थे। झगड़े की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुच गई थी। घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल बछरायूं ले जाया गया जहां चिकित्सक ने घायलो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक प्रवीन तोमर ने बताया कि विवाद में घायल सुखवा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी अनिल व ऋतिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी ऋतिक रजबपुर का हिस्ट्रीशीटर है।

## होली व जुमे को लेकर अफसरों व धर्मगुरूओं की वार्ता

# डेढ़ बजे के बाद अदा होगी जुमे की नमाज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** मिश्रित आबादी से जुड़े इलाके की मस्जिदों में होली वाले दिन जुमे की नमाज रंग खत्म होने पर डेढ़ बजे के बाद अदा की जाएगी। अमन कमेटी की बैठकों में की जा रही अपील में धर्मगुरुओं ने पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को इस बाबत आश्वासन दे दिया है। हालांकि, बीते सालों में कई बार ऐसे मौके आए हैं जब दोनों समुदाय के त्योहार एक साथ आए लेकिन दोनों ही ओर से आपसी सद्भाव की मिसाल पेश की गई। कभी होलिका दहन के मूहर्त से पहले ईद मिलादुन्नबी का जुलूस संपन्न कर दिया गया तो वहीं एक साल इसी जुलूस के चलते हिन्दू समुदाय के लोगों ने अपनी शोभायात्रा नहीं निकाली।

जिले में 13 मार्च को होलिका दहन होगा जबकि रंग 14 मार्च को खेला जाएगा। अकेले अमरोहा शहर में 85 स्थानों पर होली जलाई जाएगी। वहीं, रंग वाले दिन ही रमजान माह का दूसरा जुमा भी पड़ रहा है। इस दिन दोपहर में 12:30 बजे से ही मस्जिदों में नमाज की अदायगी का सिलसिला शुरू हो जाता है वहीं होली के हुड़दंग में रंग का शोर दोपहर में करीब डेढ़ बजे तक तो रहता ही है। इसके चलते पुलिस-प्रशासनिक अफसरों की धड़कन बड़ी हुई है। थानों में पीस कमेटियों की बैठकों का दौर तेजी से चल रहा है तो वहीं जिम्मेदार अफसर धर्मगुरुओं से संवाद भी कर रहे हैं। दोनों समुदाय के लोगों से त्योहारों को आपसी सद्भाव से मनाने की अपील की जा रही है हालांकि अमरोहा जिले में अभी तक कहीं से भी किसी तरह की विवाद की स्थिति सामने नहीं आई है लेकिन फिर भी बतौर एहतियात जिम्मेदार अफसर शरारती व असामाजिक तत्वों को रंग में भंग डालने की छूट देने के मूड में फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं लिहाजा नमाज को लेकर आपसी सहमति बनाने के लिए दोनों तरफ वार्ता की जा रही है।

## पांच अप्रैल से शुरू होगा रामनवमी महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** श्रीरामजानकी भक्त मंडल के संयोजन में तीन दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर में संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि श्रीरामनवमी महोत्सव पांच अप्रैल से सात अप्रैल तक मनाया जाएगा। जिसमें पांच अप्रैल को नगर कीर्तन, रामायण का अखंड पाठ, छह अप्रैल को प्रगटोत्सव उत्सव और विशाल रथयात्रा, सात अप्रैल को हवन, भंडारा और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर अक्षय अग्रवाल, विजय कुमार, नवीन दीक्षित, पारस सिंहल, हर्ष भटनागर व कुसुमलता गोयल आदि रहे।

# बालाजी दरबार में की सुख समृद्धि की कामना



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सीता-राम बालाजी संकीर्तन मंडल द्वारा संकट मोचन श्री बालाजी गद्दी दरबार में भक्तों के कष्टों के निवारण की कामना की गयी।श्री बालाजी दरबार लगाने के लिए मुजफ्फरनगर स्थित श्रीबाला जी धाम के संस्थापक चन्द्रकिरण गर्ग एवं शिव शक्ति बालाजी दरबार के संस्थापक पंकज जिंदल ने दरबार की स्थापना करायी तथा यहां उन्होंने भक्तों के कष्टों के निवारण के लिए प्रार्थना की। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। यहां शहर के अलावा मुरादाबाद, रामपुर, अफजलगढ़, रामनगर, काशीपुर, दिल्ली, चंदौसी के भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मौके पर राहुल गुप्ता, राजू सैनी, संजय, गौरव सैनी, विशेष सैनी, हिमानी, तानिया, डोली, सर्वेश आदि मौजूद रहे।

# समान नागरिक संहिता कानून किसी भी जाति, धर्म या संप्रदाय का विरोधी नहीं: धामी

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नगर के श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में हुआ स्वागत व अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** देश में सबसे पहले 'समान नागरिक संहिता' कानून उत्तराखंड में लागू करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नगर के श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में अभिनंदन व शानदार स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी किसी भी जाति या धर्म या संप्रदाय के विरोध में नही है बल्कि यह 'राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं लिंगीय समानता के साथ महिला सशक्तिकरण का पुरजोर संवाहक है। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। देश में सबसे पहले देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने पर श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार अभिनन्दन सम्मान किया गया। रविवार को विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद खेल परिसर में आयोजित 'अभिनन्दन सम्मान' में संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि, एमएलसी अशोक कटारिया, प्रति कुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, बरेली मुरादाबाद क्षेत्र के शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढिल्लों आदि ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखण्ड की टोपी, पटका, शाल, गदा एवं भगवान श्री वेंकटेश्वरा की प्रतिमा भेंट कर जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया। 'समान नागरिक संहिता यूसीसी' के उत्तराखण्ड में लागू होने से उत्साहित गुरुकुल महाविद्यालय की साहसी छात्राओं ने 'महिला सशक्तिकरण और योग' पर आधारित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति के द्वारा 'मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी' का 'अभिनन्दन सम्मान' किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि 'यूसीसी कानून किसी भी जाति, धर्म, संप्रदाय व्यक्ति के विरुद्ध नही है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता, लैंगिक समानता' को मजबूत करने के साथ जबरन धर्मान्तरण से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाओं के साथ-साथ युवा पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए लागू किया गया है। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान मजबूत हो रही है। यूसीसी से महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। मुस्लिम महिलाओं को भी हलाला और तीन तलाक से मुक्ति मिलेगी। यह कानून भेदभाव समाप्त करने का संवैधानिक उपाय है। इससे न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और अनावश्यक मुकदमों में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री इसके साथ ही यह उदगार भी व्यक्त करते हुए कहा कि 'एक संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार है।' करीब 20 मिनट तक मुख्यमंत्री ने संबोधन किया। इस अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने की। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया, बरेली मुरादाबाद क्षेत्र के शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढिल्लो, गुरुकुल महाविद्यालय की आचार्य डॉ.सुमेधा, वरिष्ठ कवयित्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी आदि ने भी पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। इस अवसर परसंस्थान के कुलपति प्रो.(डॉ.) कृष्णकांत दवे ने अभिनंदन पत्र का उद्‌बोधन किया एवं संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। अभिनन्दन समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति कुलसचिव डॉ.पीयूष पांडेय, डॉ.राजेश सिंह, डॉ.आशुतोष, डॉ.दिनेश गौतम, डॉ.राजवर्धन सिंह, डॉ.योगेश शर्मा, डॉ.नीतू पंवार, डॉ.एना ब्राउन, डॉ.लक्ष्मण सिंह, एसएस बघेल, मारूफ चौधरी, तरुण कंबोज, अरुण गोस्वामी, डॉ. मनीष कुमार, डॉ.स्नेहलता गोस्वामी, डॉ.राहुल अवस्थी, जनसंपर्क अधिकारी डॉ.श्री राम गुप्ता के साथ मेरठ परिसर से निदेशक डॉ.प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा उपस्थित रहे।

**उत्तराखण्ड की तर्ज पर जल्द ही पूरे देश में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला ऐतिहासिक कानून यूसीसी जल्द ही लागू होगा, हम सब की जिम्मेदारी है कि मिलकर इस राष्ट्र को फिर दुनिया का सिरमौर बनायें:**
**डॉ.सुधीर गिरि, संस्थापक अध्यक्ष, श्री वेंकेटेश्वरा समूह**




**गजरौला।** समारोह में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हेलीकॉप्टर द्वारा नगर के श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में लगभग तीन बजे पहुंचे। एक घंटा यहां रहने के बाद वे यहां से रवाना हुए। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। हैलीपेड पर विवि के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने मुख्यंत्री का बुके देकर स्वागत किया। हैलीपेड से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

**यूसीसी के लागू होने से जबरन धर्मान्तरण पर रोक लगने से प्रभावित महिलाओं को मिलेगा सम्मान एवं यह कानून राष्ट्रीय एकीकरण का बनेगा संबल:**
**डॉ.राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय**



**गजरौला।** मुख्यमंत्री के स्वागत में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं गुरूकुल चोटीपुरा की छात्राएं।




**गजरौला।** मुख्यमंत्री को भगवान वेंक्टेश्वरा की प्रतिमा भेंट करते अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि।

# होली मिलन कार्यक्रम में होली गीतों व सामुहिक नृत्यों की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** महिला अग्रवाल सभा के तत्वावधान में रविवार की शाम को 'होली मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने फूलों की होली खेली के साथ साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सामुहिक नृत्य भी हुए। घंटो तक चले इस कार्यक्रम में होली का उल्लास का नजर आया। महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष विनीता गर्ग के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर जमकर मौजमस्ती की। होली के गीतों पर सामूहिक नृत्य भी किया। इसके उपरांत भवन में स्थित मंदिर में भजन-कीर्तन हुए। अध्यक्षा विनीता गर्ग ने कहा कि होली का पर्व बहुत ही उल्लास और अपनत्व लेकर आता है। होली का हमारे जीवन में धार्मिक महत्तव भी है। इस दिन हम एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम और स्नेह के व्यवहार को प्रस्तुत करते हैं। घंटो तक चले इस कार्यक्रम में उल्लास देखने को मिला। इस मौके पर ऋषिबाला अग्रवाल, खुश्बु गोयल, रचना सिंघल, रीमा बंसल, रेनू सिंघल, कंचन बंसल, प्रीति मित्तल, गीता गोयल, ऋचा बंसल, प्रीति जैन, सरिता जैन, सुमन सिंघल, शिखा अग्रवाल सहित अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

**महिला अग्रवाल सभा ने किया कार्यक्रम आयोजित**



# महिला की आइडी हैक करके युवक ने पति बनकर की अश्लील चैटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक युवक ने एक विवाहित महिला की आइडी हैक करके उसका पति बनकर कई घंटे चैट की और अश्लील बात करते हुए अश्लील फोटो व वीडियो भी मंगवाए। जानकारी होने पर युवक से फोटो वीडियो डिलीट करने को कहा तो धमकी दी। इससे क्षुब्ध होकर महिला ने आत्महत्या तक करने का प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। नगर निवासी एक युवक द्वारा मयंक शुक्ला नामक युवक पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि उसने उसकी पत्नी की इंस्टाग्राम आइडी हैक करके उसका पति बनकर कई घंटे चैट की। इस दौरान अश्लील बातचीत करते हुए उसकी पत्नी के अश्लील फोटो व वीडियो भी मंगवाए। अगली सुबह जब इस बात की जानकारी युवक व उसकी पत्नी को हुई तो उनके होश उड़ गए। युवक ने मयंक शुक्ला से अपनी पत्नी के फोटो व वीडियो मिटाने को कहा तो आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इतना ही नहीं युवक की पत्नी ने आत्महत्या की भी कोशिश की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अश्लील फोटो व वीडियो भी किए सेव, पुलिस ने पति की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा**

### दूसरे पक्ष ने भी कराया मुकदमा दर्ज

वहीं दूसरी ओर आरोपी मयंक शुक्ला की मां ने भी दूसरे पक्ष के लोगों पर अपने पुत्र के साथ कमरे में मारपीट करने, कपड़े उतरवाकर वीडियो आदि बनाने, धमकाने आदि के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट के मुताबिक जब मयंक शुक्ला व उसकी मां थाने गए थे। इस दौरान महिला के पति, सास, एक युवक शिवम व रविन्द्र ने थाने के बाहर बुलाया। उसके बाद वे मां बेटे को एक स्थान पर लेकर चले गए। आरोप है कि एक कमरे में बंद करके मयंक के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए उसके कपड़े उतरवाकर वीडियो भी बनाया। पुलिस ने मयंक की मां की तहरीर पर चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# आमने -सामने से दो बाइकों मे हुई टक्कर, बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिसौली से बदायूं रोड पर ग्राम हतसा पर दो बाइक सवार की आमने-सामने भिड़त हो गई बाइक सवार हुए गंभीर रूप से घायल घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में इलाज के लिए भर्ती कराया हम आपको बता दें।



बिसौली थाना पुलिस घटना की जांच पड़ताल करती हुई

कोतवाली बिसौली क्षेत्र में बिसौली से बदायूं रोड पर ग्राम हतसा के नजदीक बाइक सवार जसवीर पुत्र महेंद्र पाल निवासी जुलेहपुरा थाना वजीरगंज की तरफसे बिसौली आ रहे थे बाइक सवार छोटेलाल पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी बाकरपुर बिसौली की तरफ से जा रहे थे रोड पर आमने-सामने दोनों बाइक सवार अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए जिसमें छोटेलाल पुत्र मथुरा प्रसाद एवं जसवीर महेंद्र पाल गंभीर रूप से हुए घायल धटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस में 108 एंबुलेंस की मदद से बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए करायाभर्ती गंभीर हालत में इलाज के दौरान घायलों को इलाज के लिए वदायूँ किया गया रेफर घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर आ गए।

# मुर्गी पालन केंद्र पर सो रहे अधेड़ किसान की गोली मारकर हत्या

**तीन-चार वर्ष से पत्नी के संग रहता था रामपाल, सीओ ने घटना स्थल का किया मुआयना, हत्या से लोगों में दहशत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** मुर्गी पालन केंद्र पर सो रहे अधेड़ किसान को कुछ लोगों ने शनिवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार और कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक किसान की पत्नी से घटना के बारे में जानक. ारी ली, बताया गया कि अज्ञात दो हमलावर थे, जिन्होंने मृतक के सिर में गोली मारी थी। सोते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुट गई है। वहीं हत्या की इस वारदात से क्षेत्र के लोगों में दहशत है। हत्या की यह वारदात कोतवाली क्षेत्र के गांव जरसैनी में घटी है। मूलतः संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव खजरा-छपरा निवासी रामपाल शाक्य (55) पुत्र बसंती तीन-चार वर्ष से गांव के बाहर संचालित एक मुर्गी पालन केंद्र पर रहते था। मुर्गी पालन केंद्र कुछ समय से बंद पड़ा है। शनिवार की रात अपनी पत्नी असलेश के साथ वह सो रहे था। रात के करीब एक बजे के आसपास



अज्ञात हमलावरों ने रामपाल के सिर में गोली मार दी और जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी असलेश गोली की आवाज सुनकर वह जागी तो देखा कि दो हमलावर थे और वह गोली मारने के बाद भाग गए। मृतक किसान की पत्नी असलेश शव के पास बैठ कर रो रही थी। रविवार की सुबह करीब छह बजे कुछ लोग अपने खेत की ओर जा रहे थे। तभी लोगों ने देखा मृतक की पत्नी रो रही है। जिसके बाद मौके पर काफी लोग एकत्रित हो गए। जिसके बाद घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। हत्या की खबर से कोतवाली पुलिस में भी खलबली मच गई। कुछ देर बाद यहां पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार और कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटना के बारे में मृतक की पत्नी से जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की घटना से गांव के लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने क्षेत्राधिकारी से जल्दी घटना का खुलासा करने की बात कही है। सीओ ने बताया कि किसान की मौत के मामले में मृतक परिवार की ओर से जो भी तहरीर दी जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मृतक का पीएम कराया पुलिस जांच में जुट गई है।

# बिसौली मस्जिदों में रमजान की रौनक, लोगों ने किया इफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रविवार को माहे रमजान के आठवें दिन खुदा की इबादत के लिए मस्जिदों में भारी भीड़ रही। रोजदारों ने दिनभर रोजा रखा और देर शाम तरावीह की नमाज अदा की। चारों तरफ माहे रमजान का नूर और खुशियां दिखाई दे रही हैं।

मस्जिद बिलाल के इमाम हाफिज शादाब रजा उवैसी ने बताया कि मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अकीदतमंद कुरआन ए पाक की तिलावत कर रहे हैं। उन्होंने बताया चूंकि रमजान के तीस दिनों को तीन हिस्सों में बांटा गया है यानी रहमत, मगफिरत, जहन्नम से आजादी। पहला अशरा रहमत का चल रहा है, इसलिए सभी अल्लाह तआला की रहमत से मालामाल होना चाहते हैं।

इस अवसर पर हाफिज मो. इमरान अंसारी, हसनैन अंसारी, बदर खान, मो. असलम, पूर्व सभासद इरशाद अहमद, अशफाक सैफी, गुड्डू सैफी, हनीफ सैफी, सय्यद मुजम्मिल अली, अफसार अहमद, शादाब अंसारी, बाबू रजा, आकिल अंसारी, सय्यद शाहबाज, मास्टर रहीस, वासिफ सैफी आदि मौजूद रहे।

# वनरक्षक अनिल राजपूत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** सामाजिक बांनिकी क्षेत्र कार्यालय परिसर स्थित आवास वनविद विजय सिंह की रसोई में वनरक्षक अनिल राजपूत ने मांसाहारी भोजन तैयार किया था जिसका वनविद ने किया विरोध तो वनरक्षक ने वनविद के साथ नशे में धुत्त होकर की गाली गलौज विरोध करने पर अनुसूचित जाति शब्दों का प्रयोग करते हुए।

मारपीट करने लगा तथा रसोई में रखा समान किया क्षतिग्रस्त शोर शरावा सुनकर पहुंचे बंनकर्मियों ने जैस तैसे मामला शांत कराया तो वनरक्षक ने वनविद को जान से मार देने की धमकी दे डाली भयभीत वनविद ने मामले की जानकारी तत्काल विभागीय अधिकारियों को देते हुए रिपोर्ट दर्ज किए जाने के लिए विभागीयआला अफसरों तथा पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर वनरक्षक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जाने की मांग की जिस पर पुलिस ने दो माह 6 दिन बाद आरोपी वनरक्षक अनिल राजपूत के विरुद्ध संगीत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया मामले की जांच पुलिस क्षेत्रधिकारी सहसवान करेंगे वनविद विजय सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित पत्र में बताया कि वह स्टाफ कर्मचारियों के साथ जिला मुख्यालय कार्यालय से एक दिसंबर वर्ष 2024 को सामाजिक वानिकी क्षेत्र कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपने रसोईया से दाल चावल खाना बनाने के लिए कहा तो उसने बताया वनरक्षक अनिल राजपूत ने मांसाहारी भोजन मुर्गा का मांस बनवा रखा है मैंने अनिल राजपूत से कहा कि आपने मेरी रसोई में मांसाहारी भोजन क्यों बनाया है तो नशे में धुत वनरक्षक अनिल राजपूत ने मुझे दलित जाति का कहते हुए गाली गलौज करना प्रारंभ कर दी तथा कहा कि तेरी हिम्मत कैसे पड़ी तू दलित जाति का है में कुछ भी खाऊं तू कौन होता है पूछने वाला मैंने कहा मेरी रसोई है।

इतने कहते ही उसने मारपीट शुरू कर दी तथा रसोई में रखा हुआ सामान तोड़फोड़ कर छतिग्रस्त कर दिया आवाज सुनकर विभागीय कर्मचारी तथा अन्य लोग मौके पर पहुंच गए तो वनरक्षक अनिल राजपूत मुझे जान से मार देने की धमकी देकर भाग गया।

मैंने मामले की जानकारी तत्काल वनक्षेत्र अधिकारी महोदय को दी तथा जिलास्तरीय अधिकारियों को तत्काल घटना से अवगत कराया पीड़ित विजय सिंह ने बताया कि उसने प्रार्थना पत्र देकर प्रदेश स्तरीय आला अफसर को भी मामले से अवगत कराते हुए वनरक्षक अनिल राजपूत के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की साथ ही पीड़ित ने अनुसूचित जाति आयोग में भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की जाने की मांग की जिस पर थाना कोतवाली पुलिस ने अपराध संख्या 107 धारा 333, 115/2, 351/2, 352 अनुसूचित जाति उत्पीड़न की गंभीर धाराओं में मामला वनरक्षक अनिल राजपूत के विरुद्ध दर्ज कर लिया है।

# सास ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के खेड़ा वुजर्ग निवासी सुहाना पत्नी आंसू ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि उसकी शादी 12 मार्च 2013 को मुस्लिम के अनुसार आशु निवासी खेड़ा बुजुर्ग के साथ हुई थी शादी में उसके पिता शकील निवासी खेड़ा बुजुर्ग ने 20 लाख रुपए नकद और एक मोटरसाइकिल दहेज में दी थी लेकिन उसके पिता द्वारा दिए गए दान दहेज से नाखुश थे शादी के बाद उसका पति और ससुर सैयद हसन,



सास समीम वेगम, जेठ रफी हसन, जेठानी आसमा, नंद यमीन समेत आधार दर्जन आरोपी दहेज में अतिरिक्त पांच लाख रूपए और कार की मांग करते थे मांग पूरी न करने पर उसके साथ सभी मारपीट करते थे उसने अपने जेठ और ससुर पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं उसने आरोप लगाया है कि उसके पति के मोहल्ले की एक महिला से अवैध संम्बन्ध है कुछ समय बाद जब वह दांपत्य जीवन के चलते गर्भवती हो गई तो उसके पति ने अपनी भाभी आसमा के कहने पर जबरन गर्भपात करा दिया और कुछ दिन बाद सभी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया विवाहिता ने सभी आधा दर्जन दहेज लोभियों पर दहेज उत्पीड़न के अलावा अन्य कई गम्भीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है पुलिस जांच में जुट गई है।

# आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** होली के पर्व व रमजान महीने को लेकर थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने क्षेत्र के गांव करनपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में गांव के संभ्रांत वर्ग के लोग मौजूद रहे। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा होली का पर्व आपसी सौहार्द व आपसी भाईचारे का पर्व हैं। होली आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। जिस किसी को रंग से परहेज हो


फ्लैग मार्च करते हुए पुलिस

वह पर जबरदस्ती एक दूसरे पर रंग ना डाला जाए। किसी के भावना के साथ खिलवाड़ ना किया जाए।इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना थाने पर देने बात कही। इसके बाद थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र कस्बा खितौरा में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च करते हुए खुरापातियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गृह क्लेश के चलते नव विवाहिता ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते दिन रविवार को तड़के बिसौली तहसील क्षेत्र के थाना फैजगंज बेहटा के परिक्षेत्र गांव ढ़ोरनपुर निवासी एक नव विवाहिता ने महिला घरेलू अनबन के चलते आवेश में आकर ट्रेन से कटकर जान गवां दी। इस घटना की जानक. ारी मिलते ही थाना फैजगंज बेहटा प्रभारी इंद्रवीर सिंह, आसफपुर पुलिस चौकी उपनिरीक्षक अली मियां जैदी व उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना से जुड़े खास तथ्यों की जानकारी ली और रेलवे सुरक्षा बल की मौजूदगी में महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हेतु बदायूं जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस के मुताबिक मृतक महिला मोनी (25) वर्ष पत्नी कुंवर पाल की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। इस दर्दनाक घटना की खबर मिलते ही मृतक मोनी के परिवार में कोहराम मच गया। यह घटना आसफपुर से सिसरका रेल मार्ग के मध्य बताई जा रही है।

# सहसवान नगर में चलाया गया सघन विद्युत चेकिंग अभियान

**चेकिंग अभियान 50 विद्युत कनेक्शन काटने के साथ करीब 3 लाख की बकाया राशि वसूल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सहसवान एसडीओ अभिषेक ऋषि ने नेतृत्व मैं बिजली विभाग की टीम ने बकायादारों के खिलाफ संघन चेकिंग अभियान चलाया इस अभियान में 50 बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटे गए 10 विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली के बिलों त्रुटियां पाई गई



जिन्हें तत्काल संशोधित किया गया अभियान के दौरान करीब 3 लख रुपए की बकाया राशि थी वसूल की गई एसडीओ अभिषेक ऋषि ने बताया कि यह अभियान बिजली विभाग द्वारा बकाया वसूली में तेजी लाने और उपयोगिताओं की सही बिलिंग सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा भविष्य में इस तरह के अभियान चलाए जाते रहेंगे इसी के साथ एसडीओ ने सभी उपभोक्ताओं की समय पर बिल जमा करने और किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने बिलों की नियमित जांच करने की अपील की इस मौके पर जेई रजनीश चंद्र सुनील यादव पप्पन फैजान जितेंद्र मुबारक अली रहमान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आर एन गुप्ता अस्पताल में फेफड़े एवं कैल्शियम की जांच के लिए लगा निशुल्क शिविर



**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** डॉव रामनिवास गुप्ता अस्पताल में लूपिन फार्मा लिमिटेड टीम द्वारा एक दिवसीय फेफड़े एवं कैल्शियम की जांच हेतु निशुल्क शि. विर लगाया गया जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने अपना पंजीकरण कराया तथा पंजीकरण के उपरांत अपने फेफड़े एवं कैल्शियम की जांच कराई ऐसे ही हर प्रकार के शिविर हर महीने लगते है जिसमे अनेक प्रकार के इलाज मुफ्त होते है इस मौके पर अस्पताल निदेशक डॉव रामनिवास गुप्ता, डॉव आदित्य गुप्ता, डॉव अभिनव गुप्ता, डॉव अमोल गुप्ता लूपिन फार्मा लिमिटेड टीम के टेक्नीशियन अजय भास्कर, अमित सक्सेना, प्रदीप शर्मा तथा अस्पताल के प्रबंधक काशिम अली सहित अस्पताल के अनेक स्टाफ कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिसौली में आज श्रद्धालु बाबा श्याम की महिमा का लेंगे आनंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के साहूकारा युवा ग्रुप द्वारा पंचम श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फूलों की होली एवं सुप्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका चौहान अपनी सुमधुर वाणी से श्याम बाबा का गुणगान करेंगी। श्री लक्ष्मीनारायण बड़ा मंदिर में सोमवार को श्री श्याम संकीर्तन में भजनों की रसधारा में डूबकर श्रद्धालु बाबा श्याम की महिमा का आनंद लेंगे। कीर्तन में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए जाएंगे। वही इत्र वर्ष से वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर के श्याम भक्तों में उत्साह है। इस दौरान विभु अग्रवाल, रोहित गुप्ता, ऋषभ वार्ष्णेय, जीतेश, दीपक, डॉ गुंजन वार्ष्णेय, प्रवीन अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, तापेश माथुर, मनोज अग्रवाल आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने अमरिया क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में की विकास पर चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अमरिया क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए कहा की कार्यकर्ता चुनावों में वोट प्रतिशत को बढ़ाने के कार्य में अभी से जुट जाये ताकि चुनावों में अच्छे परिणाम सामने आ सके। उन्होनें कहा विगत चुनावों में देखा गया है कि हमारे मतदाता मतदान के बक्त मतदान करने में उदासीन रहते है जिसके कारण हमारा मतदान प्रतिशत कम हो जाता है और जीत का अन्तर घट जाता है यह हमारे लिए चिन्ता का विषय है। उन्होनें पिछले चुनावों के आकड़े बताते हुए स्पष्ठ किया कि हमारे समर्थक मतदाता 80 प्रतिशत होने के बाद भी मतदान 40 प्रतिशत ही करते है जबकि दूसरे दलो के समर्थक मतदाता 40 प्रतिशत होने के बाद भी मतदान 10 प्रतिशत करते है यह हमारे लिए चिन्ता का विषय है और इसके लिए हमे मतदाताओं के बीच जागरूकता लाने की आवश्यकता है और चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभी से जुट जाना है। अमरिया क्षेत्र के बड़ेपुरा स्थित एक इण्टर कालेज में आयोजित क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री संजय गंगवार ने विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए कहा की हमारे समर्थक मतदाता और कार्यकर्ता सरकार की विकास परक योजनाओं का लाभ लेने में भी पीछे रह जाते है जबकि दूसरे दलो के समर्थक हमारी योजनाओं का भरपूर लाभ लेने के लिए आगे आते है चाहे वह उज्जवला गैंस कनैक्सन योजना हो या आवास एवं शौचालय योजना हो अथवा मुफ्त राशन योजना हो ऐसी तमाम योजनाऐं जो सरकार द्वारा जनहित में जारी की जाती है उनका लाभ हमारे समर्थक मतदाता नही उठा पाते इस पर हमे गम्भीरता से विचार करना चाहिए। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने बीते माह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा घोषित की युवा उधमी योजना का जिक्र करते हुए कहा की इस योजना के अन्तर्गत युवाओं को अपना कारोवार शुरू करने के लिए 5 लाख रूपये का ऋण बिना गांरटी और बिना जमानत देने की घोषणा की है लेकिन हमारे समर्थक कार्यकर्ता इस योजना का भी लाभ लेने में अभी तक पीछे है। उन्होनें कार्यर्ताओं से कहा की सरकार की योजनाओं का लाभ समर्थकों तक पहुचाने में अपनी अहम भूमिका निभायें।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान चलाकर लिए गए 13 नमूने जांच हेतु भेजे लैब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदया, बदायूँ के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-प्प् सी0एल0 यादव के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु।

जनपद बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.03.2025 को विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 13 खाद्य पदार्थो के नमूने वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी



किया गया। कार्यवाही किये गये प्रतिष्ठानों का विवरण निम्नवत् है।

1-बिसौली रोड पर 02 वाहन से राइस व्रान तेल के 02 नमूना संग्रहित कर शेष 396 लीटर राइस व्रान तेल, अनुमानित मूल्य लगभग 50,000/- रूपया सीज किया गया। 2-सैदपुर स्थित नेहा स्वीट्स से खोया का नमूना। 3-बाजपुर सहसवान स्थित अकील अहमद के स्पेलर से सरसो तेल का नमूना।4-भवानीपुर रोड अमनपुर चौराहा सहसवान स्थित फर्म नेशनल फ्लोर मिल से गेहू का आटा का नमूना।5-भवानीपुर रोड अमनपुर चौराहा सहसवान स्थित लईक अहमद के आटा मिल से गेहू का आटा का नमूना।

6-अकबराबाद हरदतपुर रोड स्थित नरेश के नमकीन प्रतिष्ठान से कुरकुरा एवं नमकीन मसाला का नमूना। 7-उस्मानपुर स्थित गड्डू के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का नमूना। 8-बिसौली से बेसन एवं कचरी का नमूना9-वजीरगंज से बेसन का नमूना।10-भूड़ बिसौली से छेना मिठाई का नमूना।उक्त संग्रहित किए गए कुल 13 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। समस्त खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढककर रखने, दुकानों में साफ -सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया।

टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-प्प् सी0 एल0 यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0 पी0 सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण सत्येन्द्र सिंह तोमर, शहाबुद्दीन, आजाद कुमार, माता शंकर बिन्द एवं खुशीराम मौजूद रहे।

# प्रस्ताव का असर: व्यापारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ थाने स्तर पर संवाद की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले 21 जनवरी को शहर के एक होटल में पुलिस सुरक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया था कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अवीनाश पांडे रहे सम्मान समारोह के कार्यक्रम में ही ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने मंच पर ही पुलिस अधीक्षक अवीनाश पांडेय के समक्ष जनपद के सभी तहसील एवम थाने स्तर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ संबंधित सीओ व एसडीएम की अध्यक्षता में व्यापारी मीटिंग के आयोजन का प्रस्ताव पुरज़ोर तरीक़े से रखा था। ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल के प्रस्ताव को पुलिस अधीक्षक अवीनाश पांडे ने तत्काल ही मंच पर सहमति दे दी थी। रविवार को पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने आधिकारिक रूप से जनपद के सभी तहसील थानों में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवम व्यापारी के साथ मीटिंग के आयोजन का निर्देश दे दिया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रविवार को सदर कोतवाली, सुनगढ़ी में व्यापारियों के साथ सीओ सिटी ने एक मीटिंग की। मीटिंग में जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों व्यापारियों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा इस महीने होली रमज़ान ईद का बड़ा त्यौहार है हम सभी मिलजुलकर एक साथ मनाते है त्यौहार पर उपद्रवियों एवम एकता को भंग करने वालो पर पुलिस अपनी पौनी नज़र रखे माहौल खराब करने वालों पर दंडनात्मक कड़ी कार्यवाही की जाए। ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल अतिक्रमण अभियान हटाने को अभी होली रमज़ान ईद के त्योहार हो जाने के बाद अभियान चलाने को कहा ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने शहर के समस्त चौराहों पर पुलिस की लगी बैरिकेटिंग बैरियर जो काफी बड़ी जिस कारण जनमानस को काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने 10 नए छोटे बैरियर व्यापार मंडल के सहयोग शहर में लगाने की बात कही। व्यापारी नेता शैली अग्रवाल ने ब्रस्पतिवार को 1 बजे तक बच्चों की होली खेलने का समय भी निर्धारित किया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रोजगारपरक योजनाओं के प्रति रहें गंभीर: डा. अरुण

■ आम जनमानस की समस्याओं को लेकर हुई बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रविवार को जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में बैठक सर्किट हाऊस में आयोजित की गयी।

बैठक में वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार, सांसद बरेली छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य बहा. ेरन लाल मौर्य व कुंवर महाराज, विधायक मीरगंज डा. डीसी वर्मा, विधायक नवाबगंज डा. एमपी आर्य, विधायक फरीदपुर डा. श्याम बिहारी लाल, विधायक बिथरी चैनपुर डा. राघवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बैठक में मंत्री द्वारा जनपद में संचा. लित रोजगार परक योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिसमें इनवेस्टर समिट के अंतर्गत जो एएमयू हस्ताक्षरित हुए हैं उनकी अदयतन स्थिति के बारे में पूछा, जिसपर बताया गया कि कोई एएमयू जनपद स्तर पर लंबित नहीं है। बैठक में रोजगार परक योजना मुख्यमंत्री युवा अभियान योजना के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से लोन सुगमता से दिलाए जाने के निर्देश दिए गए, तथा बैंक के अधिकारियों को उक्त कार्य हेतु विशेष रूप से निर्देशित किये जाने के लिए भी कहा गया। डीएम रविंद्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि समय-समय पर बैंकर्स की बैठक कर निर्देशित किया जाता है और कुछ एक पर कठोर कार्यवाही भी की गयी है, साथ ही आम जन को मुख्यमंत्री युवा अभियान योजना की जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त ग्राम पंचायत घरों पर पम्पलेट भी चस्पा कराये गये हैं। बैठक में चर्चा की गयी कि जनप्रतिनिधिगण टेक्सटाइल इंडस्ट्री (रहपुरा जागीर) में लगवाने हेतु शासन को लिखेंगे, जिससे जनपद के लोगों को रोजगार मिल सके। जिसपर डीएम ने बताया कि रहपुरा जागीर में चकबंदी का कार्य चल रहा है, जिसे शीघ्रता से सम्पन्न कराया जाएगा।

बैठक में फूड पार्क व प्रोसेसिंग सेंटर के संचालन के बारे में भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 183 प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है, 53 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सबसे अधिक लागत का कार्य पुरानी जेल में चल रहा है। बैठक में नगर आयुक्त ने नगर निगम की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सीएम ग्रिड योजना,मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना तथा नगरीय क्षेत्र में पानी निकासी की योजना के बारे में जानकारी दी। बैठक में जनप्रति. निधियों द्वारा बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, बरेली विकास प्राधिकरण से संबंधित मुद्दों की चर्चा की गयी, जिसपर संबधित अधिकारियो को समस्याओं के निस्तारण हेतु नियमानुसार कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में डीएम द्वारा पीएम सूर्य घर योजना, फॉर्मर आईडी, फैमली आईडी आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को उक्त योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित करें।

बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विवाहिता को मारकर फांसी पर लटकाने का लगाया आरोप

■ ससुराल वाले घर से हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में घर में ही फांसी पर लटकी मिली, पुलिस ने उतरवाकर पोस्टमार्टम को भेजा। पति और ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया, पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी।

विशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव दसीपुर निवासी सत्येंद्र की पत्नी 29 वर्षीय रीता ने बीती शाम घर में ही छत के कुंडे से रस्सी से फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे बदायूं के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव खलीलपुर निवासी मायके वालों का आरोप है कि नेत्रपाल ने अपनी बेटी रीता का विवाह सन 2017 में सत्येंद्र से किया था। सत्येंद्र के घर वाले रीता पर मायके से एक भैंस और विवाह में मोटरसाइकिल मिलने के बावजूद दूसरी मोटरसाइकिल लाने का दबाव डालते थे, और अक्सर मायके से रकम भी मंगवाते थे। मृतका की गर्दन में चोट के निशान थे, मायके वालों ने आरोप लगाया कि पति सतेंद्र, सास माया देवी, ससुर रामबाबू, जेठ प्रतिपाल, ननद रजनी ने रीता की पिटाई की, हत्या करने के बाद लाश को फांसी पर लटका दिया और फरार हो गए। मायके वालों को रीता का शव पोस्टमार्टम हाउस पर मिला। उन्होंने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए रीता के पति सत्येंद्र, ससुर रामबाबू, जेठ प्रतिपाल और ननद रजनी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की, जिसमें पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए फरार पति और ससुरालियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

# दावत खाकर लौट रहे ग्राम प्रधान पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

■ पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** कोतवाली देवरनियां व दमखोदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसंत नगर जागीर में शुक्रवार शाम दावत खाकर लौट रहे ग्राम प्रधान पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें ग्राम प्रधान सहित दो को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

विकासखण्ड दमखोदा के ग्राम पंचायत बसंत नगर जागीर के ग्राम प्रधान झमन लाल शाम को पड़ोस के गांव से दावत खाकर लौट रहे थे कि समय करीब 9:30 बजे गांव के ही अर्जुन, चंद्रपाल पुत्र भूपराम, तुलाराम, सुंदरलाल, उमेश कुमार पुत्र खंजन लाल, कमल कुमार पुत्र छोटेलाल ने ग्राम प्रधान को घेर कर जानलेवा हमला कर दिया। ग्राम प्रधान झमन लाल का आरोप है कि विपक्षी सभी लाठी डंडों वरदान हथियारों से लैस थे और उन्हें सभी ने धारदार हथियारों से मारा पीटा। उनकी चीख पुकार पर गांव के ही कुछ लोग बचाने आए तो उनके साथ भी उन्होंने मारपीट की। ग्राम प्रधान झमन लाल ने बताया कि विपक्षियों ने ग्राम प्रधान को जाति सूतक शब्द बोलते हुए गंदी-गंदी गालियां देते हुए कहा कि साले अबकी बार तुझे अधमरा छोड़ रहे हैं, अबकी बार तुझे जान से मार देंगे, और कहा कि तू प्रधानमंत्री बन गया है, तुझे प्रधानी नहीं करने देंगे, तुझे तो गांव से भागकर ही मानेंगे। इस दौरान उन्होंने व मुश्किल भाग कर अपनी जान बचाई और भी रात में ही थाने पहुंचे। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित ग्राम प्रधान की तहरीर के आधार पर अर्जुन, चंद्रपाल, तुलाराम, सुंदर लाल, उमेश कुमार, कमल कुमार के खिलाफ एससी-एसटी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# होली त्यौहार से पहले पुलिस ने जनता को दिया तोहफा

■ 215 मोबाइल पाकर खिल उठे मालिकों के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** होली त्यौहार से पहले पुलिस विभाग ने जनता को एक बड़ा तोहफा दिया है। लगभग 40 लाख रुपए कीमत के 215 मोबाइल फोन, जो गिर गए और गुम हुए थे, पुलिस ने बरामद कर लिए और उन्हें उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिया। इससे मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

एसपी सिटी मानुष पारिक ने पुलिस लाइन में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग ने गुम हुए गिर गए 215 मोबाइल फोनों को ट्रैक करके बरामद किए हैं, जिसकी कीमत लगभग 40 लाख



रुपये है उन्हें वापस लाने के लिए पुलिस ने कड़ी मेहनत की। इसके बाद, उन्होंने मोबाइल फोनों को उनके मालिकों को वापस सौंप दिए। थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव खड़उआ निवासी कृतिका पाठक ने बताया कि 3 महीने पहले एनुअल फंक्शन था वापस घर जा रही थी रास्ते में तीन लड़कों ने रेडमी का मोबाइल छीन लिया था, वह मोबाइल आज मुझे पुलिस के द्वारा मिल गया पुलिस का धन्यवाद करती हूं। महिला सुजाता ने बताया 16 जनवरी को मेरा मोबाइल रेडमी का गुम हो गया था मुझे उम्मीद नहीं थी कि मोबाइल मिल जाएगा यूपी पुलिस ने मेहनत की, और मेरा मोबाइल बरामद हो गया, पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया है जो इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किए हैं मैं पुलिस को सलूट करती हूं।

## एक नजर

### सादगी के साथ मनाया गया 57 वां उर्स-ए-बन्ने मियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** 57वां उर्स-ए-बन्ने मियां सादगी के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर बन्ने मियां के पर पोते साबिर मियां ने कहा कि उर्स हमें एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करते हैं। उर्स हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की भी प्रेरणा देते हैं।



नगर के नई बस्ती शाहजी नगर में 57वां एक रोजा उर्स बन्ने मियां के मौके पर कुल की शुरुआत तिलावते कुरआन के साथ की गई। इसके बाद उलेमाओं ने नात व मनकबत पेश की। फातिहा ख्वानी के बाद हजरत बन्ने मियां के पोते साबिर मियां व निषाद मियां ने बन्ने मियां के दराजात बुलंद होने की दुआ करते हुए देश में अमन और शांति कायम रहने की दुआ की। इस मौके पर शोएब कादरी, नासिर मियां, निषाद मियां, वसीम अनवर अहमद, सद्दाम, फैजान नोमानी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग को शनिवार शाम को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई, पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पडरी निवासी 65 वर्षीय इतवारी लाल की शनिवार शाम को एक निजी अस्पताल से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि इतवारी लाल 3 मार्च को अपने नाती वीरेंद्र के साथ मोटरसाइकिल से एक रिश्तेदार से मिलने के लिए कुडरा कोठी गांव जाने को घर से निकले थे, बाइक को वीरेंद्र चला रहा था, लेकिन गेला गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनको टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार इतवारी लाल और वीरेन्द्र दोनों घायल हो गए, दुर्घटना के बाद कार को पकड़ लिया, पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और घर वालों को सूचना दे दी, कुछ देर बाद अस्पताल पहुंचे घर वाले उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए शनिवार शाम को जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे रास्ता में दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी का नाम प्रेमवती है वह सात बच्चों के पिता थे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल वीरेंद्र की हालत भी नाजुक बनी हुई है।

### मंत्री ने जनता दर्शन में जनसामान्य की समस्याओं का किया निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को तहसील आँवला एवं गुलेडिया स्थित कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन किया।



पशुधन मंत्री ने जनता दर्शन कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयांतर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। पशुधन मंत्री ने कहा कि जीवन मूल्यों में संस्कारों का बड़ा महत्व है, ऐसा ही एक संस्कार है सेवा का भाव। नि:स्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है।

**संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयांतर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश**

# बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटकर जब्त किए मीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** आज रविवार को बिजली विभाग की टीम ने कस्बे में अभियान चलाकर दर्जनों बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटकर मीटर जब्त कर लिए गई बिजली विभाग की इस कार्यवाही से बकायदारों में हड़कंप मच गया

बिजली टीम में कैशियर लायक राम,लाइनमैन शमशाद हुसैन,विजेन्द्र ने वताया कि आज कस्बे के बकील अहमद जिन पर तीन लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि है। इनका कनेक्शन काटकर मीटर जब्त कर लिया गया है।

इसके अलावा जहूर इस्लाम दो लाख, दस हजार, चार सौ बीस रुपये, जलीस अहमद एक लाख, सैतीस हजार छ सौ पांच रुपये,मोहम्मद आसिफ एक लाख नब्बे हजार पांच सौ व्यासी रुपये, सलीम अहमद तीस हजार तीन सौ नौ रुपये, मोहम्मद उस्मान व्यालीस हजार आठ सौ इकत्तीस रुपये के बकाए दारों के कनेक्शन काटकर मीटर जब्त कर लिए हैं।

> बड़े बकायदारों के विरुद्ध वसूली अभियान चल रहा है। बकायदारों को चाहिए कि वह जल्द से जल्द अपनी बकाया राशि जमा कर दें, अन्यथा ऐसे बकायदारों के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान अभी जारी रहेगा।
> **संतोष कुमार शर्मा**
> **अवर अभियंता**
> **विद्युत उपकेंद्र जाफरपुर**

# कैमिकल वाला कचरा नदी में डालने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रुद्रपुर (उत्तराखंड) के अस्पताल व सिडकुल से कैमिकल वाला कचरा टांडा छंगा क्षेत्र में बहने वाली बरोर नदी में डालकर नदी व बातावरण को दूषित करने के मामले में पुलिस कचरा डालने वाले वाहन के ड्राइवर और कचरा डलवाने वाले दो लोगों सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों टांडाछंगा निवासी आगाज पुत्र खलीक अहमद ने बहेड़ी तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर गांव के आहिल अब्बास व अकील अहमद पर आरोप लगाया था कि उक्त दोनों लोगों रुद्रपुर निवासी अरुन कुमार से रुद्रपुर के अस्पताल व सिडकुल से कैमिकल वाला कचरा टांडा छंगा क्षेत्र में वहने बाली बरोर नदी में वाहन संख्या यू.के.06सी. वी से डलवाते हैं, जिससे नदी का पानी और वातावरण दूषित हो रहा है। कई बार मना करने पर भी नहीं मान रहे है। नदी किनारे वादी का खेत है।

11फरवरी को वह जब अपने खेत पर पहुंचा तो उपरोक्त कचरा नदी में डाल रहे थे। मना करने पर उसको गन्दी गालियां दी। तथा अरुन ने एस सी /एस टी का झूठा मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। तहसील दिवस अधिकारी सीओ बहेड़ी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी अरुन कुमार, आहिल अब्बास व अकील अहमद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# पड़ोसी ने घर में घुसकर विवाहिता से की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पति व अन्य ससुरा. लियो की गैर मौजूदगी में अपने घर में झाडू लगा रही विवाहिता को पडोसी ने घर में घुसकर बुरी नियत से दबा. ेचकर छेड़छाड़ शुरू कर दी। अचानक पति के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल को भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को वताया कि शनिवार शाम लगभग 5.30बजे वह अपने घर में झाडू लगा रही थी। उस समय पति व अन्य परिवार के लोग घर पर नहीं थे। इसी बीच मौका देखकर पडोसी आकाश पुत्र जयप्रकाश घर में घुस आया और बुरी नियत से दबोचकर छेड़छाड़ करने लगा, तभी अचानक पति घर पर आ गए। उन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।



# नफरतों को कम करने वाले ही असली देश भक्त हैं: दरगाह प्रमु

■ रमजान में जुमे के दिन होली के त्यौहार के मद्देनजर दरगाह प्रमुख ने अवाम के लिए अपने पैगाम में जारी की एडवायजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** माहे रमजान, रोजे, तराव. ीह, तकमीले कुरआन की महफिलों आदि की धूमधाम और चहल-पहल के बीच खास जुमे के दिन होली जैसे रंगों के त्यौहार के पड़ जाने की वजह से शासन-प्रशासन ही नहीं बल्कि सभी चिन्तित और चाक व चौबंद नजर आ रहे हैं। मजहबी शख्सियात भी फिक्रमंद हैं, ऐसे में सुन्नी सूफी खानकाही बरेलवी विचारधारा के सबसे बड़े भारतीय केंद्र मरकजे अहले सुन्नत दरगाह आला हजरत बरेली शरीफ की बुजुर्ग हस्ती दरगाह प्रमुख हजरत अल्लामा सुब्हान रजा खान सुब्हानी मियां ने कौम के नाम अपने पैगाम में एक एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि रमजान का महीना हर मोमिन के लिए इज्जत व एहति. राम और बरकत वाला महीना है। जिसमें हर ईमान वाला बन्दा ज्यादा से ज्यादा नेकियां कमाने की कोशिश करता है। एक दूसरे की मदद करने की ललक रखता है, और लड़ाई झगड़े और बुराईयों से दूर रहने का प्रयास करता है। यह बाबरकत वक्त हम सब को गरीबों की मदद करने और बेसहारा लोगों को ईद की खुशियां मनाने का मौका देने की तालीम देता है।

हर मुस्लिम की जिम्मेदारी है कि वह अपनी हिफाजत के साथ पाक व साफ कपड़ों में रहकर इबादत करें। इस साल चूके रमजान के महीने और जुमे के दिन होली का त्यौहार भी है और रंग खेलने का वक्त भी सुबह से दोपहर का है। इस लिए अपने लिबास, नमाज के कपड़ों वगैरह की पाकी, हिफाजत और सफाई का खयाल रखते हुए रंग खेलने वाले रास्तों और जगहों पर बिला जरूरत शरअई जाने से परहेज करें और महफूज जगहों पर रहकर अपनी इबादत में वक्त गुजारें।

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में अपने तय शुदा वक्त पर ही नमाज अदा करें। जहां मिली जुली आबादी हो और रोड वाली मस्जिद जहां होली का जुलूस निकलते हो व रंग खेला जा रहा हो उन क्षेत्रों में अपनी सहूलियत के हिसाब से अहले मोहल्ला और अहले मस्जिद उलमा से मशवरा करके जुमे की नमाज का वक्त 2.30 (ढाई) बजे कर लें ये बेहतर रहेगा

# होली के त्यौहार के मद्देनजर पुलिस ने नगर में किया मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** होली के त्यौहार के मद्देनजर पुलिस ने नगर में फ्लेग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिसकर्मी लोगों को शांति का सन्देश देते हुए चल रहे थे।

होली को लेकर पुलिस ने रूट मार्च निकाला, पुलिस ने होली का त्यौहार शान्तिपूर्वक मनाने की अपील की। देश भर में होली का त्यौहार 14 मार्च को मनाया जाएगा। होली के दिन शुक्रवार होने की वजह से पुलिस काफी एहतियात बरत रही है। त्यौहार पर किसी तरह की कोई खुराफात न हो, इसी के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने चौकी इंचार्ज सन्नी चौधरी और पुलिस बल के साथ नगर में फ्लेग मार्च किया। कोतवाली से शुरू हुआ फ्लेग मार्च मेन बाजार नैनीताल रोड, माथुर रोड, मोहल्ला गोदाम, होली चौराहा, पंजाबी कॉलोनी पावर हाउस रोड आदि स्थानों पर घूमता हुआ कोतवाली पर वापस पहुंचकर समाप्त हो गया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला सिपाही का शव, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मीरगंज में रविवार को सुबह 06:30 बजे रेलवे फाटक गूला थाना मीरगंज से मुरादाबाद जाने वाले रेलवे ट्रैक पर एक शव मिलने से हड़कंप मच गया। फाटक पर मौजूद व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को शव के पास मोबाइल मिला।

मोबाइल पर फोन आने पर पता चला कि मृतक 47 बटालियन एच दल पीएससी गाजियाबाद का जवान आरक्षी अंकुर कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी मनोरा थाना सिखेड़ा जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। जो सीएम के आवास पर लखनऊ में ड्यूटी कर रहा था। शव पूरी तरह क्षत विक्षत हो गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचित कर दिया गया है। दूसरी तरफ परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पूर्व मंत्री भगवत सरन के पुत्र का निधन होने पर जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्ति की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पूर्व मंत्री भगवत सरन के पुत्र अमित गंगवार का निधन होने पर झारखंड के राजपाल संतोष कुमार गंगवार, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन आदि जन प्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त की। जानक. ारी के अनुसार नवाबगंज से पांच बार विधायक और सपा सरकार में राज्य मंत्री रहे समाजवादी पार्टी नेता भगवत सरन गंगवार के छोटे पुत्र अमित गंग. वार का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। उन्हें एक दिन पूर्व ब्रेन हेमरेज हुआ था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्हें दम तोड़ दिया। मृतक अमित गंगवार जीटीआई में प्रवक्ता थे। उनकी पत्नी नेहा डीआरएम ऑफिस में कार्यरत हैं। उनके दो बेटे रूद्र तथा दर्श है। भगवत सरन के बड़े बेटे अतुल गंगवार की 4 साल पहले मौत हो गई थी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, शमीम खां सुल्तानी, सांसद छत्रपाल सिंह, डॉक्टर एमपी आर्य, अताउर्रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम, वीरपाल सिंह, सर्वराज सिंह, विजयपाल सिंह, डॉक्टर आई एस तोमर, लाल बहादुर गंगवार, अशोक यादव, मीरगंज विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार, फतेहगंज पश्चिमी नगर अध्यक्ष डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सिंटू पाठक, पूर्व ब्लाक प्रमुख भद्रसेन गंगवार, शिवम सक्सेना, इमरान अंसारी, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी शफीक अंसारी, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन श्रुति गंगवार, सुधा गंगवार आदि थे।

# महंगाई ने बिगाड़ा होली का रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** होली के बाजार में इस बार भी महंगाई के रंग बरसने शुरू हो गए हैं। गेहूं के आटे के साथ खाद्य तेलों ने एकाएक महंगाई की राह पकड़ ली है। आटा तीन से पांच रुपये किलो तक महंगा हो गया है तो खाद्य तेलों पर एक साथ 15 रुपये बढ़ गए हैं। होली की खरीदारी शुरू करने से पहले ही रोजमर्रा की चीजों पर महंगाई ने आम लोगों के कदम रोकने शुरू कर दिए हैं।

त्योहार के मौके पर आटे के दामों में भारी बढ़ोतरी ने आम लोगों का मिजाज ज्यादा बिगाड़ा है। बाजार के आंकड़ों के मुताबिक एक सप्ताह पहले तक मिल के जिस सादे आटे का रेट 3200 रुपये क्विंटल था, वह एकाएक 3500 रुपये हो गया है। ब्रांडेड कंपनियां के आटे की कीमत भी 3800 रुपये से बढ़कर 4100 रुपये क्विंटल तक हो गई है। चक्की का खुला आटा 34 रुपये किलो से बढ़कर 38 रुपये तक पहुंच गया है। इस तरह आटे पर तीन से चार रुपये किलो तक भाव बढ़ा है। सरसों के तेल के एक लीटर के पैक पर 10 रुपये और रिफाइंड पर 10 से 15 रुपये तक भाव बढ़ा है। कुछ दिन पहले तक बाजार में सरसों के तेल का एक लीटर का पैक 155 से 170 रुपये तक का था, वही पैक अब 180 रुपये का हो गया है। रिफाइंड का एक लीटर का पैकट सप्ताह भर पहले तक 150 रुपये का था जो अब 165 रुपये हो गया है। खाद्य तेलों और आटे दोनों पर बढ़ी महंगाई का निम्न और मध्यमवर्ग पर ज्यादा असर पड़ा है।

होली से पहले फलों के भाव भी चढ़ने शुरू हो गया है। सेब इस पूरे सीजन में सौ रुपये किलो से नीचे आया ही नहीं, अब केला, संतरा, कीनू और अमरूद का भाव भी चढ़ने लगा है। जो केला अब तक 50 रुपये दर्जन था, वही अब 60 रुपये हो गया है। कीनू भी 40-45 रुपये किलो से 55-60 तक पहुंच गया है। हालांकि ड्राई फ्रूट और सब्जियों के भाव अब तक लोगों का सुकून कायम रखा है। जनता की मांने तो होली का बाजार उठान पर आने से पहले ही खाद्य तेलों और आटा महंगा होने का असर आम लोगों की खरीदारी पर पड़ने के आसार हैं। होली से पहले कुछ और खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ सकते हैं।



# रेलवे में नौकरी लगवाने के बहाने एक लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** खुद को हनुमान दल का प्रमुख और विधायकों और सांसदों का करीबी बताने वाले युवक ने रेलवे में नौकरी दिलाने के बहाने दो लोगों से एक लाख रुपये ठग लिए। नौकरी न लगने पर पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पटेल विहार में शिव मंदिर के सामने रहने वाले अभिषेक कुमार ने बताया कि वह करगैना चौकी के पीछे रहने वाले शिवा तोमर को जानता है। शिवा ने बताया कि वह हनुमान दल का प्रमुख है और विधायकों और सां. सदों से उसकी अच्छी जान-पहचान है। वह उसकी सरकारी नौकरी लगवा सकता है।

शिवा ने उसे और करगैना के होली चौक निवासी अरबाज अहमद को बुलाया और कहा कि तुम्हारी नौकरी की बात चल रही है। कुछ पैसे दे दो। इस पर उसने और अरबाज ने शिवा को 50-50 हजार रुपये ऑनलाइन दे दिए। पैसे देने के बाद उसने कहा कि तुम्हारी नौकरी बहुत जल्द रेलवे में लग जाएगी।

कुछ दिन बाद नौकरी न लगने पर पूछा तो बहाने करने लगा तो थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# युवाओं की प्रगति के रास्ते का हर बैरियर हटाएगी सरकारः सीएम

## 1070 युवाओं को 48 करोड़ के ऋण कार्यक्रम में हर वर्ग को साध गए योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले नवंबर तक मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी होगी राष्ट्र को समर्पित**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 1070 युवाओं को 48 करोड़ के ऋण वितरण कार्यक्रम में शिरकत किया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के उत्साह और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि 24 जनवरी को शुरू की गई 'सीएम युवा उद्यमी स्कीम' को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। योजना के तहत एक लाख आवेदनों के लक्ष्य के सापेक्ष 2 लाख 67 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें से एक लाख से अधिक आवेदनों को स्क्रीनिंग के बाद बैंकों को भेजा गया, जिनमें से 25 हजार से अधिक को मंजूरी मिल चुकी है और ऋण वितरण शुरू हो गया है। आज मेरठ में 1070 युवाओं को इस योजना का लाभ मिला।

### 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया

मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के 8 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया, जिससे 7 लाख युवाओं को रोजगार मिला। इसके अलावा साढ़े 7 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। एमएसएमई सेक्टर को पुनर्जीवन देकर 96 लाख यूनिट्स के साथ यूपी देश में नंबर एक बन गया है। सवा दो लाख करोड़ के उत्पादों का निर्यात हो रहा है। नतीजतन, बेरोजगारी दर घटी और 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे।

### मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण



मुख्यमंत्री ने इससे पहले मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कहा कि इसे अक्टूबर-नवंबर तक राष्ट्र को समर्पित कर दिया जाएगा। यह विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार हो रहा है और ओलंपिक व कॉमनवेल्थ खेलों के लिए बेहतरीन खिलाड़ी देगा। मेरठ को ओडीओपी का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि खेलों में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा रही है।

### प्रदर्शनी में दिखा युवाओं का हुनर

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने योजना के तहत कारोबार शुरू करने वाले युवाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, सहारनपुर और शामली के युवाओं ने इसमें हिस्सा लिया। सीएम ने कहा कि युवाओं के लिए चुनौती तब चुनौती नहीं रहती, जब सरकार उनके साथ खड़ी हो। नया उत्तर प्रदेश नए भारत का आधार बन रहा है। होली के ठीक पहले इस कार्यक्रम के जरिए 1070 नए युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देने पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि यह युवा ऊर्जा उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में संबल प्रदान करेगी। इससे भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान, सोमेन्द्र तोमर, दिनेश खटीक, सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, अरुण गोविल, राजकुमार सांगवान, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, महापौर हरिकांत अहलुवा. लिया, विधायक अमित अग्रवाल, अश्विनी त्यागी, धर्मेन्द्र भारद्वाज, गुलाम मोहम्मद, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## शहीदों और गौ क्रांतिकारियों को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहीद स्मारक पर पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर श्री अवि मुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमर शहीदों और गौ क्रांतिकारियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के सम्बन्ध में प्रैस वार्ता में कहा कि 33 कोटि देवता गाय माता में वास करते हैं भारतीय संस्कृति में गाय को माता कहा गया है आजादी के 78 सालों के बाद भी सरकारें भारत में गौ हत्या को नहीं रोक पायी गौ हत्या को पूर्ण रूप से रोकने और गाय के बच्चे को बचाने के लिए सरकार को कठोर कानून बनाना होगा।

## हम हैं सिटी वोकेशनल के नन्हें ग्रेजुएट...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोक. ेशनल पब्लिक स्कूल रूट्स किंडर गार्टन में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल का स्वागत प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर एवं रूट्स किंडरगार्टन कॉर्डिनेटर विनी दयाल द्वारा बुके एवं शिक्षिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित गिफ्ट भेंट कर किया गया।

नन्हे-मुन्नों बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक भावनात्मक गीत प्रस्तुत किया। जिसने समारोह को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य ने केजी विंग को छोड़कर प्राइमरी विंग में प्रवेश कर रहे बच्चों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नन्हे छात्रों ने स्कूल में बिताए अपने पलों और अनुभवों को साझा किया।

## ग्राम पंचायत स्तर पर बनेगी सहकारिता समितियांः जेपीएस राठौर

**पूर्व की सरकारों ने किया था सहकारिता को बर्बाद**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को मेरठ के एनएच 58 पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर का दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर एससी समाज के वरिष्ठ नेताओं ने बाबा भीमराव अम्बेडकर का चित्र भेंट किया व जिले के क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ नेताओं ने समाज की ओर से पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट करके भी स्वागत किया। साथ ही किसान एवं सभी समाज के किसान नेताओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का चित्र भेंट करके मंत्री जेपीएस राठौर का स्वागत किया और ब्राह्मण समाज की ओर से भी भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि पूर्व में जो सरकारों ने लूट खसोट करके सहकारिता को बर्बाद किया गया था उसको अब पटरी पर लाया गया है और पहली बार प्रदेश में किसानों को कोऑपरेटिव बैंकों द्वारा लाभांश दिया जा रहा है। अकेले मेरठ में ही कोऑपरेटिव बैंक के खाताधारकों को करीब 7 से 5 करोड़ रुपए लाभांश दिया जाएगा। आने वाले समय में ग्राम पंचायत स्तर पर सहकारी समिति बनाकर किसानों को रोजगार देने का काम ग्रामीण स्तर पर किया जाएग। इस दौरान चौधरी यशवीर द्वारा मंत्री जेपीएस राठौर का भव्य स्वागत कराया गया। इस अवसर पर साथ राज्यमंत्री संजीव सिक्का, भोपाल सिंह चपराना, जिला महामंत्री हरीश चौधरी, ठाकुर विजेंद्र सिंह नेडू, ब्लॉक प्रमुख खरखौदा अतुल त्यागी, जिला पंचायत सदस्य सुनील प्रधान, अनिकेत भारद्वाज विश्वास प्रमुख मानवन, अमित गर्ग, महेश सांगवान सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।

## छात्र नेता को किठौर पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** रविवार को मेरठ पहुंचे सीएम आदित्यनाथ योगी को छात्रों की समस्याओं, दलित मुस्लिम उत्पीड़न और शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जे की घटनाओं से अवगत कराने की जुगत में लगे छात्र नेता को किठौर पुलिस ने घर में ही नजरबंद कर दिया। वहीं रविवार को खेल विश्वविद्यालय के निरीक्षण के लिए मेरठ पहुंचे सूबे के मुखिया आदित्यनाथ योगी को ज्ञापन देने की जुगत में लगे छात्र नेता शान मुहम्मद को पुलिस ने उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। शान मुहम्मद ने बताया कि उन्हें सीएम को ज्ञापन देने जाना था। पुलिस को इसकी भनक लग गई। जिसमें सीसीएस यूनिवर्सिटी में स्थाई परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति, नैक में ए प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्ति पर छात्र हित के दृष्टिगत यूजीसी द्वारा यूनिवर्सिटी में ओडीएल मुक्त व दूरस्थ शिक्षा प्रारंभ करने, फर्जी डिग्रियों को लेकर यूनिवर्सिटी की धूमिल होती छवि के मद्देनजर पिछले एक वर्ष में जारी हुई तमाम डिग्रियों की जांच, रजिस्ट्रेशन से लेकर परीक्षा फार्म भरने, मार्क्सशीट प्रिंट कराने तक यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष कंपनी बदलने और छात्रों के पैसे की बंदरबांट करने की जांच, छह वर्ष से भंग छात्र संघ चुनाव को बहाल करने की मांग की गई है। शहर और देहात की अनुबंधित बसों की समयअवधि समाप्ति के साथ बंद पड़ी बस सेवा को छात्र व आमजन हित में नई सीएनजी बसों के जरिए संचालित किए जाने, तीन वर्ष से निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 709 ए के कार्य में तीव्रता लाने, उत्तर प्रदेश में 2018 से निरंतर हो रहे दलितों के उत्पीड़न और मुस्लिमों के फर्जी एनकाउनटरों को मानवाधिकार और संविधान के खिलाफ बताते हुए उन पर रोक लगाने की मांग की है। किठौर व नंगली में कई शत्रु व सरकारी संपत्तियों के फर्जी बैनामें कर उन पर कुंडली मारे बैठे अवैध कब्जाधारियों की जांच की मांग की। वहीं छात्र नेता शान मोहम्मद ने शाम 5 बजे थाना प्रभारी किठौर को अपने ही आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा।

## जानी में गोकशी, पुलिस ने अवशेषों को गड्ढों में दबाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जानी खुर्द।** क्षेत्र में चौधरी चरण सिंह कावड़ मार्ग पर शनिवार की देर रात गोकशी की घटना सामने आई है। गंग नहर पटरी मार्ग पर टिकरी गांव के सामने गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने तुरंत थाना पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंचे कार्यवाहक थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने गोवंश के अवशेषों को दबा दिया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस घटना का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कही। उन्होंने कहा कि जानी में पहले भी गोकशी हुई है जिसका आज तक खुलासा नहीं हुआ। इस दौरान बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष पवन और विपिन व गौरव गुर्जर ने पुलिस के सामने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं नवनियुक्त थाना प्रभारी संजय पांडे ने कहा कि देर शाम थाने का चार्ज लिया है आरोपी जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

## यूसीसी किसी भी जाति, धर्म या संप्रदाय के विरोध में नहीं हैः धामी

### उत्तराखंड के सीएम का श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में हुआ भव्य स्वागत

**उत्तराखंड की तर्ज पर देश में लागू होना चाहिए यूसीसी कानूनः सुधीर गिरी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार का दिन श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के लिए ऐतिहासिक रहा। देश में सबसे पहले देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने पर श्री वेंकटेश्वरा विश्व. विद्यालय/ संस्थान में उत्तराखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार अभिनन्दन सम्मान किया गया। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के मेजर ध्यानचंद खेल परिसर में आयोजित 'अभिनन्दन सम्मान' में संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, एम.एल.सी. अशोक कटारिया, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, एम.एल.सी. डा. हरि सिंह ढिल्लों आदि ने माननीय मुख्यमंत्री को उत्तराखण्ड की टोपी, पटका, शाल, गदा एवं भगवान् श्री वेंकटेश्वरा की प्रतिमा भेंट कर उनका जोरदार स्वागत करते हुए अभिनन्दन किया। इस क्रम में 'समान नागरिक संहिता' यूसीसी के उत्तराखण्ड में लागू होने से उत्साहित गुरुकुल महाविद्यालय की साहसी छात्राओं ने 'महिला सशक्तिकरण और योग' पर आधारित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति के द्वारा 'ओजस्वी ऊर्जावान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी' का अभिनन्दन सम्मान किया। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री धामी ने समान नागरिक संहिता के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि 'यूसीसी कानून किसी भी जाति, धर्म, संप्रदाय व्यक्ति के विरूद्ध नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता, लैंगिक समानता' को मजबूत करने के साथ जबरन धर्मांतरण से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाओं के साथ-साथ युवा पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए लागू किया गया है इसके साथ ही यह उदगार भी व्यक्त करते हुए कहा कि 'एक संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार है। इस अभिनंदन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने की। इस समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री एवं एम.एल.सी. अशोक कटारिया, गुरुकुल महाविद्यालय की आचार्य डा. सुमेधा दीदी, डा. मधु चतुर्वेदी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी आदि ने भी पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। संस्थान के कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्णकांत दवे ने अभिनंदन पत्र का उदबोधन किया और संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति कुलसि. चव डा. पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. आशुतोष, डा. दिनेश गौतम, डा. राजवर्धन सिंह, डा. योगेश शर्मा, डा. नीतू पंवार, डा. एना ब्राउन, डा. लक्ष्मण सिंह, जनसंपर्क अधिकारी डा. राम गुप्ता के साथ मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन पर सपाइयों को किया नजरबंद

**सपा जिलाध्यक्ष सहित कई नेताओं के घर पुलिस का पहरा**

**छह सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री तक पहुंचाना चाहते थे सपाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक समय था जब सत्ता और विपक्ष दोनों मिलकर जनहित के काम को महत्व देते थे सत्ता पक्ष विपक्ष को भी अपनी बात रखने का मौका दिया करता था, लेकिन आज वक्त बदल गया है जैसे देश के हालात बदल रहे हैं वैसे-वैसे राजनीतिक स्थल बदल रहा है आज हालात और वक्त यह है कि सत्ता पक्ष विपक्षी की कोई भी आवाज सुनना नहीं चाहता साथ ही साथ जब-जब सत्ता पक्ष के नेता शहरों में आते हैं तब-तब विपक्ष के नेताओं को नजर बंद कर दिया जाता है यह नजारा देश के लोकतंत्र के लिए कतई भी ठीक नहीं है। रविवार को मेरठ के अंदर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने डीएम से अनुमति मांगी थी कि वह अपना 6 सूत्रीय मांग पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देना चाहते हैं इसके लिए उन्होंने डीएम से अनुमति मांगी लेकिन अनुमति नही मिली। सपाई अपनी बात रखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम तक न पहुंचे इसके लिए पुलिस ने सुबह के वक्त से ही सपा के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी सपा नेता इकराम बालियान सहित कई नेताओं को घर पर ही नजरबंद किया और भारी पुलिस बल तैनात किया। सपा नेताओं ने प्रशासन की इस करवाई को लोकतंत्र के खिलाफ बताया है। सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है वह जनहित की कोई भी बात सुनना नहीं चाहती, जनहित के मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन हमारा प्रतिनिधिमंडल योगी आदित्यनाथ को देना चाहता था जिसकी अनुमति नहीं मिली। उसके बावजूद हमें घर पर नजर बंद किया गया। विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए और जनहित के मुद्दों को धरातल से खत्म करने के लिए भाजपा सरकार ने ऐसा कराया है लेकिन जनता अब समझ रही है वह सिर्फ धर्म की राजनीति करने वालों के झांसे में नहीं आएगी आने वाले चुनाव में योगी आदित्यनाथ वापस मठ में जाएंगे।

### यह था सपाइयों का मांग पत्र

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने बताया कि वह अपना 6 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को देना चाहते थे जिसमें गन्ने का रेट 450 रुपए करने चीनी मिलों से किसानों का बकाया दिलाने, दलितों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पुलिस को सख्त एक्शन लेने के लिए निर्देशित करना, साथ ही साथ, शहर में लगे कूड़े के ढेरों से निजात दिलाना, सड़कों के गड्ढों की वजह से हो रहे एक्सीडेंट को देखते हुए शहर को गड्ढा मुक्त सड़क देना, इसी के साथ-साथ शहर में बढ़ते जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित करना जनहित की इन मांगों को लेकर समाजवादी पार्टी का प्रति. निधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलना चाहता था जिसको लेकर प्रशासन ने विपक्ष की नो एंट्री का फरमान जारी किया।




रमजान मुबारक

## सब्र, त्याग और शांति का पैगाम देता है रमजान का पाक महीनाः हसीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुस्लिम धर्म के सबसे पवित्र और पाक महीने की शुरुवात हो चुकी है। ऐसे में हर तरफ बाजारों में रौनक है। रमजान के महीने को लेकर मेरठ के समाजसेवी वरिष्ठ युवा नेता हसीन यासीन ने कहा कि यह महीना इबादतों का है, रमजान का यह वही महीना है जिसमे खुदा ने अपनी किताब कुरान को मुकम्मल कर आखरी नबी, पैगम्बर पर लैलतुल कद्र नाजिल की। कुरान सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि दुनिया के तमाम इंसानों के लिए है जिसमे दुनिया के शुरू होने से लेकर आखिरत तक के सारे मसलो का हल और उसकी सच्चाई बयान है। हसीन यासीन ने कहा कि रोजा शब्द अरबी न होकर फारसी है। रमजान का यह महीना हमे सब्र करना, बुरी बातों को छोड़ना उनका त्याग करना, सही और सत्य रास्ते पर चलने, गरीबों की जकात के जरिए मदद करने और अच्छे काम को करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रमजान को तीन भागों में बांटा गया है जिसे तीन अशरे माने जाते है पहला अशरा 10 दिन का जिसमे खुदा अपने नेक बंदों के लिए रहमत नाजिल करते है। वहीं दूसरा अशरा 10 से 20 वे रोजे तक होता है उसमें मगफिरत तो वहीं तीसरा निजात पाने का जरिया होता है। हसीन यासीन ने सभी मुसलमानों से जकात की सही मिकदार गरीबों में तकसीम करने की अपील की है। मौजूदा हालात को देखते हुए उन्होंने कहा कि यह महीना इबादत का है इसलिए सभी मुस्लिम उन चीजों से बचे जिससे दूसरे धर्म के लोगों को दिक्कत न हो, होली और रमजान खुशी के साथ मनाएं और प्रशासन का भी सहयोग करें। रमजान का यह महीना लोगों को इबारत हासिल करने के लिए है अगर हमारे काम अच्छे होंगे तो लोग न सिर्फ हमे अच्छा कहेंगे बल्कि इस्लाम के बारे में भी लोगों को सही जानकारी मिलेगी।

## राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की एक बैठक सुशांत कॉम्पलैक्स में आयोजित हुई जिसमें पूरे साल में क्या-क्या कार्यक्रम रहेंगे, संगठन विस्तार कैसे हो, जिला अध्यक्ष महानगर अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में कैसे काम करेंगे, महानगर अध्यक्ष द्वारा टीम का गठन कैसे-कैसे होगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यक्रम कब-कब और कहां-कहां लगेगा यह सब बैठक में तय हुआ। साथ ही कुछ नियुक्तियां हुईं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा तय हुआ कि किसी भी हिंदू को दबाने नहीं दिया जाएगा और जिहादी मानसिकता सोच वाले मुस्लिम व्यक्तियों से और बहन बेटियां को लव जिहाद से दूर रखने का कार्य राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी प्रण लिया गया।

## शैक्षिक नवाचार एसो. की जनपदीय कार्यकारणी का हुआ पुनर्गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** रविवार को मंथन रेस्टोरेंट में प्रांतीय अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की जनपदीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परिषदीय शिक्षकों द्वारा बेसिक शिक्षा के उन्नयन हेतु नवाचारों पर चर्चा और विचार विमर्श किया गया। एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा शिक्षा में सरली करण करने के लिए अपने अपने सुझाव दिए गए व एसोसिएशन से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया गया।

मनोज कुमार द्वारा बताया गया की शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के गठन का उद्देश्य शिक्षा के स्तर को ऊँचा करना व ऐसे शिक्षकों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है जहाँ वे अपने नवाचारों को प्रस्तुत कर सकें। जिससे उसका लाभ समस्त शिक्षकों को मिल सके व शिक्षकों को कुछ नया सीखने व करने की प्रेरणा मिल सकें। कुछ शिक्षकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत अभिनव प्रयोग किए जाते रहें हैं किन्तु उनका लाभ सर्वभौमिक रूप से शिक्षकों व विद्यार्थियों को नहीं मिल पाता है। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षकों की इस कला को न केवल प्रसारित करता है अपितु उन्हें सम्मानित कर अन्य सामान्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा प्रदान करने का कार्य भी करता है। जनपद रामपुर शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी में लता पाल( जिलाअध्यक्ष), नरेंद्र सैनी (जिला उपाध्यक्ष), आकांक्षा सिंह (जिला महामंत्री), राजीव कश्यप (जिला मंत्री) कुशल राणा (जिला कोषाध्यक्ष ), विवेक सैनी (जिला मीडिया प्रभारी), विशाखा (संयुक्त मंत्री), तरुण उपाध्याय (सदस्य), एकता गुप्ता( सदस्य), श्वेता दूहन (सदस्य ), पूजा रानी (सदस्य ) पद पर मनोनित किए गए। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका रेनू सिंह, पृथ्वी सिंह व भुजवीर सिंह को मण्डलीय कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया।

बैठक का संचालन रेनू सिंह व लता पाल ने किया। प्रांतीय अध्यक्ष मनोज कुमार द्वारा नव गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## रामपुर में हुआ खत्री सभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खत्री सभा रामपुर और महिला खत्री कल्याण समिति रामपुर द्वारा रविवार को खत्री समाज केसभी सदस्यों का सपरिवार रंगारंग होली मिलन समारोह एवं संगीतमय भजन संध्या का कार्यक्रम होटल बॉम्बे पैलेस रामपुर में आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, फैशन शो एवं हाउजी के साथ-साथ दिल्ली से आए सुप्रसिद्ध गायक गगन राठौर द्वारा फूलों की होली एवं भजन संध्या प्रस्तुत की गई। खत्री सभा के अध्यक्ष संतोष कपूर द्वारा समाज के सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी गई एवं बच्चों के प्रदर्शन को सराहा गया। समाज के सभी लोगों ने परिवार सहित शामिल होकर होली का आनंद लिया। अतिथियों का स्वागत नीता कपूर



एवं नीना टंडन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रीना चड्डा एवं नेहा खन्ना द्वारा किया गया। महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष प्रीति कपूर व महासचिव रीना कपूर का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय कपूर एवं उत्तराखंड से पधारे मिकी कपूर जी की उपस्थिति से चार चांद लग गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित कपूर, सी.ए.के.एम . टंडन, एडवोकेट मोहित मेहरोत्रा, पुनीत कपूर, विनीत मेहरोत्रा, अभिषेक कपूर, वीरेंद्र कपूर एवं विमल कुमार कपूर का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के अध्यक्ष को पुलिस ने किया नजरबन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार को लखनऊ विधानसभा का घेराव करने जा रहे भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सुवीर आजाद को ब्लॉक स्थित उनकी दुकान पर ही पुलिस ने नजरबन्द कर लिया। सुवीर आजाद ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में विधानसभा का घेराब होने जा रहा है उनको भी विधान सभा के घेराव में शामिल हिने के लिए लखनऊ जाना था सूचना पर शाहाबाद पुलिस ने उसी की वजह से मुझे पुलिस के द्वारा दुकान पर ही नजरबन्द कर लिया गया। उन्होने आगे बताया कि हमारे सभी



कार्यकर्ता चंद्रशेखर आजाद के लिए हर मुश्किल घड़ी का सामना करने को तैयार है। किसी भी परिस्थिति में हम रुकने वाले नहीं है।

## बाइक की टक्कर से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** नगर के रौरा कला बाईपास के निकट हेमराज पुत्र दीनानाथ निवासी ग्राम रौरा कला रोड पार कर रहे थे तेज गति से आ रही बाइक ने हेमराज के टक्कर मार दी और और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से बाइक सवार युवक को पकड़ा लिया और घायल को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए मृत की सूचना मिलने पर परिवार रोने चिल्लाने लगे। सूचना पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामभर शव पीएम के लिए भेज दिया मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

## सीतापुर के पत्रकार की हत्या के आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** सीतापुर में एक दैनिक अखबार के पत्रकार की हत्या को लेकर जिला रामपुर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने आक्रोश जताते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक जिला रामपुर में ओल्ड आवास विकास में हुई मीटिंग में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मांग उठाई की मृतक पत्रकार के परिजन को एक सरकारी नोकरी और 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए साथ ही आरोपियो पर सख्त कार्यवाही की जाए।



मृतक राघवेंद्र बाजपेयी पत्रकार सीतापुर

मीटिंग में जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम, महासचिव वीरेंद्र कुमार सक्सेना, तहसील मिलक के अध्यक्ष कृपाल सिंह में जिसमें सीतापुर के समाचार पत्र के पत्रकार राघवेंद्र की हत्या की निंदा करते हुए सरकार से उनके हत्या आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर संगठन द्वारा आगे निर्णय लिया जाएगा अंत में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की दुआ की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा सहित संगठन के लोगों ने मिलक तहसील अध्यक्ष कृपाल सिंह के अलावा इकरार हुसैन, अमित जोशी, विकास वशिष्ठ, बलवंत सिंह, संजीव गुप्ता, धीरेंद्र कुमार गंगवार, भुवनेश भार्गव आदि थे।

## मारपीट करने में महिला सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में हुई मारपीट और गाली गलौच करने की घटना में महिला सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर की मोहल्ला वशीर नगर निवासी रिंकी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि मेरा भाई बादल, राजू , प्रेमपाल ,सत्यदेव मेरी भाभी नीरज यह लोग मेरे घर आए और मुझसे बैनामा मांगने लगे रिंकी ने कहा कि बैनामा माता-पिता का है मे तुमको नहीं दूंगी। मेरे इतने बोलते हुए इन लोगों ने मेरे साथ मारपीट तथा गाली गलौज करने लगे जान से मारने की धमकी देते हुए यह व्यक्ति फरार हो गए। इन लोगों ने मारपीट कर मुझे घायल कर दिया पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी।

## बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक युवक घायल ही गया। 25 वर्षीय फैसल खां पुत्र इरफान अहमद निवासी मोहल्ला बेदान अपनी बाइक से जयतोली रोड पर निजी काम से जा रहे थे, सामने से आर हे रहीस पुत्र महबूब मोहल्ला जिलेदारन भी अपनी बाइक से जयतोली की ओर से आर हें थे जैसे ही दोनों ,एफ के एम,हॉस्पिटल के सामने पहुंचे दोनों बाइक आपस में टकरा गई जिसमें इरफान घायल हो गया बाइक की टक्कर देखकर,एफ के एम, में मौजूद स्टाफ दौड़कर आया और दोनों को उठाया। घटना पर पहुंचे इरफान के दोस्त कासिम अपनी बाइक से इरफान को लेकर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया। प्राथमिक उपचार देने के बाद घायल को उसके घर भेज दिया।

## लायंस क्लब रामपुर एलिट द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** लायंस क्लब रामपुर एलिट द्वारा होटल जीनत में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान से की गई। उसके बाद क्लब के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह द्वारा मैरिज एनिवर्सरी और बच्चों को उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर गिफ्ट दिए गए। उसके बाद ढोल नगाड़ों की धुन पर सभी महिलाएं खूब थिरकी। क्लब के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग बिरंगा गुलाल लगाया। क्लब की महिलाओं ने भी फूलों एवं गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम में महिलाओं ने हाऊजी और बच्चों ने गेम्स खेले। क्लब के नए अध्यक्ष के लिए एडवोकेट विनोद कुमार के नाम पर मोहर लगाई गई। इस अवसर पर मनीष खुराना, गौरव



जैन, मुकुल अग्रवाल, एडवोकेट जितेंद्र प्रधान, एडवोकेट विनीत कुमार, एडवोकेट भीकम सिंह यादव, राजीव अग्रवाल, शोभित गोयल, डॉक्टर सुशील कुमार, रजनीश कुमार, शैलेंद्र गोयल, राधेश्याम, आदिश गुप्ता आदि मौजूद रहे।


## रामपुर के शिक्षक को दीक्षांत समारोह पणजी गोवा में किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** डॉ राजवीर सिंह सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार एवं जनपद रामपुर जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद रामपुर को दक्षिणी पश्चिमी अमेरिकी विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका के कन्वोकेशन एंड अवॉर्ड सेरेमनी राष्ट्रीय गौरव आइकन अवॉर्ड 2025 इंटरनेशनल अवॉर्ड द्वारा वनस्पति विज्ञान विषय में मानद डी.लिट (साहित्य में डॉक्टरेट) उपाधि से दीक्षांत समारोह पणजी गोवा 2025 में सम्मानित किया गया है। डी. लिट की मानद उपाधि पी.एच-डी की उपाधि के करने उपरांत असाधारण कार्य, साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान, शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान करने, शोध पत्र प्रकाशित करने के मानकों के अनुसार प्रदान




की जाती है डॉ. राजवीर सिंह ने वनस्पति विज्ञान में हिंदू कॉलेज मुरादाबाद से पी.एच-डी की डिग्री की है। दीक्षांत समारोह का आयोजन 9 मार्च 2025 को द क्राउन होटल पणजी गोवा में आयोजित हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में डी. लिट एक सर्वोच्चतम उपाधि मानी जाती है दीक्षांत समारोह में जॉन पीटर ऑस्बोर्न दक्षिणी पश्चिमी अमेरिकी विश्वविद्यालय जी ए सी एडवाइजर, अंदरेब टेलर एडवाइजर दक्षिणी पश्चिमी अमे. रिकी विश्वविद्यालय, मेंबर ऑफ दिल्ली माइनारटीज कमीशन ऑफ इंडिया डॉ मिलिंद दिवाले, प्रेसिडेंट




ग्लोबल एचीवर काउंसलिंग और भारत के सभी प्रदेशों से जर्नलिस्ट, इंजिनियर डॉक्टर्स आदि उपस्थित रहे। जिनके कर कमलों द्वारा डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। डॉ राजवीर सिंह अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने प्रोफेसर डॉ वी.के भटनागर, अपने भाइयों, अपनी पत्नी और अपने बच्चों, माता पिता का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## मस्जिद में पांच दिन में हुआ कुरान मुकम्मल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हर साल की तरह इस साल भी 5 माहे रमजान मुबारक की छः तरावीह बारोज जुमेरात को मस्जिद घोड़ सवार वाले में कुरान करीम मुकम्मल हुआ।

हाफिज शब्बीर साहब ने रोजाना पांच पारे सुनाकर छः रोज में कुरान मुकम्मल किया और हाफिज मुस्तकी ने समाअत के फराइज को अंजाम दिया। इस दौरान काफी तादाद में नमाजियों ने कुरान करीम सुनकर माहे रमजान मुबारक की नेमतों और बरकतों से माला मॉल हुए। इस मौके पर कारी इल्यास ने माहे रमजान मुबारक के हवाले से



तकरीर की मस्जिद के इंतजामिया सैय्यद मोबीन मियां ने मुल्क के अमन व चौन की दुआ की। इस मौके पर शाह खालिद, अखघ्तर, फरीद सैफी, सलामत जान, सैय्यद फैज मियां आदि हजरात मौजूद रहे।

## पांच साल की हुदा नूर ने रखा रोज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पांच साल की हुदा नूर ने रविवार को अपना पहला रोजा रखा।वह जवाहर जूनियर हाई स्कूल खेमपुर की छात्रा है। इतनी कम उम्र में रोजा पूरा करना गांव में मिसाल बन गया। रिश्तेदारों एवं परिवार वालों ने मासूम बेटी को पहले रोज की मुबा. रकबाद देकर गले लगाया। स्वार क्षेत्र के खेमपुर गांव निवासी दिलशाद हुसैन की पांच साल की बेटी हुदा नूर ने कम उम्र में पहला रोजा रखकर क्षेत्र में मिसाल कायम कर दी। मासूम पहले रोजे से ही रोजा रखने की जिद कर रही थी।रविवार को परिवार वालों के साथ सहरी कर।रोजा पूरा करने पर



इफ्तार के समय मासूम को घरवालों एवं रिश्तेदारों ने मुबारकबाद देकर गले लगा लिया। बच्ची ने अल्लाह से दुआ मांगी की हम सब मुसलमानो मर्द व औरतों को रोज़ा रखने की तौफीक आता फरमाए ओर नमाज के पाबन्द बनाये ।

## चेयरमैन ने विकास कार्यो का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल द्वारा हो रहे विकास कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को मानक के अनुरुप सामग्री लगाने का आदेश दिया। नगर के मोहल्ला चाऊपुरा मे इंटर लोकिग सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो ग्रामीण क्षेत्र के जाने वाले लोगो के लिए अचछी खबर है मोहल्ला चाऊपूरा के मजार से पी. डब्लू.डी. मार्ग तक इंटर लोकिग सड़क का निर्माण कराये जाने से कई गांव सीता रामपुर , अलीगंज, कुंदनपुर चौहद्दा सहित कई गांवो जुडाव नगर पंचायत मसवासी हो



जायेगा। इस सड़क के बनने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भी नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल का आभार जताया।

## युवती ने दी एसपी रामपुर को आत्मदाह करने की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद की एक युवती नें पुलिस अधीक्षक रामपुर को एक पत्र लिखकर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के सामने आत्मदाह करने का उल्लेख किया है। युवती नें कहा है कि आपके निर्देशानुसार दिनांक 16 फरवरी 2025 को थाना मिलक के तहसीलदार मिलक के पेशकार राहुल कोली के खिलाफ 69, 3, 4 के तहत मुकदमा संख्या 57/2025 दर्ज हुआ है जिसे आज पूरे 20 दिन हो चुके हैं। लेकिन थाना मिलक द्वारा तहसीलदार मिलक के पेशकार राहुल कोहली को गिरफ्तार करने में घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिससे मैं बहुत दुखी हूं ऐसे में मिलक पुलिस से मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है। अत: मैं अवगत कराना चाहती हूं कि तीन दिनों के अंदर शनिवार, रविवार, सोमवार तक किसी भी दशा में राहुल को. हली को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। अन्यथा मंगलवार को दोपहर 12 बजे अन्यथा आपके कार्यालय के बाहर आत्महत्या करने के लिए मजबूर होऊंगी जिसकी सभी जिम्मेदारी थाना मिलक की होगी ।

## प्रेम प्रसंग में तीन युवतियां घर से हुई गायब

### युवतियों के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते तीन युवतियां अपने प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के दिलपुरा गांव निवासी एक युवती अपनी सहेली के भाई के साथ फरार हो गई। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला थाना क्षेत्र के एक नजदीकी गांव का है। थाना क्षेत्र के बगड़खा गांव निवासी एक युवक अपने पड़ोस की ही प्रेमिका के साथ फरार हो गया। युवती के परिजनों ने खामोशी के साथ उसकी तलाश शुरू कर दी है। तीसरा मामला थाना क्षेत्र के दो. कपुरी टांडा गांव का है। गांव निवासी एक युवती का पड़ोस के युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी जोड़ा शादी करना चाहता था। लेकिन दोनों के परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे। शनिवार की रात किसी समय युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। शहरी के समय परिजनों ने युवती को गायब देखा तो उनके होश उड़ गए। आसपास तलाश करने पर युवती का कोई सुराग नहीं लगा। थाने पहुंचे युवती के परिजनों ने आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया थाने में दो युवतियों की प्रेमी के साथ भागने की सूचना मिली है

## एसपी ने किया थाना टाण्डा का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक तथा अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना टाण्डा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण आगामी त्योहारों, अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी टाण्डा तथा थाने पर नियुक्त कार्मिको के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । तत्पश्चात थाना टाण्डा क्षेत्रान्तर्गत भीड़ भाड वाले स्थानो पर पैदल गश्त कर जनसंवाद किया गया तथा आमजन से शान्तिपूर्ण ढंग से आगामी त्योहार मनाने की अपील की गयी।



# फिल्मी कलाकारों ने प्रस्तुत की रठौड़ा के पंडाल में जय श्री राम रामायण

## पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने किया दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ



मिलक। रठौन्डा मेला में कलाकारों का पूजन कर कार्यक्रम का श्रुभारम्भ करते पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** किसान मेला रठौड़ा में जय श्री राम रामायण श्रीराम की लीलाओं का मंचन फिल्मी कलाकारों द्वारा किया गया। इस दौरान बॉलीवुड से आए काल. कारो ने भगवान श्री राम के चौदह वर्ष वनवास, सीता माता से विवाह व रावण के द्वारा भोलेनाथ की तपस्या और रावण वध को फिल्मी पर्दे की तरह दर्शाया गया। शनिवार को महाशिवरात्रि से चल रहे किसान मेला रठोंडा में जय श्री रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फिल्मी सीरियल कलाकारों ने श्री राम की कथा का सुंदर वर्णन करते हुए अद्भुत प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रावण द्वारा भगवान भोलेनाथ की भक्ती का दृश्य दर्शाया गया। जिससे प्रसन होकर भोलेनाथ से रावण ने विश्व में सर्वशक्तिमान बनने का वरदान मांगा। भक्ती से प्रसन्न होकर रावण को वरदान देने के बाद असुरों की संज्ञा देते हुए शंकर जी ने भगवान के रूप में पृथ्वीलोक पर श्रीराम के अवतरण की घोषणा की।जिसके बाद कार्यक्रम में राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह का प्रसंग का आयोजन हुआ। जहां श्री राम ने धनुष तोड़ कर सीता के साथ विवाह किया। विवाह उपरांत राजा दशरथ की पत्नी ने अपने पुत्र भरत के लिए राज सिंहासन और पुत्र राम को 14 वर्ष के वनवास का बचन मांगा।

जिस पर राजा दशरथ ने पूर्व में दी गए बचन के अनुसार पुत्र राम से राज योग का सुख भोगने की जगह बनवास को कहा। दुखद मन से से राजा दशरथ ने अपने प्रिय पुत्र राम को बनवास के लिए कहा। जिसके बाद अपने पिता के आदर्शवादी पुत्र होने के नाते राम बनवास काटने के लिए तैयार हो गए।जब वह वनवास जाने लगे तो उनके भ्राता भरत ने भी उनके साथ जाने की इच्छा जाहिर की और माता सीता ने भी साथ रहने की अनुमति मांगी।उधर लक्ष्मण ने अपनी पत्नी उर्मिला से अपने भाई श्रीराम के साथ जाने को अनुमति मांगी। परिवार की सहमति के बाद भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता 14 वर्ष के लिए वनवास के लिए प्रस्थान कर गए। वन में निवास करते हुए रावण की बहन सुपनखा जंगल में घूमते हुए भगवान श्रीराम पर मोहित हो गई और उनके साथ विवाह की इच्छा जाहिर की।।देर रात तक भगवान राम और रावण की दुखदता के मंचन का दर्शकों ने देखा और रामायण की कथा को पुनर्जीवित महसूस किया। रामायण रावण की भूमिका में अभिनेता पुनीत इस्सर,राम की भूमिका में सिद्धांत इस्सर,हनुमान की भूमिका में बिंदु दारा सिंह,सीता की भूमिका में समीक्षा भटनागर ने निभाई और लोगों को भावविभोर होने पर मजबूर कर दिया।इस अवसर पर राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, सुनीता सैनी, मोहनलाल सैनी, संजीव अग्रवाल, महा सिंह राजपूत, टेकचंद गंगवार, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, हरीश गंगवार, दिनेश शर्मा, अशोक बिश्नोई, कृष्ण अवतार लोधी, धर्मवीर मित्तल, डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंग. वार, गन्ना समिति के चेयरमैन रजनीश पटेल, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, कुंवर नरेंद्र सिंह गंग. वार मंडल अध्यक्ष रवि दिनेश शर्मा रियासत अली दिलीप अरोड़ा सोनू लोधी जलालुद्दीन आदि सहित सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी जगह–जगह मुस्तैद रहा

# रामपुर के सांसद ने संभल के सीओ के बयान को बताया भड़काऊ बयान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** संभल के सीओ अनुज चौधरी ने होली के दिन जुमे की नमाज को लेकर जो बयान दिया था जिसमें कहा था कि होली साल में एक बार आती है और जुमा साल में 52 बार आता है मुस्लिम समुदाय के लोग होली के दिन अपने घरों से नहीं निकलें। जिसको लेकर काफी नेताओं सहित धर्म गुरुओं ने उनके बयान की निंदा की है और एक गलत मेसेज बताया है। जिसपर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना बयान जारी करते हुए कहा है कि पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी एक पहलवान हैं और उन्हें अर्जुन अवार्ड से भी नवाजा गया है पहले तो त्योहार को शांति व्यवस्था के साथ मनाने के उद्देश्य से कहा है और अगर कोई गलत तरीके से मानता है तो वह एक पहलवान हैं उनके मुंह से निकल गया तो उसमें बुरा मानने की कोई बात नहीं है। जिस पर रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा है कि सीओ का बयान गलत है उन्होंने जो कहा है वो एक सम्बेधानिक व्यक्ति को नहीं कहना चाहिए और अगर वह बयानवाजी करना ही चाहते हैं तो सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति शुरू कर दें।उन्होंने योगी जी के बयान पर कहा है कि वह देश की जिम्मेदार हंसती हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी हैं उन्होंने संविधान तथा ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ ली थी कि किसी भी तरीके से किसी से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और ना ही किसी जाति विशेष या धर्म के प्रति कोई गलत बयान बाजी करेंगे जबकि वह एक गलत बयान बाजी करने वाले व्यक्ति का समर्थन कर रहे हैं जो कि गलत है उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। वह बयान बाजी करने वाले लोगों का समर्थन तो कर रहे हैं प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं मिल पा रही है। सरकारी टीचरों की तनख्वाह मात्र 10 हजार रुपये है जो की मजदूरी करने वाले व्यक्ति की मजदूरी से भी कम है इसलिए पहले उन्हें अपनी सरकार की व्यवस्थाओं को देखना चाहिए उसके बाद ही कोई बयान बाजी करनी चाहिए।

# मसवासी क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थान पर हुई गोकशी की वारदात, पुलिस में मचा हड़कम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** स्वार थाना क्षेत्र के पट्टी कला और बब्बरपुरी में दो अलग–अलग स्थान पर गोवंश पशुओं के अवशेष मिले हैं। अवशेष बरामद होने पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मौके पर हंगामा किया पुलिस ने पशुओं के अवशेष को जेसीबी से गड्डा खोदकर दवा दिया है। स्वार थाना क्षेत्र के पट्टी कला कोसी नदी क्षेत्र में भारत स्टोन क्रेशर के नजदीक रविवार की सुबह गोवंशीय पशु का कुछ लोगों ने वध कर लिया सूचना पाकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अर्जुन कुमार गुप्ता और रवि कुमार मौर्य समेत तमाम कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान वध करने वाले लोग भी भीड़ को देखकर घबरा गए और मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गए। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर कोतवाल कुलदीप सिंह चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मौके से बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। वध हुए पशुओं के मौके पर अवशेष पड़े हुए थे और एक बोरे में मांस पॉलिथीन पैक था। पुलिस ने घटना के नजदीक जेसीबी मशीन से गड्डा खोदकर अवशेष और मांस को गड्डे में दफन कर दिया।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं ने काफी देर हंगामा किया और मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उधर शिव नगर बब्बरपुरी में घोंघा नदी के नजदीक गोवंश पशुओं के अवशेष मिलने से हड़कम्प मच गया। कुछ अवशेषों को गड्डे से निकलकर कुत्ते खींच रहे थे इसी बीच मामले की सूचना कुछ ग्रामीणों ने पुलिस को दी कोतवाल कुलदीप सिंह क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन से गड्डे को गहरा करके खुदवा कर अवशेष को दवा दिया गया। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेने के लिए गांव में ही दबिश दी। लेकिन पुलिस के कोई हाथ नहीं लग सका है। उधर कोतवाल कुलदीप सिंह ने बताया की अवशेष मिले हैं शीघ्र ही गोवंश पशुओं का वध करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# व्यापारियों ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी को रेल मंत्रालय सलाहकार समिति भारत सरकार में सदस्य मनोनीत किए जाने पर समस्त व्यापारियों द्वारा अपने भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ नागरिकों व व्यापारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल व मालाओं से भारी भरकम तरीके से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से आम जनता व व्यापारी समाज की समस्याओं का समाधान कराकर देश में उद्योग व व्यापार विकसित किये जाएगे साथ ही कहा कि रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे व व्यापारी समाज को मजबूती प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जनपद रामपुर का विकास कराने के लिए मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज की जल्दी शुरुआत व राजकीय रजा डिग्री कॉलेज में एलएलबी व वी ए एलएलबी, एलएलएम में अन्य क्लासेस शुरू कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा , वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राज बहादुर यादव, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, इकराम अली ,विजय गगरी ,महबूब अली, संजय गुप्ता, हरिओम सैनी, अकबर अली सोनू सैनी, भजनलाल प्रजापति, फहीम अहमद, आसिफ उल्लाह खान, अब्दुल सत्तार लाल, अनिल यादव, प्रदीप यादव, ओमकार श्रीवास्तव, राजू सुमन मंडल अध्यक्ष, अशोक राठौर, राजीव लोचन अन्य सैकड़ो पदाधिकारी व जनता के लोग उपस्थित रहे।

# होली के महापर्व पर लोगो में खुशी का माहौल, बाजारों में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** होली का त्यौहार नजदीक आता जा रहा नजदीक आते ही, लोगो में होली को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रही है।

आने वाली 14 और 15 मार्च को मनाई जाने वाले होली के त्यौहार को लेकर बच्चे, जवान, बूढ़े में अभी से उत्साह देखने को मिल रही है। बाजारों में रंग गुलाल व नई नई डिजाइन की पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं, जहां लोगों ने भी खरीददारी शुरु कर दी हैं।

नगर की बाजारों से लोगो ने गुजिया बनाने का सामान एव अन्य सामान की खरीददारी शुरू कर दी हैं। नगर के बच्चो ने अभी से होली पर्व की शुरुआत कर दी हैं और अभी से होली मनाते हुए दिख रहे हैं।

दूसरी ओर होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है और फ्लेग मार्च करके लोगों में त्योहारों पर शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश सभी नगर बासियों में पहुचाया जा रहा हैं द्य होली महा पर्व को लेकर बाजारों में भी होली के सामान की दुकानें सज गई हैं, जहां खरीददारी के लिए लोग पहुंचना भी शुरु हो गए हैं, लोग रंग गुलाल व पिचकारियों की दूकानों से खरीदारी करने में जुटे हुए हैं।

पुरानी बाजार, मेंन मार्केट, बजरंग चौक आदि जगहों पर होली के सामान की दुकानें सजी हुई हैं जहां लोगों द्वारा जमकर खरीदारी भी की जा रही है, नगर के विभिन्न विभिन्न स्थानों पर होली की स्थापना भी कर दी गई जिसका विधि विधान से पूजन व दहन किया जाएगा।

# बाबा साहेब की विचार धारा को जन–जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन की कैडर संगोष्ठी मिलन समारोह मीटिंग गांव खूटा खेड़ा डॉ.अंबेडकर पार्क तहसील बिलासपुर जनपद रामपुर प्रदेश अध्यक्ष अंकित कुमार आजाद के नेतृत्व में की गई। अंकित कुमार आजाद ने कहा बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों एवं डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर मान्यवर काशीराम तथा बहन कु. मायावती की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का मीटिंग में उपस्थित ग्राम वासियों से आह्वान किया। तथा भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन डॉक्टर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के अनुयाई बनाकर काम करो बहुजन समाज के मसीहा बाबा साहब के दलितों शोषितो पर बहुत एहसान है जिसके लिए सभी को उनके प्रति एवं उनकी विचाराधारा के प्रति कर्मठ रहकर हम सबको भी बहुजन समाज के लिए निस्वार्थ होकर काम करने का सौभाग्य प्राप्त हो सके। तथा भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन हमेशा बहुजन समाज के साथ खड़ा है परंतु समस्त बहुजन समाज को अपनी ताकत की पहचान नहीं होगी तथा बहुजन समाज में तमाम स्वार्थी लोगों को समझ कर अपने वोट की ताकत को पहचाने और उसका सही इस्तेमाल कर बहुजन समाज को मजबूत करने का काम करें। भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन एक सामाजिक संगठन है परंतु बहुजन समाज में हो रहे अत्याचार एवं जन्मों के खिलाफ बहुजन समाज को जागरूक कर अपनी सरकार बनाने का संकल्प लें जिससे कि बहुजन समाज पर हो रहे अत्याचारों से छुटकारा मिल सके। अन्यथा हम अब नहीं जागे तो हम आने वाले समय में बहुजन समाज गुलामी की तरफ फिर से चला जाएगा इसलिए खुद भी सतर्क रहो और बहुजन समाज वह भी अंधविश्वास और पाखंड वादियों से सचेत करने का काम भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन हमेशा करता रहा है और करता रहेगा।

विचार गोष्ठी में अंकित कुमार आजाद (प्रदेश अध्यक्ष), एडवोकेट सत्यपाल सिंह बादल (प्रदेश सचिव), राजेश खन्ना ( मंडल प्रभारी), दीपू कुमार आजाद (मंडल अध्यक्ष), सुरेश कुमार जिला कोषाध्यक्ष, रामोतार अंबेडकर, विपिन कुमार (विधानसभा अध्यक्ष), अनमोल सागर, अजय कुमार, राजकुमार आजाद कौशांबी जिला अध्यक्ष , डॉक्टर शिव कुमार ब्लॉक संयोजक कुंदरकी, राहुल कुमार, राजीव अंबेडकर, भीम प्रिय गौतम, धर्मेंद्र सागर, अरविंद कुमार, अनूप सिंह, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, बॉबी सागर, योगेश कुमार, संदीप सागर, राहुल सागर आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट करने में महिला सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में हुई मारपीट और गाली गलौच करने की घटना में महिला सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है नगर की मोहल्ला वशीर नगर निवासी रिंकी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि मेरा भाई बादल, राजू ,प्रेमपाल ,सत्यदेव मेरी भाभी नीरज यह लोग मेरे घर आए और मुझसे बैनामा मांगने लगे रिंकी ने कहा कि बैनामा माता–पिता का है मे तुमको नहीं दूंगी मेरे इतने बोलते हुए इन लोगों ने मेरे साथ मारपीट तथा गाली गलौज करने लगे जान से मारने की धमकी देते हुए यह व्यक्ति फरार हो गए इन लोगों ने मारपीट कर मुझे घायल कर दिया पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी।

# मेडिकल पर दवा लेने पहुंची युवती से छेड़खानी

## विरोध करने पर युवक ने की मारपीट, पुलिस ने गिरफ्तार कर शुरू की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में मेडिकल पर दवा लेने पहुंची नर्सिंग होम संचालिका के साथ युवक ने छेड़खानी की। छेड़खानी का विरोध करने पर आरा. पी युवक ने युवती से मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। छेड़खानी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मेडिकल स्वामी को हिरासत में ले लिया है।

मामला थाना क्षेत्र के बगड़खा चौराहा के नजदीक का है। एक युवती चौराहे पर अपना नर्सिंग होम चलाती है। रविवार सुबह युवती पास के ही मेडिकल से दवा खरीदने के लिए गई थी। आरोप है मेडिकल चलाने वाले युवक ने युवती के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। युवती के विरोध करने पर आरोपी युवक आग बबूला हो गया और मारपीट करने लगा। किसी तरह युवती आरोपी के चंगुल से छूट कर बाहर आई और शोर मचाने में लगी। छेड़खानी की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया। कुछ देर के अंदर ही थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई और पूछना शुरू किया है कुछ देर के अंदर ही पीड़िता भी अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। थाना अध्यक्ष करम सिंह ने बताया मामला छेड़खानी का नहीं मारपीट का है। मामले की जांच की जा रही है आरोपी पर कानूनी कार्रवाई होगी।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सपा नेता के आवास पर पहुॅचे सांसद

## आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिले रामपुर के सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी नरपत नगर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य कौसर खाँन के आवास पर पहुँचे और उनकी आकस्मिक मौत पर दुख जताया उन्होंने दफन में शरीक ना रहने का अफसोस जताया दुखी परिवार से मिलकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

उन्होंने इस दौरान कहा कि कौसर खान सामाजिक सेवा की जिंदा मिसाल थे, कट्टर समाजवादी थे उन्होंने रामपुर और स्वार के लिए तरक्की के कई काम किए उन्होंने स्वार के अंदर सब्जी और फल मंडी की स्थापना कर हजारों लोगों को कारोबार दिया, कोसी आंदोलन से जुड़कर कोसी के पानी को फैक्ट्री से लड़कर साफ कराया, अचानक उनके दुनिया से जाने से समाज को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, सांसद ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य कौसर खान के बेटे आयाम खान और असद खान से सब्र करने और उनके लिए मगफिरत की दुआ की बात की ।

उनके साथ इस दौरान मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, पूर्व प्रधान महफूज बेग, आयाम खान, असद खान अरशान खान हाफिज नूरी, हाजी अय्यूब, नासिर शेख, उस्मान, डॉक्टर मेहंदी हसन, जुबेर यासीन खाँन, एडवोकेट और दर्जनों समर्थक मौजूद रहे थे।

# जैंड्सचुल्प से हार कर नोवाक जोकोविच इंडियन वेल्स से हुए बाहर



■ डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** सार्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच दूसरे दौर में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स से बाहर हो गए हैं। दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में शनिवार को डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने नोवाक जोक.ोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच के साथ पिछले कई सालों में यह दूसरी बार है जब उन्हें कैलिफोर्निया में हार का सामना करना पड़ा हैं। मैच के बाद जैंड्सचुल्प ने कहा कि मैंने वास्तव में अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे सेट में नोवाक ने वापसी की। अंत में तीसरे सेट में अपनी लय वापस पाकर मैं खुश था। वहीं दिन के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को इटली के माटेओ अर्नाल्डी से 6-4, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा तथा 17वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स को अमेरिका के जेनसन से 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।





## 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी में

# 28वीं अंतरवाहिनी कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ

**प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। सेनानायक एके सिन्हा ने सभी टीमों की परेड की सलामी ली**

**झांसी, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के झांसी में 33वीं वाहिनी पीएसी के मैदान में रविवार से तीन दिवसीय 28वीं अंतर वाहिनी कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता (बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म्स रेसलिंग और कुश्ती) का भव्य शुभारंभ हुआ। ,

यहां 33वीं वाहिनी पीएसी के मैदान पर पीएसी पूर्वी जोन की कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ सेनानायक अजीत कुमार सिन्हा (आईपीएस) द्वारा कबूतर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे पीएसी पूर्वी जोन की 10 टीमों 04वीं वाहिनी प्रयागराज, 12वीं वाहिनी फतेहपुर ,20वीं वाहिनी आजमगढ, 33वीं वाहिनी झांसी, 34वीं वाहिनी वाराणसी, 36वीं वाहिनी वाराणसी, 37वीं वाहिनी कानपुर नगर, 39वीं वाहिनी मिर्जापुर, 42वीं वाहिनी नैनी प्रयागराज, 48वीं वाहिनी सोनभद्र ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। सेनानायक ए के सिन्हा ने सभी टीमों की परेड की सलामी ली और उन्हें खेलों को पूरी खेल भावना से संपन्न करने की शपथ दिलायी। प्रतियोगिता के शुरूआती चरण में हुए उद्घाटन मैच में हुई फ्रीस्टाइल कुश्ती के 65 किलोग्राम भारवर्ग में 20वीं वाहिनी आजमगढ़ के आरक्षी राजकुमार ने अपने प्रतिद्वंदी को शिकस्त देते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद 70 किलोग्राम भारवर्ग में 4वीं वाहिनी प्रयागराज के आरक्षी शिवम सिंह ने जीत का परचम लहराया। इसी क्रम में बॉलक्सग के 80 किलोग्राम भार वर्ग में 33वीं वाहिनी झांसी के आरक्षी कुलदीप यादव ने 39वीं वाहिनी मिर्जापुर के आरक्षी प्रियांशु के बीच कड़ा मुक.ाबला हुआ और दोनों के पंच इतने मजबूत रहे कि मैच ड्रा हो गया। उद्घाटन समारोह में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपीनाथ सोनी,सहायक सेनानायक इश्तियाक अहमद, शिविरपाल प्रणव कुमार सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक धर्मराज सिंह भदौरिया आदि रहे।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 98 रनों से हराया

● इस जीत के साथ न्यजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है

**नेल्सन, वार्ता।** जॉर्जिया प्लिमर (112) की शतकीय और कप्तान सूजी बेट्स (53) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबा.जों के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुक.ाबले में श्रीलंका को 98 रनों से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये थे। विशमी गुणरत्ने (छह), कप्तान चामरी अटापटू (पांच), को हर्षिता समरविक्रमा (आठ) को जेस केर ने आउट किया और इमेशा दुलानी (11) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कविशा दिलहारी और नीलाक्षिका सिल्वा ने पारी संभालने का प्रयास किया।

दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में ब्रुक हैलीडे ने कविशा दिलहारी (45) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अनुष्का संजीवन (23) रन बनाकर आउट हुई। 44वें ओवर में ईडन कार्सन ने एक छोर थामे खड़ी नीलाक्षिका सिल्वा (45) को आउट कर न्यूजीलैंड की जीत पक्की कर दी। न्यूजीलैंड के गेंदबा.जों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए श्रीलंकाई बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिये। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 50 ओवर में 182 के स्कोर पर सिमट गई। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर और फ्रान जोनास ने तीन-तीन विकेट लिए। ईडन कार्सन को दो विकेट मिले। ब्रुक हैलीडे और मैडी ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जॉर्जिया प्लिमर और कप्तान सूजी बेट्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 108 रन जोड़े। 22वें ओवर में सचिन निसानसाला ने सूजी बेट्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सचिनी निसानसाला ने 69 गें.दों में 53 रन बनाये। एम्मा मैकलियोड (चार) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ब्रुक हैलीडे ने प्लिमर का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में सुगंधिका कुमारी ने ब्रुक हैलीडे (36) को आउट कर इस साझेदारी को अंत किया। 45वें ओवर में सुगंधिका कुमारी ने शतक बना चुकी जॉर्जिया प्लिमर को भी आउट कर पेवलियन भेज दिया।

## रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को हराया

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में रविवार को रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को 2-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। आज यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मैच के पहले हॉफ में 1-1 की बराबरी के बाद वायु सैनिकों ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन कई मौकों पर चूक के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पघ। भारतीय वायुसेना पर रॉयल रेंजर की जीत का फायदा फ्रेंड्स यूनाइटेड को मिल गया। विजेता टीम रॉयल रेंजर्स के लिए प्लेयर ऑफ द मैच यमन सिंह और करमन्य बंसल ने एक-एक गोल किये।

## गुकेश विश्व चैंपियन सभी प्रारूप में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विश्व चैंपियन और भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बयान में कहा कि वह सभी प्रारूपों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। गुकेश ने हालांकि, क्लासिकल शतरंज को सबसे महत्वपूर्ण बताया। गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था।

गुकेश का मानना है कि वह इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते कि शतरंज दो गुटों में बंट जाएगा। गुक.ेश ने कहा कि फ्रीस्टाइल शतरंज जहां रोमांच पैदा करता है वहीं अपने समृद्ध इतिहास के साथ क्लासिकल शतरंज हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बना रहेगा। शतरंज में अभी दो वर्ग सामने आ रहे हैं। इनमें एक वर्ग जहां फ्रीस्टाइल का समर्थक है, तो दूसरा वर्ग क्लासिकल शतरंज के प्रति वफादार बना हुआ है। इससे शतरंज में विभाजन की संभावना बन गई है। गुकेश ने एक समाचार चौनल के कार्यक्रम में कहा, मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। फ्रीस्टाइल काफी रोमांचक है और मैं इसमें खेल कर खुश हूं, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह तेजी से आगे बढ़ रहा है।

फ्रीस्टाइल में अभी तक केवल दो ही बड़े टूर्नामेंट हैं। मैं चाहता हूं कि फ्रीस्टाइल सशक्त हो जाए लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह शतरंज के मूल प्रारूप पर हावी हो जाएगा। क्लासिकल शतरंज का इतिहास और विरासत इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज के साथ फ्रीस्टाइल का जुड़ना खेल के लिए अच्छा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि यह प्रारूप कैसे आगे बढ़ता है। मैं सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं। गुकेश ने इसके साथ ही सात से 14 अप्रैल तक होने वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम टूर के पेरिस चरण के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की।

# SBI ग्रीन मैराथन दिल्ली में संपन्न





■ मैराथन पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ श्रेणियां में हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसबीआई ग्रीन मैराथन का पांचवां सत्र रविवार को मिर्ची के सहयोग से राजधानी दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज यहां सेंट्रल सेक्रेटेरिएट स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित हुई समापन दौड़ को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाई। मैराथन पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ श्रेणियां में हुई। इस दौड़ में कुल छह हजार धावकों ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया। अमन सिंह, तुष्मा सेठी, दीपक छिल्लर, किरण छिल्लर और श्वेतांश धर जैसे अनुभवी धावक ने प्रतिभागियों को फिनिश लाइन पार करने के लिए प्रेरित किया। इस मैराथन का उद्देश्य सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) और हरित भविष्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था जिसमें पूरे शहर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देश के 11 शहरों में आयोजन करने के बाद आज राजधानी दिल्ली में यह मैराथन सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मैराथन में भारतीय नौसेना और भारतीय सेना के जवानों की भागीदारी। इस दौरान सभी धावकों को जैविक टी-शर्ट (ऑर्गेनिक टी-शर्ट) दिए गए, प्लांटेबल बिब्स प्रदान किए गए और कार्यक्रम में उपयोग की गई सभी सामग्रियों को अधिकतम पुनर्नवीनीकरण क्षमता के साथ तैयार किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मिर्ची दिल्ली के आरजे सात्विक और आरजे कृष्ण ने प्रतिभागियों को उत्साहित किया।

# केकेआर ने ओटिस गिब्सन को नियुक्त किया सहायक कोच



■ ओटिस ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में दो कार्यकाल 2007-10 और 2015-17 पूरे किए हैं

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक.ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2025 टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले ओटिस गिब्सन को सहायक कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

बारबाडोस के पूर्व तेज गेंदबाज के नाम 650 से अधिक प्रथम श्रेणी विकेट हैं। ओटिस ने कोच के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने से पहले 1995-1999 तक टेस्ट और वनडे दोनों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में दो कार्यकाल 2007-10 और 2015-17 पूरे किए हैं। उन्होंने 2010-14 तक वेस्टइंडीज के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान, टीम ने 2012 में श्रीलंका में अपना पहला आईसीसी विश्व टी 20 खिताब जीता। वह 2017-2019 तक दक्षिण अफीकी टीम के मुख्य कोच बने और तब से टी-20 फैंचाइज़ सर्किट में कई कोचिंग पदों पर रहे। ओटिस केकेआर में एक मजबूत सहयोगी स्टाफ इकाई में शामिल हो

# शतक से चूकी वॉल की धमक से यूपी वॉरियर्स जीता





■ यूपी वारियर्स ने डब्ल्यूपीएल के एक मैच में न सिर्फ लीग के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

**लखनऊ, वार्ता।** जॉर्जिया वॉल (99 नाबाद) भले ही अपने शतक से चूक गयी हों लेकिन उनकी तूफानी पारी की बदौलत यूपी वारियर्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में न सिर्फ लीग के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया बल्कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को ऑल आउट कर 12 रन की सनसनीखेज जीत अपने नाम कर ली। यूपी वारियर्स ने पहले खेलते हुए पांच विकेट पर 225 रन बनाये जिसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स की पूरी टीम 19-3 ओवर में 213 रन बना कर सिमट गयी। वारियर्स के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी चैलेंजर्स ने शुरु से आक्रामक अंदाज अपनाया मगर रन रफ्तार तेज करने के प्रयास में उसके पांच शीर्ष खिलाड़ी 11 ओवर के खेल में 107 रन बना कर पवेलियन लौट गये जिससे वारियर्स की आसान जीत के कयास लगाये जाने लगे मगर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (69) ने छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से मैच में जान फूंक दी वहीं पुछल्ली स्नेह राणा ने मात्र छह गेंदों पर तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 26 रन बना कर मैच को अपने पक्ष में करने की पुरजोर कोशिश की मगर अंततः जीत मेजबानों के खाते में आयी। इससे पहले प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी यूपी वारियर्स के बल्लेबाजों ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में गरज चमक के साथ बल्लेबाजी की। वॉल को अंतिम गेंद पर शतक पूरा करने के लिए दो रन चाहिए थे लेकिन वह एक ही रन बना सकीं और डब्ल्यूपीएल के इतिहास में पहला शतक आते आते रह गया। हैं और अब स्मृति मंधाना की रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 226 रन चेज करने होंगे जो उनके लिए एक मुश्किल चुनौती है मगर यह चुनौती डब्ल्यूपीएल में रोमांच लाने के लिए काफी है। एक के बाद एक तीन हार से बौखलायी यूपी वारियर्स के तेवर आज बदले हुए नजर आये। ग्रेस हैरिस (39) और वॉल की जोड़ी ने पहले सात ओवर में 11 रन प्रति ओवर के हिसाब से स्कोरबोर्ड पर 77 रन लगा दिये थे। हैरिस सात चौके और एक छक्के लगाकर आक्रमक अंदाज में थी मगर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गयी। उनके आउट होने के बावजूद यूपी की रफ्तार थमी नहीं जब नई बल्लेबाज किरण नवगिरे ने मात्र 16 गेंदो में 46 रन ठोक दिये जिसमें उनके दो चौके और पांच गगनचुंबी छक्के शामिल थे। नवगिरे नामक तूफान का अंत जॉर्जिया वेयरहम ने किया। वेयरहम का अगला शिकार शिनेल हेनरी (19) बनी। इस बीच दूसरे छोर पर वॉल की रफ्तार पर अंकुश लगाने के चैलेंजर्स के गेंदबाज नाकाम रहे और यूपी वारियर्स अपने श्रेष्ठतम स्कोर की ओर निर्बाध रुप से बढ़ता रहा।

# बांग्लादेश ने किया जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के कार्यक्रम का ऐलान





फाइल फोटो

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने जिम्बाब्वे के बांग्लादेश के आगामी टेस्ट दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की है।

● **पहला टेस्ट 20-24 अप्रैल दूसरा टेस्ट 28 अप्रैल से 02 मई**

यह सीरीज 20 अप्रैल को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी, इसके बाद 28 अप्रैल से चटगाँव के ज़हूर अहमद चौधरी स्टेडियम में दूसरा टेस्ट होगा। जिम्बाब्वे और बांग्लादेश ने आखिरी बार खेल के सबसे लंबे प्रारूप में जुलाई 2021 में एक-दूसरे का सामना किया था।

# सम्पादकीय

सोमवार, 10 मार्च 2025

## सरकार को घेरने की तैयारी

आज सोमवार से संसद के बजट सत्र का दूसरा सत्र शुरू हो रहा है। इसके हंगामेदार रहने के आसार हैं, क्योंकि ट्रंप के भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भारत भेजना, टैरिफ का मामला, वक्फ अधिनियम व बेरोजगारी को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहेगा। सरकार को चाहिए यदि सत्र को शांतिपूर्ण और सुचारू चलाना है, तो विपक्ष की बातों को सुनना होगा। यह सत्र आज सोमवार से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलने की बात कही गई है। इस सत्र में सरकार को घेरने की विपक्ष की पूरी तैयारी है क्योंकि सरकार का मुख्य उद्देश्य वित्त विधेयक 2025 को पारित कराना है। इसके अलावा कुल 3 दर्जन विधेयकों को सरकार पारित कराना चाहती है। इनमें से 26 विधेयक राज्यसभा में और 9 विधेयक लोकसभा में लंबित हैं। सरकार के एजेंडा में कई और महत्वपूर्ण बिल है जिसे वो संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में ही पास करवाना चाहेगी। वक्फ विधेयक का उद्देश्य बोर्डों की पारदर्शिता और जिम्मेदारी बढ़ाना है, जिसमें वक्फ संपत्तियों के दावों की जांच और बोर्ड में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी शामिल है। हालांकि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठनों ने इस विधेयक के कुछ प्रावधानों पर आपत्ति जताई है, इसे मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए विरोध किया है। इंडिया गठबंधन ने दावा किया है कि वे इस विधेयक को संसद में पारित नहीं होने देंगे। इन परिस्थितियों को देखते हुए वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को पारित कराना सरकार के लिए कठिन हो सकता है, क्योंकि इसके लिए व्यापक राजनीतिक सहमति आवश्यक होगी। बजट सत्र के इस दूसरे पार्ट में विपक्षी दल अमेरिका द्वारा टैरिफ हटाने को लेकर बढ़े दबाव को भी मुद्दा बनाए जाने की संभावना है। साथ ही डीएमके समेत दक्षिण भारत की कुछ पार्टियां जनसंख्या को आधार बनाकर परिसीमन और शिक्षा मंत्रालय द्वारा 3 भाषा के इस्तेमाल के मुद्दे पर भी आक्रामक रह सकती हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट पर सामान्य चर्चा के लिए दो दिन और विभाग की मांगों पर चर्चा के लिए पांच दिन आवंटित किए गए हैं। सरकार को चाहिए कि कोई भी अधिनियम पारित करने से पहले सभी को विश्वास में लेना चाहिए और ऐसे प्रयास होने चाहिएं कि इन अधिनियमों के पारित होने से किसी एक समुदाय को नहीं, बल्कि सभी समुदायों को होना चाहिए। कांग्रेस के पास मौका है कि वह भारत के हितों, खासकर किसानों और विनिर्माण क्षेत्र के हितों पर सरकार से सवाल पूछकर इनकी रक्षा कर सके। मालूम हो कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकियों के साथ व्यापार पर बातचीत करने के लिए वाशिंगटन डीसी में हैं। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प के एक वीडियो बयान का जिक्र करते हुए जिसमें उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष कुछ टैरिफ कटौती पर सहमत है। इसी बजट सत्र में मणिपुर में ताजा हिंसा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाने की धमकी और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर भी संसद में हंगामा होने की उम्मीद है।

## सम्भल के सीओ के बयान पर सुप्रीम कोर्ट खुद ले एक्शन



**वर्दी** पहने संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को साल में 52 जुमा और होली के एक त्योहार पर जैसा बयान देना ठीक नहीं है, पुलिस अधिकारी ही ऐसे बयान देंगे, तो सौहार्द कैसे बनेगा, ऐसे अधिकारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करे, सम्भल के सीओ ने यहां तक कहा कि जिस किसी को लगता है कि होली का रंग लगने से उसका धर्म नष्ट हो जाएगा, वह उस दिन अपने घर में रहे, सीओ की भाषा शैली ठीक नहीं है, यह बात सभ्य तरीके से भी कही जा सकती थी, क्या दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, क्यों नफरत फैला रहे हैं, एक अधिकारी का इस तरह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है, ऐसे व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को भी खुद कार्रवाई करनी चाहिए।

**इमरान मसूद**
**कांग्रेस सांसद**

# कब सुधरेंगी स्वस्थ सेवाएं

**आज 75 वर्ष बाद भी हालत यह है कि गरीब की सेहत सुधरना तो दूर स्वास्थ्य सेवाओं की ही सेहत खराब दिखाई देती है, विभिन्न दलों की सरकारों के शासन के बावजूद नए-नए नारों से, नए-नए वायदों से, नई-नई योजनाओं के सपने दिखाकर देश का पैसा बर्बाद किया जाता रहा है, स्वास्थ्य आदमी की बुनियादी जरूरत है, इसलिए उसकी चिंता जितनी आम आदमी को होती है उतनी ही सरकार को भी होनी चाहिए, जाहिर है कि सभी चालू सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार आना चाहिए, नियोजित विकास के तहत देश के कई प्रदेशों के देहातों में सामुदायिक विकास खण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की गई, मूल सोच यह थी कि ग्रामवासियों के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण सेवाएं एकीकृत रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी**



**विनीत नारायण**

आजादी के बाद नियोजित कार्यक्रम के तहत देश भर में जो कार्यक्रम शुरू किए गए थे, उनमें ग्रामीण इलाकों के लिए स्वास्थ्य परियोजनाएं भी थीं। मकसद था देश के देहातों में स्वास्थ्य सेवाओं का जाल बिछाना ताकि गरीब लोगों की सेहत सुधर सके। आज 75 वर्ष बाद भी हालत यह है कि गरीब की सेहत सुधरना तो दूर स्वास्थ्य सेवाओं की ही सेहत खराब दिखाई देती है। विभिन्न दलों की सरकारों के शासन के बावजूद नए-नए नारों से, नए-नए वायदों से, नई-नई योजनाओं के सपने दिखाकर देश का पैसा बर्बाद किया जाता रहा है। स्वास्थ्य आदमी की बुनियादी जरूरत है।

इसलिए उसकी चिंता जितनी आम आदमी को होती है उतनी ही सरकार को भी होनी चाहिए। जाहिर है कि सभी चालू सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार आना चाहिए। नियोजित विकास के तहत देश के कई प्रदेशों के देहातों में सामुदायिक विकास खण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की गई। मूल सोच यह थी कि ग्रामवासियों के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण सेवाएं एकीकृत रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी। जिनमें उपचार, वातावरण स्वच्छता (सुरक्षित पेय जय आपूर्ति व कूड़ा-मलमूत्रा निपटाना), मातृ शिशु स्वास्थ्य, विद्यालय स्वास्थ्य, संक्रामक रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य शिक्षा व जन्म-मृत्यु आंकड़ों का संकलन जैसी सेवाएं शामिल थीं। दूसरी पंचवर्षीय योजना की समाप्ति पर देश भर में हज़ारों प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र स्थापित हो चुके थे।




मैदानी क्षेत्रों में 5000 व पर्वतीय क्षेत्रों में 3000 की आबादी पर एक मातृ शिशु स्वास्थ्य उपकेन्द्र भी खोले गए। इन उपकेन्द्रों पर प्रसवपूर्व, प्रसव के दौरान व प्रसवोपरान्त स्वास्थ सेवाओं के साथ प्रतिरक्षण, निर्जलीकरण उपचार के लिए घोल वितरण और खून की कमी दूर करने के लिए आयरन या फोलिक एसिड की गोलियां बांटना व अन्धेपन व नेत्रारोग से बचाव हेतु विटामिन घोल बांटना शामिल था। कालान्तर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवर्तित होना था। इसलिए पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान इन केन्द्रों में जहां शल्य क्रिया, बाल रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ व पैथोलॉजी सेवाएं और बढ़ाई गई वहीं प्रत्येक केंद्र में मरीजों के लिए उपलब्ध बिस्तरों की संख्या 6 से 30 कर दी गई। जाहिर है इस पूरे तामझाम पर जनता का अरबों रुपया खर्च हुआ। पर क्या जो कुछ कागजों पर दिखाया गया, वह जमीन पर भी हो रहा है? देश के किसी भी गांव में जाकर असलियत जानी जा सकती है।

इतना ही नहीं आबादी के तेजी से बढ़ते आकार के बावजूद देश भर में जनसंख्या पर आधारित सेवा केन्द्रों व कर्मचारियों को बढ़ाने का काम कई वर्षों से ठप्प पड़ा है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों के हाल इतने बुरे हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोई भी विशेषज्ञ अपनी नियुक्ति नहीं चाहता। प्रशिक्षण केन्द्रों का पूरा स्टाफ व साज सज्जा दशकों से बेकार पड़ी है। इस तरह ऐसे सेवा केन्द्र चिकित्सकीय व स्वास्थ्य सेवाएं तो न मुहैया करा पाए, अलबत्ता नसबन्दी कराने के केन्द्र जरूर हो गए।

1970-71 से 1991-92 तक नसबंदी के अलावा यहां कुछ भी नहीं हुआ। बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के दौरान जो फर्जी नसबंदी का दौर चला था, वह अभी थमा नहीं है। नसबंदी की उपलब्धियां फर्जी तौर पर बढ़ा चढ़ाकर बताई जाती रहीं और इन्हीं 'उपलब्धियों' की एवज में नौकरशाह करोड़ों रुपये के पुरस्कार लेते रहे। इस तरह देश की बेबस जनता पर दुहरी मार पड़ी है। साल 2000 में विश्व बैंक द्वारा 'भारत जनसंख्या परियोजना' लागू हुई। योजना का मूल उद्देश्य सेवा संगठनों को मजबूत करना था। फलत: एक ओर नव निर्माण शुरू हुआ दूसरी ओर नए चिकित्सकीय सेवा केन्द्र खोले गए। देश में कई उपकेन्द्र गांव से दूर बनाए गए, जो कभी इस्तेमाल नहीं हुए। आज ये केंद्र वीराने में खण्डहर बन चुके हैं। ऐसी योजनाओं के नाम पर तमाम ब्यूरोक्रेट-टेक्नोक्रेट अमरीका, थाईलैण्ड, इंग्लैण्ड आदि से प्रशिक्षण लेकर आए। पर जहां से प्रशिक्षण लेने गए थे, वहां वापिस लौटकर नहीं आए। उन्हें उनकी नियुक्ति दूसरी जगह कर दी गई, आखिर क्यों? जब यही करना था तो लाखों रुपया प्रशिक्षण पर बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? इसी तरह सूचना शिक्षा संचार के नाम पर प्राइवेट छपाई भी लाखों रुपये खर्च करके करवाई गई। जनचेतना फैलाने के नाम पर छपवाई गई यह स्टेशनरी कभी काम नहीं आई। न जाने कितने फार्म छपे व रद्दी में बिक गए।

इस पूरे कार्यक्रम के नतीजे असन्तोषजनक थे। ऐसा विश्व बैंक द्वारा कराए गए मूल्यांकन से पता चला। नतीजतन देश के कई प्रदेशों में 'भारत जनसंख्या परियोजना 3,4,5' नहीं दी गई। पर 'भारत जनसंख्या परियोजना-6' इनमें से कई प्रदेशों को मिल गई। जिसका मूल उद्देश्य श्रम संसाधनों का विकास करना था। इस योजना के तहत ऊपर के अधिकारी तो विदेशी सैरगाहों में घूम आए पर नीचे का स्टाफ भी पीछे नहीं रहा। वे भी अहमदाबाद, गांधीग्राम, मुंबई में सैर सपाटे करता रहा।

फिर आया सूचना क्रांति का दौर। स्वास्थ्य सेवा भले ही लोगों को न मिले पर सूचना के आधुनिक उपकरणों को खरीदनें में संकोच क्यों किया जाए? सूचना नहीं तो कमीशन की आमदनी तो होगी ही। इसलिए प्रौद्योगिकी से तालमेल बिठाए रखने के नाम पर कराड़ों रुपये के सैकड़ों कंप्यूटर व व बाकी का साजो सामान खरीद लिया गया। जनजागरण के नाम पर हजारों टी.वी. व अन्य उपकरण भी खरीदे गए, जो स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकारियों के बंगलों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

परिवार प्रशिक्षण के लिए पहले जहां थोड़े बहुत क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र थे उनके स्थान पर दुगने केन्द्र खोल दिए गए। जिनका भवन निर्माण हुआ, साज-सज्जा के लिए भारी खरीदारियां की गईं, पर योजनाबद्ध तरीके से कभी कोई प्रशिक्षण नहीं हुआ। दरअसल तो इन केन्द्रों में पहुंच वालों की बारातें टिकती रहती हैं। गरीब जनता के पैसे से खरीदे गए कंप्यूटर व साज सज्जा अपनी मूल पैकिंग में रखे रखे ही आउटडेटेड हो गए।

# क्या कुत्ते पलके झपकाकर दुआ-सलाम करते हैं?

आपको कहीं कोई परिचित दिख जाए तो कभी हाव-भाव से, तो कभी पलकें झपका आप उससे दुआ-सलाम कर लेते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। कई बार पलकें झपकाकर किसी बात पर सहमति भी जता देते हैं। कुल मिलाकर हम हाव-भाव से और पलकें झपकाकर अपने साथियों से कई बातें कर लेते हैं। वो भी बिना सोचे-विचारे। यह बरबस ही अनुक्रिया के तौर पर हो जाता है। इस तरह से संवाद करना मनुष्यों और अन्य प्राइमेट्स में दिखाई देता है। अब, रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन बताता है कि कुत्ते भी पलकें झपकाकर आपस में संवाद करते हैं।

शोधकर्ताओं को यह तो पहले से ही पता था कि पालतू कुत्ते जब दूसरे कुत्तों के आसपास होते हैं तो पलकें ज्यादा झपकाते हैं। ऐसा भी लगता है कि जब तनाव या टकराव की स्थिति बढ़ती दिखाई देती है तो वे अपने साथी कुत्तों और इंसानों के साथ भी शांति बनाए रखने के लिए पलकें झपकाते हैं। इसके अलावा, कुत्ते अन्य कुत्तों के जम्हाई लेने और खुशमुमा चेहरे बनाने पर वही व्यवहार दोहराते हैं, जिससे लगता है वे संवाद करने और रिश्ते बनाने के लिए चेहरे के भावों की नकल (फेस मिमिक्री) करते हैं। कुत्तों में बार-बार पलकें झपकाने का व्यवहार देख पर्मा विश्वविद्यालय की वैकासिक जीवविज्ञानी चिआरा कैनोरी को लगा कि क्या पलकें झपकाने का यह व्यवहार फेस मिमिक्री का हिस्सा है या कुछ अलग है? इस सवाल का जवाब जानने के लिए कैनोरी और उनके साथियों ने टेरियर, कॉकर स्पैनियल, और बॉर्डर कोली कुत्तों के 12-12 सेकंड लंबे कई वीडियो बनाए। उनके सामने कोई खिलौना या खाने का सामान रखा गया था।

**शोधकर्ताओं को यह तो पहले से ही पता था कि पालतू कुत्ते जब दूसरे कुत्तों के आसपास होते हैं तो पलकें ज्यादा झपकाते हैं, ऐसा भी लगता है कि जब तनाव या टकराव की स्थिति बढ़ती दिखाई देती है तो वे अपने साथी कुत्तों और इसांनों के साथ भी शांति बनाए रखने के लिए पलकें झपकाते हैं**

**स्रोत फीसर्च**

कुछ वीडियो क्लिप्स में शोधकर्ताओं ने देखा कि कुत्ते पलकें झपका रहे थे, जबकि कुछ में नहीं झपका रहे थे। शोधकर्ताओं को कुछ वीडियो ऐसे भी मिले जिनमें कुत्ते नाक चाट रहे थे और लालसा या झुंझलाहट का भाव दिखा रहे थे। इसके बाद शोधकर्ताओं ने वीडियो को संपादित किया और उनसे 71 सेकंड लंबी एक वीडियो क्लिप बनाई जिसमें कुत्ते हर 4 सेकंड के अंतराल पर पलक झपकाने और नाक चाटने की हरकत करते दिखाई दे रहे थे। इसे उन्होंने एक बड़े पर्दे पर रेंडम तरीके से चुने हुए विभिन्न नस्लों के 54 वयस्क पालतू कुत्तों को दिखाया। हां, चुनाव करते समय शोधकर्ताओं ने इस बात का ध्यान ज़रूर रखा था कि वीडियो में दिख रहे कुत्ते इन 54 कुत्तों से पहले कभी न मिले हों। वीडियो दिखाते समय शोधकर्ताओं ने दर्शक कुत्तों के भावों को पढ़ने के लिए उन पर हार्ट मॉनिटर लगाए और उनकी प्रतिक्रियाओं का वीडियो भी बनाया।

इन सभी रिकॉर्डिंग का विश्लेषण करने पर पाया गया कि कुछ दर्शक कुत्ते तो वीडियो से ऊब गए और सो गए, लेकिन बाकी ने कुछ प्रतिक्रियाएं दिखाईं। दर्शक कुत्तों ने दो अन्य प्रकार के हाव-भाव की तुलना में पलक झपकाने के वीडियो के प्रति औसतन 16 प्रतिशत अधिक पलकें झपकाईं। पलकें अधिक बार झपकाने से लगता है कि कुत्ते शायद पलक झपकाने की नकल करते हैं। हालांकि शोधकर्ता इन परिणामों को थोड़ा सावधानी से समझने को कहते हैं। उनका कहना है कि अधिक बार पलकें झपकाने का मतलब यह नहीं है कि कुत्ते सोच-समझकर पलकें अधिक बार झपका रहे हैं। यह हमारी तरह का मामला हो सकता है। हम मनुष्यों की तरह कुत्ते भी शायद अवचेतन रूप से संवाद कर रहे होंगे। भले ही पलक झपकाना पूरी तरह से सोच-समझकर प्रत्युत्तर देने का व्यवहार न हो, लेकिन परिणाम बताते हैं कि कुत्ते इसे सार्थक तरीकों से उपयोग करने लगे हैं। पलक झपकाना एक संकेत हो सकता है कि मैं शांत हूं, तुम भी शांत रहो। इसके विपरीत, अध्ययन में यह भी देखा गया कि दर्शक कुत्तों ने वीडियो के कुत्तों को नाक चाटते देखकर अपनी नाक नहीं चाटी, बल्कि उन्होंने अपनी आंखों काश्वेत पटल (स्क्लेरा) अधिक दिखाया। यह अवलोकन थोड़ा हैरत में डालता है क्योंकि वैज्ञानिक अब तक इस प्रतिक्रिया को कुत्तों के किसी सशक्त भावावेग- सकारात्मक या नकारात्मक के प्रदर्शन से जोड़कर देखते आए हैं। इस मामले में साफ है कि इन कुत्तों ने ऐसे किसी भावावेग की अनुपस्थिति में यह प्रतिक्रिया दी।



# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज़-ए-सियासत

1980 के दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम-घूमकर भारतीय समाज को 85:15 का जनसंख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था-वोट हमारा,राज तुम्हारा-नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज़ होता गया। यहां तक कि 'तिलक, तराज़ू और तलवार जैसा' अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में ख़ूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गए। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नए राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज़ परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज़ तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि-मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी क़तार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी। तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्राय: देखी जाने लगीं तथा उनके श्क्रन्तिकारी श व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे।



कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफ़ी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज़ तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुए कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी' के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं।



**कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफ़ी विवाद भी खड़ा किया गया, परन्तु तेज़ तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रूपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं**

मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन, वही पार्टी अब सत्ता, वैभव, आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नज़र आने लगी। यहां तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिए बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस 'मनुवादी' व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की ज़रुरत महसूस हुई तो तिलक, तराज़ू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा -हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था।

परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गईं। कभी अपने को ज़िंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नज़र आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रुपये वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमाएं लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नज़र आई थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नज़र ही नहीं आया। और आख़िरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फ़ैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाज़ा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख़ अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बख़ूबी वाक़िफ़ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी 'इंडिया' गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की 'बी' टीम बता डाला।



**निर्मल रानी**

## रमजान में स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए इन 5 सरल स्किनकेयर टिप्स को अपनाएं

रमज़ान का पाक महीना चल रहा है। इस दौरान मुसलमान आध्यात्मिक ध्यान, आत्म-अनुशासन और रोजे रखते हैं। इस दौरान आपकी स्किन के लिए भी एक चुनौती हो सकती है। लंबे समय तक व्रत रखने से और अपने आहार में बदलाव व गर्मी के कारण आपकी त्वचा का डिहाइड्रेशन और बेजान महसूस कर सकती है। इस लेख में हम आपके त्वचा को चमकदार बनाने के लिए कुछ आसान उपाय बताए हैं।

### इन पांच स्किनकेयर टिप्स को फॉलो करें...

### 1 अपने दिन की शरुआत हाइड्रेशन से करें, सिर्फ कॉफी से नहीं

रोजे का मतलब यह नहीं है कि आप अपनी त्वचा को नमी नहीं दे सकते जिसकी उसे ज़रूरत है। एक्सपर्ट के मुताबिक सहरी के बाद, पानी, नारियल पानी या हाइड्रेटिंग हर्बल चाय पीने पर ध्यान दें। आपकी त्वचा आपके हाइड्रेटेड महसूस करेगी और जितना अधिक आप रोजे के घंटों के दौरान पीते हैं, उतनी ही आपकी त्वचा कोमल और चमकदार रहेगी। पानी पीना न छोड़ें।

### 2 चेहरे को साफ करें...

जब आप उपवास कर रहे होते हैं, तो आपकी त्वचा पर थोड़ा ज़्यादा दबाव पड़ सकता है। अपनी त्वचा से प्राकृतिक तेलों को हटाएं बिना अशुद्धियों को दूर करने के लिए सौम्य, हाइड्रेटिंग क्लींजर का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। कठोर क्लींजर से बचें जो आपकी त्वचा को टाइट और रूखा महसूस करा सकते हैं।

### 3 चेहरे को मॉइस्चराइज करें...

रमज़ान के महीने में रोजे रखते समय डिहाइड्रेशन होने लगता है। इस दौरान त्वचा को मॉइस्चराइजिंग करना जरुरी है। सोने से पहले आपनी त्वचा पर मॉइस्चराइजर करें, ऐसे मॉइस्चराइजर लगाएं जो स्किन को हाइड्रेशन प्रदान करें।

### 4 फेस मास्क जरूर लगाएं...

खासतौर पर फेशियल मास्क केवल पैमपर के लिए नहीं होते, बल्कि ये आपके रमज़ान स्किनकेयर रूटीन का एक ज़रूरी हिस्सा हैं। चाहे वो हाइड्रेटिंग शीट मास्क हो, डिटॉक्सिफ़ाई करने के लिए क्ले मास्क हो या जेल मास्क हो, ये सभी आपको तुरंत चमक प्रदान करता है जब आपको इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत होती है।

### 5 स्क्रब का इस्तेमाल करें...

एक्सफोलिएशन चिकनी और चमकदार त्वचा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। हफ्ते में 2 बार सौम्य स्क्रब का इस्तेमाल करें, इससे मृत त्वचा को. शिकाएं हट जाएंगी और त्वचा ताजा और चमकदार दिखाई देगी।

# हिंसा की आग में झुलसा सीरिया, लगे लाशों के ढेर



**1000** से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं पिछले दो दिनों में

**125** सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य मृतकों में शामिल

**148** पूर्व शासन के प्रति वफादार लोग मृतकों में शामिल

## सेना व असद समर्थकों में झड़पें, अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के लोगों को उतारा जा रहा मौत के घाट

**दमिश्क।** सीरिया के तटीय क्षेत्र में जारी संघर्षों में दो दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,018 हो गई है, जिनमें 745 नागरिक शामिल हैं। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और बशर अल-असद के समर्थकों के बीच भयंकर संघर्ष जारी है, इसमें अलावी समुदाय के लोगों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने पिछली रिपोर्टों में संशोधन करते हुए बताया कि नए प्रशासन से जुड़े अर्धसैनिक समूह इस सप्ताह की शुरुआत में अपदस्थ बशर अल-असद सरकार के बचे हुए समर्थकों द्वारा सरकारी सैनिकों पर किए गए हमलों के जवाब में हुई हत्याओं में शामिल रहे हैं, जिसमें 16 सुरक्षाकर्मी मारे गए। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि घात लगाकर किए गए हमले पूर्व नियोजित थे। ऑब्जर्वेट्री ने कहा कि कुल मृतकों में से 125 सरकारी सुरक्षाबलों के सदस्य थे और 148 पूर्व शासन के प्रति वफादार सशस्त्र समूहों के आतंकवादी थे। लताकिया के जनरल सिक्योरिटी डायरेक्टोरेट के प्रमुख मुस्तफा किनिवती ने कहा कि हम नागरिक शांति बनाए रखने और सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस सिद्धांत के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीरिया में गृह युद्ध जैसी स्थिति चरम पर है। यहां पर हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) की अंतरिम सरकार के सुरक्षाबलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। सुरक्षाबलों ने अलावी संप्रदाय के लोगों के खिलाफ बदला लेने वाली कार्रवाई शुरू कर दी हैं। हिंसा के समय रूह कंपाने वाली वारदातों के बारे में वहां मौजूद लोगों ने बताया। हर ओर लोगों के लाशों का ढेर पड़ा हुआ दिखाई दिया, महिलाओं के साथ मानवीयता की सारी हदें पार कर दी गईं।

इस हिंसा में पिछले 2 दिनों में एक हजार लोगों की हत्या कर दी गई। वहां के हालात को देखकर हर कोई हैरान है। सुरक्षाबलों की ओर से हिंसा को कंट्रोल करने के लिए हिंसा ग्रसित इलाकों की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया गया है। सीरियन आब्जर्वेट्री फार ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, जिन समूहों के बीच झड़प हुई उनमें से 745 मरने वाले लोग ऐसे हैं जो देश के नागरिक हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों को नजदीक से गोली मारकर हत्या की गई है। 125 सरकारी सुरक्षा बल के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 आतंकवादी भी मारे गए हैं। असद के शासन के दौरान, अलावी समुदाय से जुड़े लोगों को सेना में उच्च पद और दूसरे विशेषाधिकार से जुड़े पदों का फायदा मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले यहां हयात तहरीर अल-शाम के नए शासन के लागू होने के बाद, अलावी लोगों को पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने की वजह से बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। गृह युद्ध जैसी हालात से जूझ रहे सीरिया में ब्रिटेन स्थित सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स ने बताया कि हिंसा की वजह से यहां के हालात बिल्कुल भी ठीक नहीं हैं। लोगों को आधारभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। यहां पर लताकिया शहर के कई अलावी बहुल इलाकों में बिजली और पीने के पानी के सप्लाई को भी रोक दिया गया है। हिंसा के समय मौजूद लोगों ने एसोसिएटेड प्रेस को हिंसा के समय की भयानक और दिल को दहलाने वाले घटनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यहां पर महिलाओं को सड़कों पर बिना कपड़ों के घुमाया गया, फिर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। यहां पर सबसे बुरी तरह प्रभावित कस्बों में से एक बनियास है। यहां पर शव सड़कों और इमारतों की छतों पर पड़े देखे गए। बंदूकधारियों ने वहां के लोगों को लंबे समय तक शव को दफनाने से रोक रखा था। अलावी गांवों के निवासियों ने बताया कि उनके समुदाय के कई लोगों के घरों को लूट लिया गया और फिर आग लगा दिया गया। लोगों ने जब अपने घरों और कारों को जलते हुए देखा तो वो वहां से जान बचाकर भागने को मजबूर हो गए। कुछ बच पाए तो वहीं कुछ को सुरक्षाबलों ने मार गिराया।

## इजरायल ने सीरिया में छापेमारी कर जब्त किए हथियार

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह सीरिया में छापेमारी की और सीरियाई सेना से संबंधित मिसा. इलों और हथियारों को जब्त किया। सेना ने एक बयान में शनिवार को कहा कि इजरायली सैनिक अभियान जारी रखे हुए हैं और उन्हें सीरिया में रणनीतिक बिदुओं पर तैनात किया गया है। सेना ने कहा कि सैनिकों ने राइफलों, गोला-बारूद, मिसाइलों और अतिरिक्त सैन्य उपकरणों सहित कई हथियारों का पता लगाया, उन्हें जब्त किया और नष्ट किया। सेना के अनुसार, पैराट्रूपर्स और बख्तरबंद बलों सहित सैन्य इकाइयों द्वारा चलाए गए इन अभियानों का उद्देश्य किसी भी खतरे को समाप्त करना और इजरायल की रक्षा को मजबूत करना है। इजरायल ने 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में गोलान हाइट्स के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था और बाद में 1981 में इस क्षेत्र को अपने में मिला लिया था, जिसे अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने मान्यता नहीं दी थी। चूंकि सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने अपने समूह, हयात तहरीर अल-शाम और अन्य मिलिशिया का नेतृत्व करते हुए आठ दिसम्बर, 2024 को बशर अल-असद को हटाने के लिए अभियान चलाया था, इसलिए इजरायल ने 1974 में रणनी. तिक गोलान हाइट्स में स्थापित संयुक्त राष्ट्र की निगरानी वाले बफर जोन में सैनिकों को तैनात किया है। इसके बाद, इजरायली सेना ने सीरिया में अतिरिक्त रणनीतिक बिदुओं पर कब्ज़ा कर लिया, जिसमें सीरियाई नियंत्रित गोलान हाइट्स के कुछ हिस्से और माउंट हरमोन की चोटी भी शामिल है।

# गाजा में मनेगी शांति की उम्मीदों के बीच ईद!



**गाजा।** गाजा में चली 15 महीने की जंग के बाद हुए संघर्ष विराम के टूटने की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके बाद एक बार से भयानक जंग शुरू होने के डर सताने लगा है, लेकिन हाल में आए दोनों पक्षों के बयानों से संकेत मिले हैं कि अब यह संघर्ष विराम स्थाई युद्ध विराम की ओर जा सकता है। हमास ने कहा कि गाजा में संघर्ष विराम समझौते के दूसरे चरण की बातचीत को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं। हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ अल-क़ानू ने

### युद्धविराम के दूसरे चरण की बातचीत में सकारात्मक संकेत : हमास

एक प्रेस बयान में कहा कि युद्धविराम समझौते के कार्यान्वयन को अंतिम रूप देने और इसके दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने के लिए मिस्र और कतर मध्यस्थों के प्रयास जारी हैं, इस दिशा में सकारात्मक संकेत हैं।

उन्होंने फलस्तीनी लोगों की मांगों को पूरा करने वाले तरीके से इन वार्ताओं में शामिल होने के लिए हमास की तत्परता पर जोर दिया। प्रवक्ता ने गाजा पट्टी में मानवीय राहत प्रदान करने और इजरायली नाकाबंदी को हटाने के लिए गहन प्रयास करने का भी आह्वान किया। इस बीच, हमास के राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख के सलाहकार ताहेर अल-नुनु ने घोषणा की कि आंदोलन के नेतृत्व परिषद के प्रमुख मोहम्मद दरविश के नेतृत्व में हमास का एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा है। अल-नुनु के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल हालिया अरब शिखर सम्मेलन के परिणामों और उन्हें लागू करने के तरीकों के संबंध में मिस्र के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा। उन्होंने कहा कि चर्चा युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता पर भी केंद्रित होगी। मिस्र की राज्य सूचना सेवा ने एक बयान में कहा, गाजा युद्धविराम समझौते की शर्तों को लागू करने और इसके दूसरे चरण पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर बातचीत के लिए हमास का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को काहिरा पहुंचा। उल्लेखनीय है कि मिस्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता में इज़रायल और हमास के बीच तीन चरण का गाजा युद्धविराम समझौता 19 जनवरी को प्रभावी हुआ। शुरुआती 42-दिवसीय चरण एक मार्च को समाप्त होने के बाद सौदे के दूसरे चरण की बातचीत रुकी हुई है। मिस्र गाजा युद्धविराम हासिल करने और पट्टी के पुनर्निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए राजनयिक प्रयास तेज कर रहा है।


साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108


# जॉब अलर्ट | NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

### आवश्यकता है

पद : घरेलू रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**नौकरी का प्रकार** : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज़ तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**

- मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- यह सुनिश्चित करना कि सभी खाद्य पदार्थ स्वच्छता मानकों के अनुसार तैयार किए जाएं।
- रसोई को साफ, व्यवस्थित और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना और सामग्री का आयोजन करना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना और सुनिश्चित करना कि भोजन समय पर परोसा जाए।

**योग्यताएँ:**

- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
- अच्छी संचार कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण।

**कार्य समय:**

- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**क्यों जुड़ें ?**

यह एक अद्भुत अवसर है उन लोगों के लिए जो खाना बनाने का आनंद लेते हैं और एक घरेलू वातावरण में काम करना चाहते हैं। आपको अपने पाक कौशल को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, जबकि एक साफ और स्वागत योग्य रसोईघर को सुनिश्चित करेंगे।

**कैसे आवेदन करें:**

इच्छुक उम्मीदवार हमसे नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।
**शाह आलम:-** 8077243100, हम आपसे सुनने के लिए उत्सुक हैं!

### आवश्यकता है

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
कंपनी : शाहटाइम्स पब्लिकेशन लिमिटेड
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** एक मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करने, ग्राहकों के साथ संबंध बनाने, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार होंगे। इस भूमिका के लिए उत्कृष्ट संचार कौशल, रचनात्मकता, और मार्केटिंग के प्रति एक जुनून की आवश्यकता है।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**

- **बाजार अनुसंधान:** संभावित ग्राहकों और बाजार के रुझानों की पहचान करें ताकि मार्केटिंग रणनीतियों को सूचित किया जा सके।
- **ग्राहक संबंध:** ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखें, उनकी आवश्यकताओं को समझें और उन्हें अनुकूलित समाधान प्रदान करें।
- **बिक्री समर्थन:** बिक्री को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग अभियानों को विकसित और निष्पादित करने में सहायता करें।
- **नेटवर्किंग:** कंपनी को बढ़ावा देने और संबंध बनाने के लिए उद्योग आयोजनों और नेटवर्किंग कार्यक्रमों में भाग लें।
- **रिपोर्टिंग:** बिक्री प्रदर्शन को ट्रैक और विश्लेषण करें, सुधार के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करें।

**योग्यताएँ:**

- मार्केटिंग, व्यवसाय या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
- मजबूत संचार और अंतःव्यक्तिगत कौशल।
- स्वतंत्र रूप से और टीम का हिस्सा बनकर कार्य करने की क्षमता।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस और CRM सॉफ्टवेयर में प्रवीणता एक लाभ है।

**क्यों जुड़ें ?**

शाहटाइम्स में, हम रचनात्मकता और पहल को महत्व देते हैं। आपको रोमांचक परियोजनाओं में योगदान करने और एक सहायक वातावरण में अपने करियर को बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

**कैसे आवेदन करें:**

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने रिज्यूमे और एक कवर पत्र, जिसमें उनके संबंधित अनुभव का विवरण हो, shahtimes0105@gmail.com पर भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
शाहटाइम्स में हमारे साथ जुड़ें, और एक ऐसी टीम का हिस्सा बनें जो नवाचार और सफलता को बढ़ावा देती है।
हम आपसे सुनने के लिए उत्सुक हैं। **आवेदन की अंतिम तिथि: 30.04.2025**

### आवश्यकता है

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया कंपनी
पद : क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
कंपनी : शाहटाइम्स पब्लिकेशन लिमिटेड
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और हमारे क्षेत्रीय संचालन का पर्यवेक्षण करेंगे। इस पद के लिए एक सक्रिय नेता की आवश्यकता है जो प्रदर्शन को बढ़ावा दे सके, टीम सहयोग को संवर्धित कर सके, और सुनिश्चित कर सके कि हमारी प्रिंट मीडिया परियोजनाएँ कुशलतापूर्वक निष्पादित हों।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**

- **संचालन समर्थन:** क्षेत्रीय प्रबंधक की दैनिक गतिविधियों में सहायता करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी प्रक्रियाएँ कंपनी के मानकों और उद्देश्यों के अनुरूप हों।
- **टीम नेतृत्व:** कर्मचारियों की एक टीम का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करें, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा दें और पेशेवर विकास को प्रोत्साहित करें।
- **प्रदर्शन प्रबंधन:** टीम के प्रदर्शन की निगरानी करें, लक्ष्य निर्धारित करें, और परिचालन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों को लागू करें।
- **ग्राहक संबंध:** ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखें, उनकी आवश्यकताओं का समाधान करें और हमारी सेवाओं से संतोष सुनिश्चित करें।
- **बजट प्रबंधन:** बजट तैयार करने और प्रबंधित करने में सहायता करें, लागत-कुशल संचालन और वित्तीय दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।
- **रिपोर्टिंग:** क्षेत्रीय प्रदर्शन पर रिपोर्ट उत्पन्न करें और विश्लेषण करें, वरिष्ठ प्रबंधन को अंतर्दृष्टि और सिफारिशें प्रदान करें।
- **बिक्री समर्थन:** बिक्री टीम के साथ सहयोग करें ताकि विकास के अवसरों की पहचान की जा सके और विपणन पहलों का समर्थन किया जा सके।

**योग्यताएँ:**

- व्यवसाय प्रबंधन, विपणन, या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रिंट मीडिया या संबंधित उद्योग में प्रबंधन भूमिकाओं में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव एक लाभ होगा।
- मजबूत नेतृत्व, संचार, और अंतःव्यक्तिगत कौशल।
- कई परियोजनाओं का प्रबंधन करने और समय सीमा का पालन करने की सिद्ध क्षमता।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सुइट और प्रासंगिक प्रबंधन सॉफ्टवेयर में दक्षता।

**क्यों जुड़ें?**

शाह टाइम्स में, हम एक सहयोगी कार्य वातावरण प्रदान करते हैं जहाँ रचनात्मकता और नवाचार फलते-फूलते हैं। आपको एक बढ़ते हुए कंपनी में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने और प्रिंट मीडिया उद्योग में अपने करियर को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

**कैसे आवेदन करें:**

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने रिज़्यूमे और एक कवर पत्र, जिसमें उनके संबंधित अनुभव का विवरण हो, shahtimes0105@gmail.com पर भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हम आपसे सुनने के लिए उत्सुक हैं।
**आवेदन की अंतिम तिथि: 30.04.2025**